CMYK

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 23° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, मंगलवार 8 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 247 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में ब्लॉक स्तर पर स्थापित होंगी एस्ट्रो लैब्स पेज 2



वर्ल्ड चैंपियनशिप-प्वाइंटस टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत खेल टाइम्स




महाराष्ट्र में भाषा विवाद चिंता का विषय सम्पादकीय



हसीना और उनके परिवार पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार पेज 2

## डीवाई चंद्रचूड़ ने बंगला विवाद पर विराम लगाया, सामान पैक किया

**नई दिल्ली।** सरकारी आवास में तय समय से अधिक समय तक रहने को लेकर उठे विवाद के बाद मचे बवाल पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को विराम लगा दिया। पूर्व सीजेआई ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि उनका सामान पैक कर दिया गया है। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जल्द ही दूसरे सरकारी आवास में चले जाएंगे, जिसका खर्च वह खुद वहन करेंगे। डीवाई चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना, बेटियां प्रियंका और माही (दोनों ही दिव्यांग हैं) नई दिल्ली के 5, कृष्ण मेनन मार्ग स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास में रह रहे थे।

## चक्का जाम में शामिल हो सकते हैं राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले को लेकर विपक्षी दलों ने नौ जुलाई को चक्का जाम का आह्वान किया है, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी शामिल हो सकते हैं।। विपक्षी दलों का महागठबंधन बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का लगातार विरोध कर रहा है। उनका कहना है कि इससे बड़ी संख्या में मतदाता मतदान से वंचित हो सकते हैं। महागठबंधन का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी जानबूझ कर चुनाव आयोग के साथ मिलकर ए कदम उठा रही है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी महागठबंधन द्वारा आयोजित चक्का जाम के मौके पर पटना जा सकते हैं। उनका कहना है कि इससे महागठबंधन की मुहिम को मजबूती मिलेगी।

## राहुल वीडियो मामले में दिल्ली में भी प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सैनेटरी पैड वीडियो से जुड़े विवाद को लेकर यहां एक शिकायत दर्ज की गई है, जिसे मिलाकर देशभर में इस मुद्दे में अब तक तीन शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। युवा कांग्रेस के अनुसार यह शिकायत संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब, बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, लीगल सेल के चेयरमैन रूपेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में यहां मंदिर मार्ग पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हुआ बड़ा ध्रुवीकरण

# पहलगाम हमला: ब्रिक्स की एकजुट निंदा

रियो डी जनेरियो, वार्ता

- 31 पेज और 126 प्वाइंट वाला संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया, ईरान पर इजरायली हमले की भी निंदा की
- पहलगाम आतंकी हमला पूरी इंसानियत पर चोट है: पीएम मोदी

**ब्राजील के रियो** डी जनेरियो में हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने रविवार देर रात को 31 पेज और 126 पाइंट वाला एक संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजरायली हमले की निंदा की गई।

इससे पहले एक जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की सदस्यता वाले क्वाड (क्वाड) ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स देशों की अलग-अलग सोच और बहुध्रुवीय दुनिया में भरोसा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि बैंक को सिर्फ उन्हीं प्रोजेक्ट्स में पैसा लगाना चाहिए, जो जरूरी हों, लंबे समय तक फायदे वाले हों और जिससे बैंक की साख बनी रहे। श्री मोदी ने एक ऐसा ब्रिक्स रिसर्च सेंटर बनाने का प्रस्ताव रखा, जहां सब देश मिलकर विज्ञान और टेक्नोलॉजी पर काम कर सकें।



### मोदी ने क्यूबा, मलेशिया, वियतनाम व अन्य देशों नेताओं के साथ बैठकें कीं

**रियो डि जनेरियो/ नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान क्यूबा, मलेशिया और वियतनाम के नेताओं के साथ अलग-अलग 'अच्छी बैठकें' कीं उनसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत के सहयोग पर चर्चा की। श्री मोदी ने इन बैठकों की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। प्रधानमंत्री ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल बरमूडेज़ से मुलाकात के बाद कहा कि मुलाकात अच्छी रही। उन्होंने कहा कि इस बातचीत में हमने कई विषयों पर चर्चा की। आने वाले समय में हमारे देशों के बीच आर्थिक संबंधों में बहुत वृद्धि की संभावना है। प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे क्षेत्र भी उतने ही आशाजनक हैं। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2023 में जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति डियाज-कैनेल से मुलाकात की थी, जहां क्यूबा विशेष आमंत्रित था।

# उप्र में प्राथमिक स्कूलों के विलय का रास्ता साफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाएं खारिज की

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने प्राथमिक स्कूलों के विलय के आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर यह फैसला सुनाया।

इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खासतौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उलंघन करने वाला है। उधर, राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं के विरोध में प्रमुख दलील दी गई कि विलय की कार्रवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है। सरकार ने ऐसे 18 प्राथमिक स्कूलों का हवाला दिया था, जिनमें एक भी विद्यार्थी नहीं है। कहा कि ऐसे स्कूलों का पास के स्कूलों में विलय करके शिक्षकों और अन्य सुविधाओं का बेहतर उपयोग किया जाएगा। सरकार ने पूरी तरह शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिहाज से ऐसे स्कूलों के विलय का निर्णय लिया। कोर्ट ने बीते शुक्रवार को सुनवाई के बाद में फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसे सोमवार की दोपहर में सुनाया।

# खुलासा: तहव्वुर 26/11 को मुंबई में ही था, हेडली के साथ ट्रेनिंग सेशन भी किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

- एनआईए की पूछताछ में कबूला- वह पाक आर्मी का एजेंट है

**नई दिल्ली।** 26/11 आतंकी हमले के वक्त आतंकी तहव्वुर राणा मुंबई में था। यह बात उसने एनआईए की पूछताछ में कबूल की है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, राणा ने माना है कि वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट है।

उसने बताया कि उसने डेविड कोलमैन हेडली के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई ट्रेनिंग सेशन किए थे। राणा ने यह भी कहा कि लश्कर असल में एक जासूसी नेटवर्क की तरह काम करता है। पूछताछ में शामिल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब राणा को गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने की तैयारी में है। अभी राणा एनआईए की न्यायिक हिरासत में है, जिसे दिल्ली की अदालत ने 9 जुलाई तक बढ़ा दिया है। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था।

## तुर्की की कंपनी को दिल्ली हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** तुर्की की ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सर्विस कंपनी सेलेबी एविएशन की याचिका को 7 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। याचिका में कंपनी ने अपनी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के हवाले से सेलेबी की मंजूरी रद्द की थी। सेलेबी एविएशन तुर्की की कंपनी है, जो हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सर्विसेज देती है। यानी ये कंपनी हवाई जहाजों की लैंडिंग, पैसेंजर्स की हैंडलिंग, सामान की लोडिंग-अनलोडिंग, और कार्गो मैनेजमेंट जैसे काम करती है। कंपनी के दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, गोवा, कोचीन, और कन्नूर जैसे 9 बड़े हवाई अड्डों पर ऑपरेशन्स थे।

# चारधाम यात्रा में दुश्वारियां बरकरार

- यमुनोत्री हाईवे पर पुल बहा, लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में भारी बारिश जारी है। उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके में पुल बह जाने से आसपास के इलाकों का सड़क संपर्क टूट गया है। वहीं, श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है।

मध्य प्रदेश के शहडोल में बीते 24 घंटे में 4 इंच बारिश हुई। आधी रात 3 हजार से ज्यादा घरों में पानी भर गया। यहां अस्पताल में पानी भर जाने पर मरीजों को शिफ्ट करना पड़ा। रेलवे ट्रैक डूब जाने से 4 घंटे तक ट्रेन रूट बंद रहा। राजस्थान में भी तेज बारिश का दौर जारी है। झुंझुनूं में बाघोली नदी के तेज बहाव के चलते नेशनल हाईवे-52 को जोड़ने वाली सड़क धंस कर पानी में बह गई। सीकर में बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। नाले उफान पर हैं।

# एस्ट्रोनॉट शुभांशु ने ISS की स्पेशल विंडो से देखी पृथ्वी

टेक्सास, वार्ता

- सात खिड़कियों वाले कपोला से धरती की तस्वीरें खीचीं, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में नौ दिन पूरे

**भारतीय अंतरिक्ष** यात्री शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से नई तस्वीरें शनिवार को सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इसमें शुभांशु आईएसएस के कपोला मॉड्यूल के विंडो से पृथ्वी देखते नजर आ रहे हैं। ये फोटोज इसरो, केंद्र सरकार और अमेरिकी स्पेस कंपनी एक्सियम ने शेयर की हैं। कुछ तस्वीरों में शुभांशु पृथ्वी की फोटोग्राफी करते हुए भी दिखे। कपोला मॉडयूल एक गुंबदनुमा ऑब्जर्वेशन विंडो है, जिसमें 7 खिड़कियां होती हैं।



इसे अंतरिक्ष यात्रियों को बाहरी अंतरिक्ष, पृथ्वी और स्टेशन के बाहर के कामकाज को देखने और कंट्रोल करने के लिए बनाया गया है। कपोला विंडो को आईएसएस पर पृथ्वी की सबसे सुंदर तस्वीरें लेने की जगह मानी जाती है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु समेत 4 एस्ट्रोनॉट 25 जून को आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। करीब 28 घंटे के सफर के बाद 26 जून को शाम 4:01 बजे आईएसएस पहुंचे। शुभांशु को आईएसएस पर गए सोमवार को 9 दिन पूरे हो चुके हैं। वे आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। केंद्र सरकार ने एक्स पर लिखा कि शुभांशु ने अंतरिक्ष में सितारों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व किया है। शुभांशु ने पीएम से कहा था कि अंतरिक्ष से कोई सीमा नहीं दिखती पीएम मोदी ने 28 जून को शुभांशु से से वीडियो कॉल पर बातचीत की।



## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर में छुट्टियों के बाद आज से खुलेंगे स्कूल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की स्कूली शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने सोमवार को कहा कि गर्मी की छुटियों के बाद मंगलवार से यहां के स्कूल खुलेंगे। स्कूल खुलने की इस आधिकारिक घोषणा के बाद ग्रीष्मावकाश बढ़ाए जाने की अटकलों पर विराम लग गया है। कश्मीर के स्कूलों में 15 दिनों की छुट्टी 23 जून को शुरू हुई थी। सुश्री इटू ने कहा कि हम कश्मीर संभाग और जम्मू संभाग के शीतकालीन क्षेत्रों में कल से स्कूल खोल रहे हैं। श्रीनगर और अन्य नगरपालिका क्षेत्रों में स्कूल सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक खुलेंगे, जबकि ग्रामीण और नगरपालिका सीमा से बाहर के क्षेत्रों में स्कूल का समय सुबह 8:00 बजे से अपराह्न 12 बजे तक होगा। एक घंटे के ब्रेक के बाद सभी छात्रों के लिए दो ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। शिक्षकों को दोपहर दो बजे तक शैक्षणिक सहायता के लिए उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है।

### हाई टेंशनलाइन के संपर्क में आया ताजिया, दो मरे

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के खुटहन क्षेत्र में ताजिया दफन कर वापस लौटते समय उसका अवशेष ढांचा 11 हजार वोल्ट के लटके मेन लाइन तार को छू गया। जिसकी चपेट में आकर दो ताजियादारों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य मामूली रूप से झुलस गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में सधनपुर गांव में पूर्व की भांति इस वर्ष भी दोपहर में ताजिया का धूम धाम से जुलूस निकाल कर, उसे पटैला गांव स्थित कर्बला में ले जाकर दफन कर दिया गया था। वहां से सभी ताजिया दार वापस गांव लौट रहे थे। बस्ती के लगभग दो सौ मीटर पास पानी की टंकी के पास रास्ते के ऊपर से गए मेन लाइन के एक फेस के लटके तार में ताजिया का अवशेष ढांचा छू गया।

# बिहार में चुनाव पूर्व हिंसक घटनाओं को संज्ञान में ले चुनाव आयोग: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**

बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने चुनाव आयोग से अपील की है कि बिहार विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आयोग को हाल ही में घटित हिंसक घटनाओं को ध्यान में लेकर उचित कदम उठाना चाहिए।

सुश्री मायावती ने सोमवार को कहा कि बिहार में चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के दौरान हिंसक घटनाक्रम किसके और किसकी स्वार्थ की पूर्ति के लिए किया जा रहा है, इसको लेकर राज्य की गठबंधन सरकार कठघरे में है और आगे चलकर राज्य के राजनीतिक समीकरण व चुनाव पर इसका असर देखने वाला होगा। उन्होने एक्स पर लिखा- वैसे तो बिहार में खासकर दलितों, अति-पिछड़ों, शोषितों, ग़रीबों और उनकी महिलाओं आदि के विरुद्ध जुल्म-ज्यादती,



हत्या एवं जातिवादी शोषण तथा इन वर्गों के लोगों को उनके हक़ से वंचित रखने के मामले हमेशा काफी चर्चा का विषय रहे हैं, लेकिन राज्य में विधानसभा आमचुनाव से पहले हिसंक वारदातों व हत्याओं के जारी रहने के क्रम में शासित दल भाजपा के ही एक प्रमुख उद्योगपति व नेता गोपाल खेमका की राजधानी पटना में हाल में हुई सनसनीखेज़ हत्या ने राज्य में कानून व्यवस्था की बदहाल स्थिति के साथ-साथ प्रदेश की राजनीति को भी नए तरीके से गर्मा दिया है, जिस खून-खराबे के सम्बंध में चुनाव आयोग अगर अभी से ही संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे तो यह शान्तिपूर्ण चुनाव संचालन हेतु बेहतर होगा।

# मेडिकल घोटाले की जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दें नड्डा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि देश में फर्जी तरीके से मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो-सीबीआई की प्राथमिकियों से साफ हो गया है कि चिकित्सा कॉलेजों को मान्यता देने में जबरदस्त घोटाला हुआ है और यह फर्जीवाड़ा स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की सहमति के बिना संभव ही नहीं है, इसलिए नड्डा को जिम्मेदारी लेते अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

कांग्रेस नेत्री डा. ओनिका मेहरोत्रा ने सोमवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कई मेडिकल कॉलेज को मान्यता प्रदान की गई है। सीबीआई ने 25 जून को

**■ एनएमसी व फार्मेसी में हुए घोटाले व्यापम से भी बड़े हैं: कांग्रेस**

प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें कई कॉलेजों के फर्जी होने के प्रमाण मिले हैं। उनका कहना था कि सीबीआई ने दो बड़े घोटाले उजागर किए हैं, जिनमें एक एनएमसी में और दूसरा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया में हुआ है और ये दोनों घोटाले कुख्यात व्यापम घोटाले से भी बड़े हैं। इस बार यह सिर्फ मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह घोटाला राजस्थान, हरियाणा, इंदौर, वारंगल और विशाखापत्तनम तक फैला हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।

## एफएंडओ में छोटे निवेशकों की लूट पर अब तक चुप क्यों रही सेबी: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने फ्यूचर्स और ऑप्शंस-एफएंडओ में चल रहे खेल को लेकर पहले ही संकेत दे दिए थे, लेकिन इस मामले में कोई ध्यान नहीं दिया गया और इसी का परिणाम रहा कि इस बाजार में छोटे निवेशकों को पनपने नहीं दिया और उनकी कमाई पर बड़े निवेशक मौज करते रहे। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा घोटाला है जो लम्बे समय से चल रहा है और इस खेल में बड़ी हेराफेरी की बात करने वाली प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड-सेबी ने पहले इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। कमाल यह है कि पांच वर्ष में एफ एंड ओ का कारोबार 45 गुना बढ़ा है छोटे निवेशकों को लाखों करोड़ रुपए गंवाने पड़े हैं। गांधी ने कहा कि मैंने 2024 में साफ कहा था फ्यूचर्स और ऑप्शंस-एफ एंड ओ बाज़ार 'बड़े खिलाड़ियों' का खेल बन चुका है, और छोटे निवेशकों की जेब लगातार कट रही है। अब सेबी खुद मान रहा है कि जेन स्ट्रीट ने हज़ारों करोड़ की हेराफेरी की है। उन्होंने सवाल किया कि जब सेबी को सब कुछ पता था, तो वह इतने समय तक चुप क्यों रही। उन्होंने यह भी पूछा कि जब यह सब कुछ हो रहा था तो मोदी सरकार किसके इशारे पर आंखें मूंदे बैठी थी। कितने बड़े शार्क अब भी रिटेल इन्वेस्टर्स को शॉर्ट कर रहे हैं।


### अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की पौध तैयार करने के लिए सरकार की बड़ी पहल

# यूपी में ब्लॉक स्तर पर स्थापित होंगीं एस्ट्रो लैब्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की पौध तैयार करने के लिए ब्लॉक स्तर पर सरकारी स्कूलों में एस्ट्रो लैब्स तैयार की जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के कई जिलों के ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में पीपीपी मॉडल पर एस्ट्रो लैब बनकर तैयार भी हो गई हैं, जहां बच्चे केवल किताबों से ही नहीं, बल्कि टेलीस्कोप, पीआर और माइक्रोस्कोप के जरिए अंतरिक्ष के रहस्यों से रूबरू हो रहे हैं।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीक-समर्थ शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उनके इसी विजन को एस्ट्रो लैब्स साकार कर रही है, जहां ग्रामीण



**■ बलिया जिले के सभी 17 ब्लॉकों में विज्ञान एवं खगोल शास्त्र प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी, बच्चे अंतरिक्ष के रहस्यों से हो रहे रूबरू**

क्षेत्रों के छात्र अंतरिक्ष, प्रकाश, गुरुत्वाकर्षण जैसे जटिल सिद्धांतों को लैब्स के जरिए समझ पा रहे हैं। योगी सरकार ने इस एस्ट्रो लैब्स को अमृत काल लर्निंग सेंटर्स का नाम दिया है। इसे पीपीपी मॉडल पर तैयार किया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के कई ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में एस्ट्रो लैब्स बनकर तैयार हो गई हैं। यहां पर बच्चों को डॉबसोनियन टेलीस्कोप, पीआर हेडसेट, माइक्रोस्कोप और मानव शरीर रचना मॉडल जैसे अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए उनके ज्ञान को बढ़ाया जा रहा है। इतना ही नहीं शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम, वीडियो गाइड और मेंटरशिप की व्यवस्था की गई है, ताकि वे बच्चों को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ सकें। बलिया के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बलिया के सभी 17 ब्लॉकों में विज्ञान एवं खगोलशास्त्र प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह लैब्स बच्चों को अनुभव आधारित और जिज्ञासा-आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित कर रही हैं। बलिया के मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया कि एस्ट्रो लैब्स को स्थापित करने में 2.5 से 3 लाख रुपए का खर्च का रहा है। इसमें उपकरण और शिक्षकों का प्रशिक्षण भी शामिल है।

## इसरो अध्यक्ष ने की योगी से मुलाकता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी नारायणन ने सोमवार को मुलाकात की।

इस शिष्टाचार भेंट में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान राज्य के लिए रिमोट सेंसिग तकनीकों के माध्यम से विकास की नई संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान इसरो अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को रिमोट सेंसिग क्षेत्र में अब तक हुई प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौसम पूर्वानुमान, वन और हरित क्षेत्र की निगरानी, भूजल प्रोफाइल, मानचित्रण और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर पहले से ही व्यापक कार्य हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में आकाशीय बिजली से हो रही जनहानि पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश के लिए पृथक उपग्रह विकसित किया जाए, जो विशेष रूप से आकाशीय बिजली की पूर्व चेतावनी देने में सक्षम हो। योगी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में बिजली गिरने की घटनाओं में औसतन 300 लोगों की मृत्यु हुई है।

# रास्ते के नाम पर वृंदावन में आस्था न बिगाड़े सरकार

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि वृंदावन में कॉरिडोर के नाम पर कुंज गलियों का पौराणिक स्वरुप बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

यादव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वृंदावन की पहचान भगवान कृष्ण की रासलीला और कुंज गलियों के लिए पूरी दुनिया में है। यहां दुनिया के कोने कोने से श्रद्धालु प्राचीन मंदिर और कुंज गलियों को देखने आते हैं, मगर सरकार कॉरिडोर के नाम पर इन कुंज गलियों का स्वरुप बिगाड़ रही है, जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के नाम पर न जाने कितने प्राचीन मंदिर नष्ट हो जाएंगे और गलियों को चौड़ा करने से उनकी सुंदरता पर भी आंच आएगी। सरकार को चाहिए कि इटली के धार्मिक नगर वेनिस की तर्ज पर कॉरिडोर



**■ वृंदावन की पहचान कृष्ण की रासलीला से पूरी दुनिया में: अखिलेश**

का निर्माण करे, ताकि कुंज गलियों की सुंदरता बरकरार रहे। सरकार का तर्क है कि गलियां चौड़ी होने से श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। यदि ऐसा ही होता तो प्रयागराज महाकुंभ जो इतने बड़े क्षेत्रफल में फैला था, वहां अप्रिय घटना को रोका जा सकता था। सपा अध्यक्ष ने आरा. `प लगाया कि काशी की तरह सरकार कान्हा नगरी में भी कॉरिडोर के नाम पर पौराणिक सुंदरता को बिगाड़ना चाहती है।

# घटिया खाद-बीज बेचने पर सीधे होगी जेल

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्र सरकार घटिया उर्वरकों, कीटनाशकों और बीजों की बिक्री के खिलाफ सख्त कानून लाने की योजना बना रही है। नए कानून के तहत घटिया खाद, कीटनाशक और बीज बेचने या देने पर अधिकतम सजा का प्रावधान होगा। अभी तक इस तरह की गड़बड़ी के लिए बहुत कम जुर्माने का प्रावधान है। किसानों को नुकसान से बचाने के लिए सरकार यह कदम उठाने जा रही है।

दिल्ली में मक्का सम्मेलन के दौरान सोमवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घटिया बीज, खाद और कीटनाशक की बिक्री पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार घटिया बीज, खाद और कीटनाशकों की बिक्री के खिलाफ सख्त कानून बनाने जा रही है। घटिया बीज बेचना या देना किसानों के साथ धोखा है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि मैं घटिया बीज उपलब्ध कराए जाने की शिकायत मिलने पर किसान के खेत में गया, जहां मैंने स्थिति की जांच की और पाया कि घटिया बीज बोने के कारण किसान के खेत में अंकुरण नहीं हुआ, जिसके कारण

**केंद्र सरकार ला रही नया कानून**



बुवाई और फसलें बर्बाद हो गईं। इसकी पूरी जांच की जाएगी कि यह बीज कहां से आया और किसने बेचा। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शिवराज चौहान ने कहा कि किसानों को न्याय दिलाना सरकार का कर्तव्य है। खराब या घटिया बीजों के कारण अपनी फसल गंवाने वालों को राहत और मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को राहत देने वाली योजनाओं में से एक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि मैंने उत्पादन लागत कम करने और अधिक उपज प्राप्त करने के लिए नई तकनीक विकसित करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने बताया कि कृषि में विविधीकरण जरूरी है। मक्का की खेती का रकबा बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिकों को किसानों के बीच भेजा गया था। लैब को जमीन से जोड़ने का काम किया गया। नकली बीजों, कीटनाशकों और उर्वरकों की गड़बड़ी पर अंकुश लगाने और किसानों को गुणवत्तापूर्ण इनपुट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, बीज अधि. नियम, 1966, बीज नियम, 1968, बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955, कीटनाशक अधिनियम, 1964, कीटनाशक नियम, 1971 और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 में विभिन्न प्रावधान उपलब्ध हैं। संबंधित राज्य कृषि विभाग अपने-अपने राज्यों में बीज, उर्वरक और कीटनाशकों के गुणवत्ता नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षकों की नियुक्ति करता है। यदि बीज, उर्वरक और कीटनाशकों के किसी भी नमूने में नकली/घटिया गुणवत्ता पाई जाती है, तो अधिनियमों और नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाती है।

## पूर्व मंत्री आनंद सिंह का निधन योगी, अखिलेश ने दी श्रद्धाजंलि

**गोंडा।** केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के पिता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद आनंद सिंह का सोमवार को लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह करीब 87 वर्ष के थे।

सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत तमाम राजनेताओं और बुद्धिजीवियों ने दुख प्रकट किया है। गोंडा जिले में मनकापुर के राजकुंवर राजनी. तिक पुरोधा व यूपी टाइगर के नाम से चर्चित आनंद सिंह गोंडा लोकसभा सीट से चार बार कांग्रेस के टिकट पर सांसद रहे। वर्ष 1991 में राममंदिर लहर के दौरान बृजभूषण शरण सिंह से और वर्ष 1996 में बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह से चुनाव हारने के बाद उन्होंने लोकसभा चुनाव से स्वयं को अलग कर लिया। वर्ष 2012 का विधानसभा चुनाव लड़कर वह विधायक बने और सपा सरकार कृषि मंत्री रहे। आनंद सिंह के इकलौते पुत्र और केंद्रीय विदेश राज्य व पर्यावरणएवं जलवायु मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने यूनीवार्ता को बताया कि उनके पिता का पार्थिव शरीर मनकापुर स्थित पैतृक राजमहल लाया गया जहां दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान राजनीतिक नेताओं, अधिकारियों, समाजसेवियों और समर्थको का हुजूम अपने नेता के अंतिम दर्शन के लिए उमघ रहा। आनंद सिंह कांग्रेस और सपा से लड़ते हुए गोंडा से वर्ष 1971, 1980, 1984 और 1989 में सांसद रहे। 2012 में आखिरी बार वह सपा के टिकट पर गोंडा की गौरा विधानसभा सीट से चुनाव लड़े और जीते। सपा सरकार में वह कृषि मंत्री बने।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य के खिलाफ हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

**प्रयागराज।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ फर्जी शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर पद प्राप्त करने और धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजय कुमार सिंह की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता दिवाकर नाथ त्रिपाठी इस मामले में न तो पीड़ित हैं और न ही व्यथित हैं। इसलिए उनके पास आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का कोई अधिकार नहीं है।

यह मामला 2021 में शुरू हुआ था, जब त्रिपाठी ने सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत एक आवेदन दायर किया, जिसमें केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। त्रिपाठी का आरोप था कि मौर्य ने 2007, 2012 और 2014 के चुनावों में चुनाव आयोग के समक्ष अपनी शैक्षिक योग्यताओं के बारे में गलत हलफनामे प्रस्तुत किए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मौर्य ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से पेट्रोल पंप हासिल करने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। याचिकाकर्ता ने आरटीआई अधिनियम के

**निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में दी थी चुनौती**



तहत प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए दावा किया कि मौर्य द्वारा हिंदी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद से प्राप्त प्रथमा, मध्यमा और उत्तमा की डिग्रियां उत्तर प्रदेश सरकार, यूजीसी और एनसीटीई द्वारा क्रमशः हाई स्कूल, इंटरमीडिएट और स्नातक (बीए) के बराबर मान्यता प्राप्त नहीं हैं। ट्रायल कोर्ट ने 4 सितंबर 2021 को त्रिपाठी के आवेदन को खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की। शुरू में यह याचिका 318 दिनों की देरी के कारण खारिज कर दी गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 6 जनवरी 2025 को हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया और मामले को योग्यता के आधार पर तय करने का निर्देश दिया। इस पर फिर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की।

# गोमूत्र से होगा डायबिटीज व हार्ट समेत 19 बीमारियों का इलाज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आयुर्वेद और परंपरागत चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के मकसद से अनोखी पहल की है जिसके अंतर्गत अब दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर (पंचगव्य) से आयुर्वेदिक मंजन, मलहम और औषधीय उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

खास बात यह है कि इन उत्पादों को औपचारिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में सम्मिलित किया जाएगा। पंचगव्य के आधार पर बड़े पैमाने पर उत्पाद बनाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और गोशालाओं की उपयोगिता भी पहले से अधिक बढ़ जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार गोमूत्र में औषधीय गुण मौजूद होते हैं। सरकार के इस प्रयास के तहत डायबिटीज और हृदय रोग जैसी कुल 19 बीमारियों के इलाज में गोमूत्र आधारित उत्पाद प्रभावी भूमिका निभाएंगे, जिनमें चर्म रोग, गठिया जोड़ों का दर्द, मुंहासे, साइनस, दमा एवं सांस संबंधी रोग, पीलिया, पेट दर्द, तेज बुखार, एनीमिया, टॉन्सिल, हृदय रोग, चक्कर/सर दर्द, पालिप्स, डैंड्रफ, मधुमेह, गंजापन, अवसाद, रक्त विकार, दांत दर्द शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि आयुष विभाग के सहयोग से पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाया जा रहा है। पंचगव्य का विशेष महत्व है और अब इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तैयार कर आमजन के लिए लाभकारी औषधियों के रूप में उपयोग में लाया जाएगा। सरकार की योजना है कि पंचगव्य से बनने वाले उत्पादों को आधुनिक अनुसंधान से जोड़कर प्रमाणिक बनाया जाए। इससे इन उत्पादों को व्यापक स्तर पर चिकित्सा पद्धति में स्थान मिलेगा। इस योजना से जहां परंपरागत चिकित्सा को बल मिलेगा, वहीं गोपालकों, किसानों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। पंचगव्य उत्पादों की मांग बढ़ने से गोशालाओं की उपयोगिता भी बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

# कश्मीर में पर्यटक फिर से आने लगे

**श्रीनगर, वार्ता**

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद जहां पर्यटकों के कश्मीर आने में कमी आई थी, लेकिन अब फिर से पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। उन्होंने इसका श्रेय जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों को दिया।

शेखावत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दो दिवसीय 'पर्यटन सचिवों' सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेने के बाद श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि पहलगाम की घटना के बाद यहां पर्यटकों की संख्या में कमी आ गई थी, यहां फिर से पर्यटक आने शुरू हो गए हैं। मेरा मानना है कि जिस तरह से राज्य सरकार ने इस पर काम करना शुरू किया है और केंद्र सरकार ने भी अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल, मंत्री भेजे हैं और



**■ राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के पर्यटन सचिव सम्मेलन में बोले केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत**

अलग-अलग सम्मेलन आयोजित किए हैं। यह विश्वास निर्माण अभ्यास निश्चित रूप से फलदाई होगा और निकट भविष्य में कश्मीर का पर्यटन अपनी पुरानी रंगत में लौटेगा। यह सम्मेलन श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया जा रहा है और इसमें पर्यटन क्षेत्र में सहयोगात्मक नीति-निर्माण और रणनीतिक योजना पर उच्च-स्तरीय विचार- विमर्श के लिए देश भर के पर्यटन सचिव और प्रमुख शामिल हो रहे हैं। शेखावत ने पिछले जून में घाटी की अपनी यात्रा को याद किया जिसके दौरान उन्होंने यह संदेश फैलाने के लिए व्यापक यात्रा की थी कि कश्मीर सुरक्षित है। उन्होंने लोगों से हाल की घटनाओं को भूलकर पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आइए जो हुआ उसे भूल जाएं और आगे बढ़ें। आइए हम कश्मीर के पर्यटन को पुनर्जीवित करें और इसे आगे बढ़ाने का प्रयास करें क्योंकि यह पिछले तीन वर्षों से बढ़ रहा है। श्रीनगर में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने के उद्देश्यों पर, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य दो गुना है- पहला यह कि पहलगाम हमले के बाद कश्मीर सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विषयों से जुड़े देश भर के पर्यटन सचिवों को अपने-अपने राज्यों में जाकर संदेश देना चाहिए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैसाअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उप्र को मिलेगा अपना उपग्रह

## इसरो अध्यक्ष की मुख्यमंत्री से भेंट में रिमोट सेंसिंग और आकाशीय बिजली से सुरक्षा पर हुई अहम चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विकास और आपदा प्रबंधन को नई दिशा देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव डा. वी. नारायणन ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस मुलाकात में प्रदेश के लिए पृथक उपग्रह के विकास और रिमोट सेंसिंग तकनीकों की भूमिका पर व्यापक चर्चा हुई। इसरो अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को बताया कि मौसम पूर्वानुमान, हरित क्षेत्र की निगरानी, भूजल प्रोफाइल, मानचित्रण और जलवायु परिवर्तन पर इसरो द्वारा अब तक उल्लेखनीय कार्य किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं से हो रही जनहानि पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए प्रस्ताव रखा कि उत्तर प्रदेश के लिए पृथक उपग्रह विकसित किया जाए, जो विशेष रूप से बिजली गिरने की चेतावनी समय से पहले दे सके। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि विगत वर्षों में राज्य में औसतन तीन सौ से अधिक लोग बिजली गिरने की घटनाओं में जान गंवा चुके हैं। ऐसी स्थितियों में यदि पूर्व चेतावनी मिल सके तो जानमाल की हानि को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। मुख्यमंत्री के इस प्रस्ताव पर इसरो अध्यक्ष ने सहमति जताते हुए आश्वस्त किया कि वे इस विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे और शीघ्र समाधान की दिशा में कार्य शुरू किया जाएगा। रिमोट सेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कृषि, पर्यावरण, जल संसाधन और आपदा प्रबंधन को लेकर नई संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान और तकनीक के समुचित उपयोग से प्रदेश के विकास में गुणात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। इस भेंट ने न केवल उत्तर प्रदेश के वैज्ञानिक-सांस्थानिक संबंधों को सुखद़ किया है, बल्कि यह संकेत भी दिया है कि अब राज्य की आपदा प्रबंधन प्रणाली और अधिक वैज्ञानिक, आधुनिक और प्रभावी बनने की ओर अग्रसर है।

# मुहर्रम के जुलूस में गई युवती लापता

**गोंडा।** थाना क्षेत्र के सिरसा गांव की एक 20 वर्षीय युवती मोहर्रम के मेले में लापता हो गई है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

सिरसा गांव के डीहा मजरा निवासी साहिल पुत्र गुलाल ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि उसकी 20 वर्षीय बहन फूलबानो उर्फ गुड्डी रविवार को परिवार के साथ ताजिया लेकर कर्बला को गई थी। देर शाम 8:30 बजे भीड़ अधिक होने से वह कहीं खो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन युवती का पता नहीं चला है। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। युवती की तलाश की जा रही है।

# मणप्पुरम गोल्ड लोन शाखा में 43 लाख का घोटाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ** की मणप्पुरम गोल्ड लोन शाखा में नकली सोना जमा कर लगभग 43.34 लाख का कर्ज उठाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस धोखाधड़ी में कंपनी के पांच कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

शिकायत के अनुसार, इन कर्मचारियों ने शाखा में गिरवी रखे गए कुल 786.7 ग्राम सोने की जगह नकली धातु रख दी और उसके एवज में कर्ज की रकम निकाली गई। जब संबंधित फाइल की पुन: जांच की गई तो असली सोना गायब मिला और धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। मणप्पुरम फाइनेंस की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक ने महानगर कोतवाली में तहरीर दी, जिसके आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी कर्मचारी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं और पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है। मामले में फोरेंसिक जांच के लिए नकली सोना भेजा गया है और कंपनी ने आंतरिक आडिट की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इससे पहले देश के अन्य शहरों में भी मणप्पुरम की शाखाओं में इसी तरह के फर्जीवाड़े सामने आ चुके हैं, जिससे कंपनी की शाखा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्राहकों को चेतावनी दी गई है कि गिरवी रखे जाने वाले सोने की पैकिंग, सील और सुरक्षा जांच की पुष्टि अवश्य कर लें। पुलिस का कहना है कि इस मामले में ठोस साक्ष्य के आधार पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सेमरौता में राशन घोटाला उजागर

**तिलोई,अमेठी।** विकासखंड तिलोई के ग्राम पंचायत सेमरौता में संचालित सरकारी राशन प्रणाली में बड़ी अनियमितता सामने आई है। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के अनुसार, स्थानीय कोटेदार ने शासन द्वारा निर्धारित गेहूं के स्थान पर चावल का वितरण कर दिया, जिससे लाभार्थी परेशान हो उठे।इस गंभीर मामले की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अमेठी ने तत्परता दिखाते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को मौके पर भेजकर जांच कराई।

# सड़क के किनारे खड्ड में मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर ।** महोली कोतवाली क्षेत्र में हेमपुर ओवरब्रिज के निकट खढ में एक युवक का शव मिला है। शव की पहचान महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदासपुर निवासी हर्षित उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई है।

मृतक के पिता राजकुमार वर्मा ने बताया कि हर्षित रविवार शाम घर से बाइक लेकर दवा लेने के लिए रामकोट के निकट पिपरी गांव जाने की बात बताकर निकला था। आज सुबह सुबह उसका शव पड़े होने की सूचना मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शव हाईवे किनारे एक कीचड़ युक्त गडढे में पड़ा मिला। पास में ही बाइक खड़ी थी। बाइक की चाबी युवक की जेब में मिली है। पास ही एक पत्थर पर उसके जूते रखे थे। परिजनों ने किसी प्रकार की रंजिश होने से इन्कार किया है। बताया गया कि तीन साल पहले ही हर्षित की शादी हुई थी। उसकी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ही पचपोखरा गांव में है। खबर पाकर ससुरालीजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि घटना के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

## दबंगों ने मां-बेटे को पीटा

**गोंडा।** घूर के विवाद को लेकर दबंगों ने मां-बेटे को पीट कर किया लहू लुहान। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ दी तहरीर। थाना क्षेत्र के नारायनपुर के शुक्ल पुरवा निवासी अभिषेक शुक्ला ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार की सुबह करीब दस बजे गांव के स्वामीनाथ पांडेय, बजरंग बली पांडेय,राम सूरत पांडेय तथा तारावती उसके घर के सामने गोबर फेंक कर घूर लगा रहे थे।उसके मना करने पर उक्त सभी लोगों ने गाली देते हुए लोहे के सब्बल से मारने लगे जिससे उसका सिर फट गया ।

# आजादी के बाद पहली बार स्कूल देखेंगे वनटांगिया बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** आजादी के 75 सालों बाद भी शिक्षा से वंचित रहे वनटांगिया बच्चों के जीवन में अब नई रोशनी आने वाली है। नवाबगंज क्षेत्र के महेशपुर और रामगढ़ मजरे में रहने वाले करीब डेढ़ सौ वनटांगिया परिवारों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। अब उनके गांव में ही स्कूल का निर्माण कराया जाएगा।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने खुद गांव में पहुंचकर इस पहल की शुरुआत की है। जिलाधिकारी को यह जानकारी हरदवा गांव में आयोजित चौपाल के दौरान मिली, जहां ग्रामीणों ने बताया कि वनटांगिया बस्ती के बच्चों को पढ़ाई के लिए करीब 5 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। यह रास्ता घने जंगलों से होकर गुजरता है, जिससे बच्चों को जंगली जानवरों का भी खतरा बना रहता है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल स्कूल निर्माण की मंजूरी दे दी। गांव के प्रधान धनीराम ने बताया कि महेशपुर मजरे में स्कूल के लिए जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है और जल्द ही पैमाइश कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी को लेखपाल की ओर से रिपोर्ट भेजने के बाद शासन ने 29 लाख की पहली किश्त भी जारी कर दी है। प्रधान ने बताया कि फिलहाल गांव के पास कोई विद्यालय नहीं है। हरदवा का कंपोजिट विद्यालय लगभग 5 किमी दूर है, जो जंगल के रास्ते में पड़ता है। यही वजह रही कि अब तक वनटांगिया बच्चे शिक्षा से वंचित थे। लेकिन अब गांव में स्कूल बनने से करीब 250 बच्चों को सीधे लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम वनटांगिया समाज के बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा। शिक्षा की यह अलख गांव में नई चेतना और उम्मीद जगाएगी।

यह पहल न केवल शिक्षा का अधिकार दिलाएगी, बल्कि समाज की मुख्यधारा से वनटांगिया समुदाय को जोड़ने में भी मील का पत्थर साबित होगी।

# दिन भर पसीना पसीना होते रहे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सोमवार को जिले तापमान में भी उछाल देखने को मिला। जिसकी वजह से गर्मी का असर बरकरार रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने आने वाले एक या दो दिन में जल्द ही बारिश होने के संकेत दिए हैं। जिससे राहत की उम्मीद की जा रही है। सोमवार को सुबह से ही भीषण उमस के चलते लोग बिलबिला उठे।

गर्मी में लोगों का हाल-बेहाल हो गया। गर्मी के चलते लोग पसीना-पसीना रहे। गर्मी में कूलर-पंखा भी राहत नहीं दे सके। दिन बढ़ने के साथ उमस का असर तेज होता गया। बादलों की आवाजाही के बीच गर्मी से लोग परेशान रहे। घने बादलों के चलते लोगों को बारिश की उम्मीद लगी, लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया। दिनभर उमड़-घुमड़ के बाद ही बादल सिमट कर रह गए। जबकि मौसम विभाग की ओर से भी बारिश का अनुमान लगाया गया था, लेकिन बिन बरसे ही बादल लौट गए। न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पर रिकार्ड किया गया। रविवार के मुकाबले उछाल दर्ज की गई। भीषण गर्मी से - पशु-पक्षी भी बेहाल नजर आये। लोग - टयूबवैल-स्वीमिंग पूल का सहारा लेकर गर्मी में बचने का प्रयास करते रहे। शहर से देहात तक टयूबवैल और स्वीमिंग पूल का सहारा ले रहे हैं। दिनभर लोग नहाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं स्वीमिंग पूल पर भी भीड़ देखने को मिल रही है।

# वामा सारथी ने पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**अंबेडकरनगर।** ट्विंकल झा अध्यक्षा वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों को पुरस्कार प्रादन कर उनका उत्साहवर्धन किया गया ट्विंकल झा पत्नी पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर अध्यक्षा वामासारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर में उत्तर प्रदेश पुलिस मे सेवारत अधिकारियों व कर्मचारियों के उन मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में 90: से अधिक अंक प्राप्त किए। उत्तर प्रदेश वामासारथी पुलिस फैमली वेलफेयर जो पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए समर्पित संगठन है ने इस पहल के माध्यम से मेधावी छात्र-छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने का सराहनीय प्रयास किया। इस समारोह में ट्विंकल झा अध्यक्षा वामासारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर अम्बेडकरनगर द्वारा उन बच्चों को नकद पुरस्कार (कैश प्राइज) प्रदान किए गए, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, उनके परिजनों को पुष्पगुच्छ और उपहार देकर सम्मानित किया गया, ताकि उनके परिवारों का भी उत्साहवर्धन हो और वे अपने बच्चों की सफलता पर गर्व महसूस करें।ट्विंकल झा ने अपने संबोधन में कहा,ष्पुलिस कर्मियों के बच्चे न केवल अपने माता-पिता की कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की मिसाल हैं,बल्कि अपनी मेहनत और प्रतिभा से समाज के लिए प्रेरणा स्रोत भी बन रहे हैं। इन मेधावी बच्चों की उपलब्धियां हमें गौरवान्वित करती हैं।

# होटल प्रबंधन में डिप्लोमा अब दूरस्थ शिक्षा से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित राजधानी लखनऊ स्थित मान्यवर कांशीराम इंस्टीटयूट आफ टूरिज्म मैनेजमेंट द्धएमकेआईटीएमत्र ने युवाओं के लिए एक नई दिशा की शुरुआत करते हुए पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन होटल आपरेशन्स पाठयक्रम का संचालन शुरू किया है। यह पाठयक्रम इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के सहयोग से दूरस्थ शिक्षा प्रणाली (ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग) के तहत संचालित किया जाएगा।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस पहल की जानकारी देते हुए बताया कि यह कोर्स होटल उद्योग में संचालन और प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञ मानव संसाधन तैयार करेगा। यह उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो नियमित शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं, लेकिन होटल प्रबंधन में करियर बनाना चाहते हैं। यह पाठयक्रम हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है तथा इसमें सैद्धांतिक ज्ञान के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई है। कुल अड़तालीस क्रेडिट वाले इस कोर्स को विभिन्न माडयूलों में विभाजित किया गया है, जिससे विद्यार्थी चरणबद्ध ढंग से व्यावसायिक दक्षता प्राप्त कर सकें। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह पहल युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास है। एमकेआईटीएम ने पर्यटन, आतिथ्य और प्रबंधन क्षेत्रों में कई गुणवत्तापूर्ण पाठयक्रम पहले से चला रखे हैं और यह संस्थान देश के प्रतिष्ठित पर्यटन संस्थानों में गिना जाता है। इस नवाचार के अंतर्गत अब विद्यार्थी इग्नू द्वारा संचालित पर्यटन और हास्पिटेलिटी कोर्स एमकेआईटीएम परिसर से भी कर सकेंगे। इस संयुक्त पहल से होटल उद्योग के संचालन, सेवा, मानव संसाधन, खाद्य एवं पेय प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवा तैयार होंगे जो भविष्य में प्रदेश और देश के सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## 18 वर्षीय युवती ने की आत्महत्या

**अमेठी।** भाले सुल्तान थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा गांव में सोमवार सुबह एक 18 वर्षीय युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान अन्नू सिंह के रूप में हुई है, जिसने अपने घर के कमरे में पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी।घटना के समय युवती की मां घर में ही मौजूद थीं, जबकि पिता लक्ष्मण सिंह मनरेगा के तहत वृक्षारोपण कार्य में लगे हुए थे और भाई खेत पर काम कर रहा था। अन्नू ने कमरे को अंदर से बंद कर दुपट्टे की सहायता से पंखे के हुक से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।मां ने जब कमरे से अजीब सी आवाजें सुनीं तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन भीतर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद शंका होने पर पड़ोसियों को बुलाया गया और काफी प्रयासों के बाद दरवाजा तोड़ा गया। दुर्भाग्यवश, तब तक युवती की मौत हो चुकी थी।

# बाढ प्रभावित 250 घरों को बचाने के लिए त्वरित कार्रवाई: कांग्रेस

**अम्बेडकरनगर।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर के अंतर्गत मांझा कमहरिया सरयू नदी के कटान की वजह से लगभग 250 घर प्रभावित हैं प्रशासन द्वारा कोई भी इंतजाम नहीं किया जा रहा है उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने ग्राम वासियों के समर्थन में धरना पर बैठने के दौरान कही। उन्होंने कहा गरामवासियों के साथ हो रही ज्यादती के खिलाफ ग्रामवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामवासियों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी संघर्ष करती रहेगी।धरना रत गरामवासियों ने बताया 3-4 वर्ष पूर्व नदी और गांव की दूरी 1.5 से 2 किमी की दूरी थी परंतु अब 100 से 200 मीटर रह गयी है। प्रशासन द्वारा उचित समाधान नहीं निकाला जा रहा है जिससे लगभग 100 वर्षो से रह रहे परिवारों के घरों पर संकट मडरा रहा है।धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता अशोक सत्यार्थी,कपिल देव बारी, समेत ग्रामवासी दिनेश वर्मा,राम कुमार,मोहित बालविंद यादव,नंदलाल निषाद, राजेन्द्र, अजय, मिथलेश,चद्रेश,राजेश, धर्मेंद्र,बहादुर समेत अनेक ग्रामवासी और कांग्रेसजन धरना प्रदर्शन मे मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददा**

**अंबेडकरनगर।** पौधारोपण महाभियान अन्तर्गत 1 से 7 जुलाई के मध्य मनाए जाने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान सोमवार राजकीय इण्टर कालेज,कटरिया याकूबपुर में वन विभाग के तत्वाधान में विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, प्रभागीय वनाधिकारी डा.उमेश तिवारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डा. सदानंद गुप्ता की उपस्थिति में पौध भण्डारा एवं पौधों की बारात कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सम्मानित पत्रकार बंधु,अधीनस्थ स्टाफ सहित कालेज के अध्यापकों व छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक,प्रभागीय वनाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में विधायक अपर जिलाधिकारी एवं प्रभागीय वनाधिकारी आदि द्वारा बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता के संदेश दिए गए तथा अधिक से अधिक पौधारोपण स्वयं करने तथा लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं उसकी नियमित सुरक्षा करने हेतु प्रेरित करने को कहा गया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों एवं अन्य लोगों को विधायक,अपर जिलाधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कालेज परिसर में विधायक, अपर जिलाधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी सहित उपस्थित स्टाफ द्वारा पौधारोपण महा अभियान 2025/26 एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत पौधारोपण भी किया गया। इसी क्रम में प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आगामी कल पूरे प्रदेश में एक साथ 37 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि उक्त रोपण कार्य की सफलता हेतु प्रदेश सरकार द्वारा जनपद हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी,प्रांजल यादव, (आईएएस),सचिव,सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम का आज जनपद में आगमन प्रस्तावित है, जिसमें उनके द्वारा 9 जुलाई को आयोजित होने वाले पौधारोपण कार्यक्रम के तहत आज जनपद के रोपण स्थलों का निरीक्षण किया जाएगा एवं सायंकाल में जनपद के अधिकारियों के साथ पौधारोपण तैयारी की समीक्षा बैठक की जाएगी। इसी क्रम में पौधारोपण कार्य की सफलता के लिए जनपद अम्बेडकरनगर हेतु नामित प्रभारी मंत्री, डा. संजय निषाद कैबिनेट मंत्री,उत्तर प्रदेश सरकार का आगमन 9 जुलाई को प्रस्तावित है।मंत्री 9 जुलाई को श्रवण धाम में पधारेंगे एवं पौधारोपण करने के उपरान्त लगभग 11:30 बजे लोहिया भवन,अम्बेडकरनगर में आयोजित मुख्य पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि पौधारोपण महा अभियान 2025/26 हएक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत इस वर्ष जनपद अंबेडकर नगर में शासन स्तर से 37 लाख 10 हजार 700 पौधों के पौधारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैजिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता थे कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत: राजेश शुक्ला

**सीतापुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार राजेंद्र गुप्ता की जयंती पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु व पार्टी पदाधिकारियों द्वारा पड़ाव स्थित उनकी प्रतिमा पर पहुंच कर पुष्पांजलि और श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि राजेंद्र गुप्ता भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत रहे हैं उनकी प्रेरणा पर चलकर ही उनके प्रदेश अध्यक्षीय कार्यकाल में पार्टी ने पूरे प्रदेश में गौरवशाली स्थान प्राप्त किया था। पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी उन्होंने जिले में भी भाजपा को सींचने व कार्यकर्ता सृजन का जो कार्य किया है वह हमेशा पार्टी को ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने अंदर राजेंद्र गुप्त के आदर्शों को आत्मसात कर पार्टी सेवा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के भारत का निर्माण करना है।

# भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री वह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता की जयंती पर भाजपाइयों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया। बाद में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से उनका अनुसरण कर उनके बताए रास्ते पर चलने की बात कही।

शहर के गांधी पड़ाव स्थित भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व वित्तमंत्री राजेंद्र गुप्ता की प्रतिमा पर सोमवार को भाजपाइयों ने फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि राजेंद्र गुप्ता कुशल राजनीतिज्ञ व संसदीय मामलों के मर्मज्ञ थे। कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में पिरोकर संगठन के कार्य करने की उनकी क्षमता निराली थी। जिला कोषाध्यक्ष व खैराबाद के ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने राजेंद्र गुप्ता को विकास पुरुष बताते हुए कहा कि उन्होंने जिले को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं । उन्होंने कहा कि राजेंद्र गुप्ता के सानिध्य में उन्हें भाजपा में कार्य करने का मौका मिला। ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने कहा कि राजेंद्र गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को हमेशा सम्मान दिया और संगठन को मजबूत करने के लिए हमेशा कार्य किया। उनका संपूर्ण जीवन सेवाभाव के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राजेंद्र गुप्ता की संस्कारयुक्त राजनीति को अनमोल हीरा बताया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा ने भी स्वर्गीय राजेंद्र गुप्त को श्रद्धांजलि दी। जिले के अन्य भाजपा नेताओं ने भी राजेंद्र गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए श्रद्धालु रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कस्बा कमलापुर से श्रद्धालुओं का एक दल बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुआ है। कमलापुर कस्बे के बडे चौराहे पर स्थित राधाकृष्ण मन्दिर से अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ ।

इस दौरान कमलापुर कस्बा हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा । अमरनाथ मे बाबा बर्फानी के दर्शन के लिये जा रहे शिवभक्त डां सुशांत विश्वास ने बताया कि शिवभक्त आयूष तिवारी , श्रीकेशन गुप्ता , प्रमोद जयसवाल, सत्ययदेव शुक्ला बब्बलू सिंह चौहान , पकंज सिंह ,रंजनी विश्वास रामू शुक्ला उत्कर्ष शुक्ला .आशीम विश्वास , चंदन राय , बिल्टू बशू , शिवशंकर रहा , बैकून्ण मंण्डल सरंगम हौर , ललित गुप्ता अनूज़ सिंह विवेक सिंह प्रभाकर शुक्ला , सौरभ शुक्ला , ब्रजकिशोर शुक्ला रामशंकर बाजपेयी , सुरेन्द्र, संगम प्रत्येक वर्ष की भांति बाबा बर्फानी के दर्शन के लिये अमरनाथ यात्रा फर जा रहे है । इसके लेकर शिव भक्तों मे उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है । इस मौके पर अक्षत तिवारी , संजय चौधरी , आरूषी तिवारी , धीरज सिह शुभ तिवारी ,इ प्रथम तिवारी , अनुजू तिवारी , रिन्कू सिंह सजीव शुक्ला सन्तोष शुक्ला , निष्ठा तिवारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग की संयुक्त टीमों ने उर्वरक बिक्री केंद्रों पर की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिला कृषि अधिकारी डा राजेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आज कृषि विभाग की दो संयुक्त टीमों द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्रों पर छापेमारी की गई। जिसमें एक टीम में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार तथा जिला कृषि अधिकारी ने बहादुरपुर, तिलोई, सिंहपुर के लगभग 10 दुकानों पर छापेमारी की गई तथा एक नमूना डीएपी का संग्रहित किया गया।

जिसमें संजय कुमार मित्तल बहादुरपुर, (एक नमूना), किसान सेवा केंद्र जायस बहादुरपुर, जायसवाल खाद भंडार, किसान सेवा केंद्र बहादुरपुर, रवि ट्रेडर्स शाहमऊ, एग्री जंक्शन मोहनगंज, किसान सेवा केंद्र फूला आदि पर छापेमारी की गई, सहकारी समिति फूला निरीक्षण के समय बंद पाया गया जिसको कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। दूसरी टीम में भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार तथा अपर जिला कृषि अधिकारी अंकुर सिंह के द्वारा बहादुरपुर से फुरसतगंज तक छापेमारी की गई जिसमें मौर्या ट्रेडर्स बाबूगंज, प्रिज्म ट्रेडर्स बाबूगंज पर छापेमारी की गई जिसमें कमियां पाए जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि बिक्री रजिस्टर में कृषक का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर जरूर लिखें जिससे बिक्री के बाद उसका सत्यापन किया जा सके, कृषकों को निर्धारित दर पर बिना टैगिंग के उर्वरक का वितरण किया जाए और अपने प्रतिष्ठान पर रेट बोर्ड, स्टाक रजिस्टर, कैश मेमो अवश्य मेंटेन रखें यदि किसी दुकान पर उक्त अभिलेख नहीं पाए गए एवं पीओएस मशीन एवं भौतिक स्टाक में भिन्नता पर संबंधित के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत कार्यवाही की जाएगी। उप कृषि निदेशक के द्वारा फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि उर्वरक विक्रेता एक “लेक्सी बनवाकर दुकान पर टांगें जिससे कृषकों को पता चल सके कि उर्वरक उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि आज रात में इफको की 50 एमटी डीएपी रायबरेली से प्राप्त होने वाली है जिसको कल सुबह से ही सरकारी समितियां पर भेजा जाएगा उक्त के अतिरिक्त पूर्व से स्टाक में उपलब्ध 500 एमटी डीएपी सहकारी समितियां पर भेजी जा रही है इस प्रकार जनपद में माहवार लक्ष्य के सापेक्ष पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध है।

## पूरे तिलक गांव का मुख्य मार्ग बदहाल, ग्रामीण परेशान

**तिलोई,अमेठी।** विकासखंड तिलोई क्षेत्र के अंतर्गत कूरा ग्राम पंचायत के पूरे तिलक गांव का मुख्य चाकमार्ग बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। यह मार्ग जो जायस हाईवे से गांव को जोड़ता है, पवन वर्मा के खेत से शुरू होकर कन्हैयालाल के दरवाजे तक जाता है। बरसात में यह रास्ता कीचड़ और ग्ग्रों से भर जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीण पवन वर्मा, कन्हैयालाल, रिंकू पांडेय, अमरनाथ, पप्पू पांडे, तुलसीराम, जग्गा पासी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है।

# कार्यक्रम में जुटे अध्यापक और अभिभावक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर ।** बिसवां नगर में वर्ष 2000 में प्रथम अंग्रेजी मीडियम स्कूल की स्थापना समाजसेवी अमर मेहरोत्रा द्वारा बीएनएसडी स्कूल के नाम से की गई। जो आज 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं।

इस अवसर पर स्कूल परिवार की तरफ से रजत जयंती समारोह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए । इस अवसर पर विद्यालय की फांसिका गिल ने स्कूल के 25 वर्षों की प्रगति यात्रा उपलब्धियां शैक्षिक गुणवत्ता व अभिभावकों के सहयोग पर विस्तार पूर्वक चर्चा की ।इसके साथ ही विद्यालय के अध्यापकों ने भी 25 वर्षों की सेवा में लोगों के सहयोग की अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक श्री मेहरोत्रा ने अपने विद्यालय परिवार व अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट किया और स्कूल के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अध्यापक अध्यापिकाओं के मेहनत और लगन से आज विद्यालय अपनी प्रगति की राह पर है। यहां के शिक्षा प्राप्त बच्चे बड़े-बड़े पदों पर रहकर देश की सेवा कर रहे हैं।

# मोहर्रम का त्यौहार अमन चैन से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** रविवार को क्षेत्र के गांव द्वंदपुर में मोहर्रम के अवसर पर ताजिया निकाले गए। इस अवसर पर स्थानीय जामा मस्जिद, ईदगाह व गांव के मुख्य रास्तों से होकर ताजिया निकाले गए इस दौरान द्वंदपुर के मुख्य बाजार में बड़े मेले का आयोजन किया गया जिसमें आसफपुर क्षेत्र के आस पास के गांव सीकरी, डोरनपुर, डरेला, नूर नगर कौड़ियां, भूड़ बिसौली, मलखानपुर, पहाड़पुर, मन्नूनगर, कलरावाला, हरदासपुर आदि गांव से लोगों की भारी भीड़ जुटी। इस दौरान स्थानीय डॉक्टर तारिक, डॉक्टर इसरार अहमद, हसनैन, आकिल, ग्राम प्रधान रहीस अहमद, कल्लू मिस्त्री, फीरोज, अब्दुल सलीम, सद्दाम, राजू, बन्ने खां आदि मौजूद रहे। मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को थाना फैजगंज बेहटा प्रभारी रामेंद्र सिंह के निर्देशन में आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी, उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह, हेड कांस्टेबल प्यारे लाल, आकाश ढाका, अंशुल कुमार आदि मुस्तैद रहे।

# बिल्सी ने बदायूं को हराकर किया शील्ड पर कब्जा

## विवेक शर्मा को मिला मैन ऑफ द मैच और सीरीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर के अगोल रोड स्थित मैदान हुए आबेंडकर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार की रात बिल्सी और बदायूं की टीम के बीच खेला गया। जिसमें बिल्सी की टीम ने बदायूं को तीन विकेट से हराकर शील्ड पर अपना कब्जा कर लिया।



बाद में समाजसेवी दीपक चौहान द्वारा विजेता और उप विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया। बदायूं की टीम के कप्तान अनीस ने टॉस जीतकर पहले खेलने का का निर्णय लिया। उनकी टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 36 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें अगम कुमार ने 11, राहुल कुमार ने चार, अनीस ने 10 और रवि रावत ने आठ रन बनाए। वहीं बिल्सी की ओर से गेंदबाजी करते विवेक शर्मा ने चार और दीपक ने दो विकेट लिए। इसके बाद 37 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरी बिल्सी की टीम ने सात विकेट खोकर अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। जिसमें सुमित कुमार ने 17, दीपक कुमार ने आठ, विवेक शर्मा ने पांच और अमित चार रन बनाए।

वहीं बदायूं की ओर से गेदबाजी करते हुए रवि रावत ने तीन और अगम ने चार विकेत लिए। बिल्सी की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन पर विवेक शर्मा को मैन ऑफ द मैच और सीरीज से नवाजा गया। इस मौके पर राहुल वार्ष्णेय, योगेश सागर, मंयक जैन, इकरार अहमद, मोहित फौजी, विक्रम गौतम, रोहित शर्मा, केतन माहेश्वरी, वसीम मलिक, चंद्रशेखर आदि का विशेष सहयोग रहा।

# बिसौली में जुलूस में गूंजी या हुसैन की सदाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रविवार को इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। नगर के मुस्लिम बहुल इलाकों से अमन और एहतराम के माहौल में आलम और ताजिया जुलूस निकले। व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया।पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह स्वयं जुलूस के साथ मौजूद रहे। शाम को सभी ताजिए ईदगाह मैदान में कर्बला पहुंचे वहां गमगीन माहौल में ताजियों को दफन किया गया। जुलूस में नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, काजी शाहनवाज खान, सपा नगर अध्यक्ष वाजिद खान, आकिल अंसारी, राशिद मंसूरी, मशहूद खां हमदम, जाकिर खान, इमरान सैफी, हाजी तस्लीम खा, शहजाद खान आदि मौजूद रहे।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयन्ती पर श्रद्धांजलि की अर्पित: रितेश चौहान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बगरैन।** डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी 125 वी जयन्ती के उपलक्ष्य में बगरैन मण्डल के गौरी शंकर इण्टर कालेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य ने कहा डा० सहाब के जीवन परिचय एवं उनके द्वारा किए गये राष्ट्र के लिए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की आशीष शाक्य ने कहा डाक्टर सहाब ने जम्मू कश्मीर के लिए सर्वोच्च बलिदान किया। इस अवसर पर मण्डल के सभी नव निंवाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

पूर्व मण्डल अध्यक्ष स्वर्गीय लालू सिंह की पत्नी मीना देवी को भाजपा ने मण्डल मंत्री की जिम्मेदारी दी. भाजपा मण्डल अध्यक्ष रितेश चौहान ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारिओं को बधाई दी एवं कहा पूर्ण मनोयोग से पार्टी हित में कार्य करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सभी पार्टी के बूथ अध्यक्ष. शक्ति केन्द्र के संयोजक सभी मोर्चो के अध्यक्ष मौजूद रहे।

# सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को अज्ञात पिकअप ने रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शनिवार देर रात कस्बा बिसौली में बाइक रोककर सड़क किनारे लघुशंका कर रहे एक युवक को पिकअप ने रौंद दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया।

बिसौली तहसील के गांव बरखेड़ा निवासी 24 वर्षीय सीताराम शनिवार को अपने साथी आशीष के साथ नगर में किसी काम से गया था। देर रात दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में सीताराम को लघुशंका लगी तो वह धोबियाताल स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक रोककर सड़क किनारे लघुशंका करने लगा। इसी बीच दूसरी तरफ से तेज रफ्तार आ रही पिकअप के चालक ने दोनों को टक्कर मार दी।

इसमें सीताराम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन हालत गंभीर होने पर सीताराम को जिला अस्पताल भेज दिया गया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम को भेज पड़ताल शुरू कर दी है।

# वरिष्ठ पत्रकार हामिद अली खां के जन्मदिन पर हुआ पौधरोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ककराला।** आज कस्बा ककराला में वरिष्ठ पत्रकार हामिद अली खान राजपूत के 63वें जन्मदिन के मौके पर कस्बे के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। सबसे पहले शाह इब्राहिम बाबा के मजार पर पहुंचकर पौधारोपण किया। फिर चादर पोशी हुई। दरगाह के सज्जादा नशीन सूफी आबिद अली खां ने हिंदुस्तान में अमनो अमान के लिए दुआ की। उसके बाद पुलिस चौकी ककराला पहुंचकर पौधारोपण किया गया। हामिद अली खान राजपूत ने अपने जन्मदिन के मौके पर लोगों से अपील की एक पौधा जरूर लगाए और वातावरण हरा भरा बनाएं। और अपने 63 वें जन्मदिन के अवसर पर 63 पौधे लगाने का संकल्प लिया। अलापुर थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने मामू के इस काम को बहुत सराहा और कहा यह बहुत अच्छी पहल है। नगर पालिका परिषद ककराला के अध्यक्ष इंतखाब सकलैनी, और बड़े बाबू शमशाद खान के साथ नगर पालिका में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर चौकी इंचार्ज ककराला राजेंद्र सिंह समस्त चौकी स्टाफ वा हाफिज आमिल सकलैनी, सभासद जैनुलाब्दीन लकी, मौलाना अफरोज, मुदस्सिर खान, जीशान अंसारी, अदनान खान, आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने कछला घाट का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 बृजेश कुमार सिंह तथा अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ सोमवार आगामी श्रावण मास में होने वाली कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत कछला के दोनों घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा, सफाई, यातायात प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कछला पुल और दोनों घाटों पर पहुंचकर स्नान क्षेत्र, जल स्तर, नावों के खड़े होने के



स्थान, बेरिकेटिंग व्यवस्था तथा वॉच टावर की स्थिति का गहन अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक टावर पर प्रशिक्षित कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया दी जा सके। नावों के खड़े होने के लिए सुरक्षित और चिन्हित स्थल निर्धारित करने तथा नाव संचालकों को निर्देशित करने के आदेश दिए, जिससे जल परिवहन में भी कोई अव्यवस्था न उत्पन्न हो। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे। घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित बेरिकेटिंग लगाई जाए, ताकि स्नान क्षेत्र सुरक्षित रूप से चिन्हित रहे और कोई भी श्रद्धालु गहरे पानी में न जाए। डीएम ने घाट पर साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, विद्युत आपूर्ति और चिकित्सा व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं, ऐसे में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए और नियमित रूप से घाटों की सफाई कराई जाए। इसके अतिरिक्त यातायात व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान वाहनों का सुगम संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा रूट डायवर्जन की पूर्व जानकारी दी जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं, जिससे किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, एसडीएम सदर, अधिशासी अधिकारी कछला सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पीडी समेत पांच आरोपियों के खिलाफ केस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बिसौली न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन पंकज कुमार पाण्डेय ने दीपक पीडी समेत पांच आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश दिया है। मुकदमे में वादी जमील अहमद ने कोर्ट में वाद दायर किया था। जिस पर विपक्षी दीपक कुमार पीडी, अंकित मिश्र, विकास सक्सेना, सौरभ सक्सेना व विकास कुमार अपनी कार से लाठी-डंडे व तमंचे लेकर आए और उसे गालीगलौज करते हुए उसकी गैराज में लगी और फ्लैक्सी फाड़ दी थी विकास सक्सेना ने जान से मारने की नीयत से वादी पर तमंचे से फायर किया। जो उसके कान के पास से होकर निकल गया। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करके फरार हो गए थे। एसएसपी और थाना पुलिस शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटा ना पड़ा तब जाकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज का आदेश हुआ है।

# मोहर्रम पर अनीस सिद्दीकी ने किया लंगर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** मोहर्रम पर अनीस सिद्दीकी ने किया लंगर आरिफपुर नवादा में एच.एम.एफ. आर जनस.ेवा केंद्र पर जीरा और कोल्डड्रिंक के लंगर का आयोजन किया इस मौके पर एहतशाम उद्दीन,हाजी इंतकाम उद्दीन, एहतराम उद्दीन, मुसब्बर अली, सब्बर अली,भूरे भाई,आबु भाई हस्सान आदि मौजूद रहे। उधर समाजवादी अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव मोतशाम सिद्दीकी ने मोहर्रम के मौके पर लंगर चलाया इस मौके पर सकलैन सिद्दीकी, शारिक सिद्दीकी, बसी आदि मौजूद रहे। ग्राम सलारपुर में इरफान हुसैन ने लंगर का आयोजन किया। तमाम लोग मौजूद रहे।

# फैजगंज बैहटा में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** थाना फैजगंज बैहटा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दून्दपुर के निवासी राशिम पुत्र सलीम द्वारा अपनी फेसबुक आईडी एवं इंस्टाग्राम अकाउण्ट पर भगवान श्री हनुमान जी की मूर्ती पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के सम्बन्ध में वादी मंजीत यादव पुत्र योगश यादव निवासी ग्राम आसफपुर थाना फैजगंज बेहटा, बदायूँ द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना फैजगंज बैहटा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त राशिम उपरोक्त को गिरफ्तार कर उच्च न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# अब 12 जुलाई तक कर सकते हैं प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताय कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद बदायूँ में ट्रेडवार लक्ष्य हलवाई, दर्जी, बढई, नाई, कुम्हार, लोहार, सुनार, राजमिस्त्री, मोची एवं धोबी आदि ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदन की की अन्तिम तिथि 30 जून 2025 थी अब आवेदन की तिथि 12 जुलाई 2025 तक बढा दी गई है। आवेदक 12 जुलाई 2025 तक वेबसाइट diupmsme-upsdc-gov-पद पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने योजना की पात्रता की शर्तों के बारे में बताया कि इसके लिए आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पास. बुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एस0सी0, ओ0बी0सी0 वर्ग के लिये), आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पढे लिखे होने पर शौक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी जानक.ारी रखने पर तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने होंगे। इसके लिए आवेदन कर्ता जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिए और उसकी आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए, आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुडे होने के प्रमाण के रूप में ग्रम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका अथवा नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि परिवार का केवल एक सदस्य ही योजनान्तर्गत आवेदन हेतु पात्र होगा। परिवार का आशय पति अथवा पत्नी से है, आवेदन कर्ता को इस आशय से कि उसने एवं उसके परिवार के किसी सदस्य ने पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना में टूलकिट/मानदेय का लाभ नही लिया हो नोटरी शपथ पत्र 10 रुपए के स्टाम्प पर देना होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ से सम्पर्क कर सकते है।

# नम आंखों के बीच ताजिए कर्बला में किए गए सुपुर्द ए खाक

**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** मुहर्रम की दस तारीख यानी यौम-ए-आशूरा के दिन ताजिए निकाले जाते हैं इस्मालिक मान्यताओं के अनुसार कई सौ साल पहले मुहर्रम के 10 वें दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी दरअसल कर्बला की जंग में इस्लाम की रक्षा करने के लिए अपने परिवार और 72 साथियों के साथ शहादत दी थी उन्हीं की याद में यानी मोहर्रम की 10 तारीख को ताजिए निकाले जाते हैं जो नगर के अनेकों मोहल्लों से ताजिए ढोल नगाड़ा जुलूस या हुसैन की सदाओं के साथ जगह-जगह लंगर लगाकर शरबत बांटते हैं।



जगह जगह खाना तक्सीम किया जाता है छोटे-छोटे बच्चों को तबर रुक भी बांटा जाता है अपनी अपनी मन्नतें मांगते हैं कोई चिरागा करता है मीरा शाह बली दरगाह परिसर में मेला लगता है व महिलाओं के लिए एक विशेष मीना बाजार भी लगया जाता है जिसमें पुरुषों के जाने पर पाबंदी रहती है यहां पर सिर्फ महिलाएं ही खरीददारी करती है और दूर दराज से काफी तादाद में लोग मुहर्रम मनाने आते हैं नगर के कई मोहल्लों से निकलते हैं ताजिए मोहल्ला काजी, मोहिद्दीनपुर ग्राम खैरपुर, ग्राम कोल्हार,शाहबाजपुर, नसरुल्लागंज, इमामबारगाह हुसैनी मंजिल से युसूफ नियाजी की अगुवाई में लाव लश्कर के साथ ताजिए के गस्त के साथ जुलूस निक.ालते हुए उनके साथ अन्य मोहल्लों के ताजिए भी उनके साथ शामिल हो गए जो मोहल्ला चाहाशीरी मोहल्ला बजरिया, मोहल्ला मेवा फरोश, मोहल्ला पठान टोला, होते हुए ईदगाह रोड से होते हुए कर्बला पहुंचते हैं और कर्बला में गमगीन माहौल में ताजियों को दफना दिया जाता है इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह ने जगह-जगह पर भारी पुलिस फोर्स पहले से ही तैनात कर रखा है ओर ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर किया नमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** 112 विधानसभा क्षेत्र के बिसौली ग्रामीण मंडल के शक्ति केन्द्र खजुरिया के पंचायत भवन में में 6 जुलाई 2025 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा के तमाम नेताओं ने श्रद्धांजली अर्पित की. मुख्यातिथि अनुज माहेश्वरी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रहे. इस अवसर पर ठाकुर सुनील कुमार सिंह ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बिसौली ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जो औद्योगिकीकरण और राष्ट्र निर्माण हो रहा है, वह उनके विचारों और संकल्पों का साकार रूप है। ठाकुर ने कहा जब इस सदी की महामारी कोविड आई, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया। यह कोई सामान्य कार्य नहीं था, यह सिर्फ एक दूरदर्शी नेतृत्व में ही संभव हो सका, इस अवसर पर शैलेश शर्मा. सुमित सिंह. मुकेश चंद मिश्रा. आशीष सिंह. मुकेश मिश्रा. शिवराम सिंह. आकाश तोमर. राघव शर्मा. संजीव मिश्रा (एड.) चन्द्र पाल शर्मा. मानदाता शर्मा. देवेन्द्र मिश्रा. तौफीक इदरीसी. अंकित शर्मा. विनोद पाराशर. सोहित सिंह. प्रशान्त बंधु सुंधाशु मिश्रा. कुसेन्द्र मिश्रा. दिनेश सिंह. मेवा राम. गिरीश चन्द शर्मा. लव कुमार. इंदल प्रधान. अजय चौहान. विनोद सिंह प्रधान. एवं गिरीश सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं अन्य बंधु उपस्थित रहे।

# फैजगंज बेहटा में या हुसैन की सदाओं संग अकीदत से मना मोहर्रम

**सोनू खान,शाह टाइम्स**

**फैजगंज बेहटा।** पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का प्रतीक मोहर्रम गमगीन माहौल में अकीदत के साथ मनाया गया। नगर के मुस्लिम बहुल इलाकों से अमन और एहतराम के माहौल में मेंहदी और ताजियों का जुलूस निकाला गया। मोहर्रम को खुशियों का नहीं बल्कि गम का महीना माना जाता है। कर्बला की घटना एक ऐसी त्रासदी थी, जिसमें इमाम हुसैन सहित उनके छोटे बच्चे तक प्यासी शहीद हो गए थे। मोहर्रम उसी कुर्बानी को याद करने का पर्व है। रविवार को मेहंदी और ताजियों का जुलूस निकाला तो उसके दीदार के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जुलुस अपने परंपरागत रास्तों से होता हुआ कर्बला पहुंचा। वहां गमगीन माहौल में ताजियों को दफन किया गया।



मोहर्रम के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। संवे.दनशील इलाकों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। नगर में फैजगंज बेहटा थाना अध्यक्ष स्वयं पुलिस बल के साथ जुलूस के साथ मौजूद रहे।जुलूस में नगर अध्यक्ष इसरार खान समाजसेवी सलीम खान सभासद मोमिन खान सभासद इसराइल खान सभासद अनेक सिंह सभासद पति तस्लीम खान पूर्व सभासद आसिफ खान मौजूद रहे।

# योगी अयोध्या और आजमगढ़ में करेंगे पौधारोपण

## उप्र में 37 करोड़ पौधारोपण का रिकॉर्ड बनाने की सभी तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में बुधवार को पौधरोपण महाभियान-2025 के तहत एक दिन में 37 करोड़ पौधरोपण का रिकॉर्ड बनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। अभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण करेंगे। उनके साथ वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ- अरुण सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक भी रहेंगे।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बाराबंकी में पौधरोपण करेंगी। यहां प्रदेश सरकार की तरफ से राज्यमंत्री सतीश शर्मा रहेंगे। वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ तथा ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण कर अभियान को सफल बनाएंगे। योगी सरकार के मंत्री सभी 75 जिलों में रहेंगे। कैबिनेट, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व राज्यमंत्रिघें को पौधरोपण करने वाले जनपदों में बुधवार को पौधरोपण करना होगा। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर, सूर्यप्रताप शाही अयोध्या, स्वतंत्र देव सिंह गोरखपुर, बेबीरानी मौर्य अलीगढ़, चौधरी लक्ष्मी नारायण मथुरा, जयवीर सिंह मैनपुरी, धर्मपाल सिंह बरेली, नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' प्रयागराज, अनिल राजभर आजमगढ़, राकेश सचान कानपुर देहात, एके शर्मा जौनपुर, योगेंद्र उपाध्याय आगरा, आशीष पटेल मीरजापुर, डॉ- संजय निषाद अंबेडकरनगर, ओमप्रकाश राजभर गाजीपुर, दारा सिंह चौहान देवरिया, सुनील कुमार शर्मा गाजियाबाद और अनिल कुमार बिजनौर में पौधरोपण करेंगे। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल कानपुर नगर, कपिलदेव अग्रवाल मुजफ्फरनगर, रविंद्र जायसवाल वाराणसी, संदीप सिंह एटा, गुलाब देवी संभल,



गिरीश यादव प्रतापगढ़, धर्मवीर प्रजापति झांसी, असीम अरुण कन्नौज, जेपीएस राठौर मुरादाबाद, दयाशंकर सिंह बलिया, नरेंद्र कश्यप हापुड़, दिनेश प्रताप सिंह रायबरेली, दयाशंकर मिश्र दयालु चंदौली में पौधरोपण महाभियान का हिस्सा बनेंगे।

सरकार ने पौधरोपण महाभियान की सफलता के लिए सभी 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। नोडल अफसर आवंटित जनपदों में मंगलवार सुबह ही पहुंचकर यहां की सभी तैयारियों का जायजा लेंगे। प्रमुख सचिव नियुक्ति एम- देवराज प्रयागराज, पेयजल मिशन ग्रामीण के प्रबंध निदेशक डॉ- राजशेखर वाराणसी, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद जौनपुर, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की सचिव डॉ- पिंकी जोवेल मीरजा. पुर, सिंचाई विभाग के सचिव जीएस नवीन आजमगढ़, खेल सचिव सुहास एलवाई गोरखपुर, स्कूल शिक्षा की महानिदेशक कंचन वर्मा गोंडा, प्रमुख सचिव सिंचाई व जल संसाधन अनिल गर्ग अयोध्या, सचिव बेसिक शिक्षा सारिका मोहन बाराबंकी, प्रमुख सचिव (चिकित्सा स्वास्थ्य) पार्थसारथी सेन शर्मा लखनऊ, आवास आयुक्त बलकार सिंह मेरठ, प्रमुख सचिव (नगर विकास) अमृत अभिजात गााजियाबाद, प्रमुख सचिव (पर्यटन- संस्कृति) मुकेश मेश्राम नोएडा के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा भी अन्य सभी जनपदों में नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। पौधरोपण महाभियान-2025 की सफलता के लिए वन विभाग के अधिकारी सभी विभागों/मंत्रालयों से समन्वय स्थापित कर रहे हैं। महाप्रबंधक उत्पादन (वन निगम) संजय कुमार को ग्राम्य विकास, पंचायती राज, उद्यान व रेशम विभाग से समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रोजेक्ट टाइगर) ललित वर्मा लोक निर्माण, एमएसएमई, औद्योगिक विकास, महाप्रबंधक (कार्मिक) उप्र वन निगम सुजॉय बनर्जी रेलवे, पशुपालन, सहकारिता विभाग से को-ऑर्डिनेशन कर रहे हैं। मुख्य वन संरक्षक (ईको विकास) नीरज कुमार जलशक्ति, सिंचाई व जल संसाधन, नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति, राजस्व, पर्यावरण तथा आवास विकास विभाग से पौधरोपण के लिए समन्वय स्थापित कर रहे हैं। मुख्य वन संरक्षक (परियोजना) डॉ- के इलांगो को कृषि, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, परिवहन, ऊर्जा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य वन संरक्षक (मानव संसाधन विकास) एचवी गिरीश नगर विकास, गृह, रक्षा, श्रम विभाग से अभियान की सफलता को लेकर को-ऑर्डिनेट कर रहे हैं। वन संरक्षक (लुप्तप्राय) मनोज सोनकर को महाभियान को सफल बनाने की बेसिक, माध्यमिक, उच्च व प्राविधिक शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

## वन विभाग करेगा नदियों के किनारे 3.5 करोड़ पौधारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और नदियों के पुनर्जीवन के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत वन विभाग द्वारा प्रदेश की प्रमुख नदियों के किनारे लगभग 3-5 करोड़ पौधों का रोपण का लक्ष्य रखा गया है। इस महा अभियान के तहत प्रदेश की प्रमुख नदियों गंगा, यमुना, गोमती, केन, बेतवा आदि के किनारे 5 किलोमीटर के क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा।

नदियों के किनारे हरित आवरण को बढ़ाना, प्रदूषण नियंत्रण, मृदा संरक्षण, जल संचयन के साथ नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम के लिए भी यह अभियान लाभदायक साबित होगा। प्रदेश में जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के कई विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसमें एक ओर एक जुलाई से वन महोत्सव 2025 पौधरोपण का महा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत वन विभाग प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों के किनारे 21,313-52 हेक्टेयर क्षेत्र में 3,56,26,329 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य तय किया गया है। साथ ही ये पौधरोपण महा अभियान नदियों के पुनर्रो(ार कार्यक्रम को भी सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अभियान के तहत गंगा, यमुना, सरयू, गोमती, केन, बेतवा, राप्ती, सोन, रामगंगा, छोटी गंडक, चंबल, लहडन, और अन्य नदियों के किनारे 5 किलोमीटर के दायरे में पौधरोपण किया जाएगा। वन विभाग ने इसके लिए विस्तृत योजना तैयार की है, जिसमें कुल 23,772-45 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया जाएगा। अभियान के तहत यमुना नदी के किनारे सर्वाधिक 96,78,330 पौधे लगाए जाएंगे, जबकि गंगा के किनारे 54,80,994 और बेतवा के किनारे 50,61,251 पौधों का लक्ष्य रखा गया है। सरयू/घाघरा, गोमती, सई, केन, राप्ती, सोन, रामगंगा, छोटी गंडक, चंबल, और लहडन नदियों के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधरोपण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन महोत्सव-2025 को पेड़ लगाएं जीवन बचाएं नारे के साथ जन-आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया है।

# उप्र विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति की बैठक वाराणसी में संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति की बैठक सोमवार को वाराणसी में संपन्न हुयी जिसमें 17 विभिन्न प्रश्नों पर वाराणसी मंडल के सभी जिलों के अधिकारियों से जानकारियां ली गयी तथा समुि. चत दिशा-निर्देश भी दिए गए।

डॉ0 जयपाल सिंह के सभापतित्व में सर्किट हाउस में हुयी बैठक के दौरान जौनपुर में पीली नदी के जीर्णोद्धार के लिए जिलाधिकारी जौनपुर डा दिनेश चन्द्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डा चंद्र ने कहा कि जिले में पीली नदी का जीर्णोद्धार जनसहभागिता के साथ युद्धस्तर पर किया जा रहा है जो कि विलुप्त होने के कगार पर थी। नदी के किनारे पर वृहद रूप से पौधरोपण भी किया जा रहा है और इसके साथ ही एक प्राचीन मंदिर का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। समिति द्वारा पीडब्लूडी, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों से सूचनाएं मांगी गई है जिसके क्रम में यह बैठक करायी जा रही है। समिति ने विद्युतीकरण लक्ष्य प्राप्ति, किसानों को सिंचाई में दिए जाने वाली सुविधाओं, आबक. ारी, राजस्व, लाइसेंस शुल्क वसूली की कार्यवाही, सिल्ट सफाई आदि के संबंध में विभागवार समीक्षा की। समिति द्वारा सिंचाई विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाएं, राजकीय नलकूप की वर्तमान स्थिति तथा उनके संचालन, सिल्टें सफाई की व्यवस्था तथा इसका सत्यापन के संबंध में जानका. रियां ली गयी। नहरों की सिल्ट सफाई की रिपोर्ट समिति को उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में जिलाधिकारी वाराणसी सत्येंद्र कुमार, जिलाधिकारी जौनपुर डॉ दिनेश चंद्र, जिलाधिकारी गाजीपुर अविनाश कुमार, जिलाधिकारी चंदौली चंद्र मोहन गर्ग समेत चारों जिले के पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नदी में नहाने गए 3 युवक नदी में डूबे एक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उप्र के प्रताप गढ़ जिले में चमराउरा नदी में नहाने गए तीन युवक डूब गए जिसमें से एक की मौत हो गयी जबकि दो को ग्रामीणों की मदद से बचा लिया गया। दोपहर के समय ग्राम चिल्ि. बला रंजीत पुरकोट कोतवाली नगर के तीन दोस्त प्रखर सिंह , राजवीर सिंह और युवराज सिंह थाना क्षेत्र कोहंडौर के महादेवन घाट पर चमराउरा नदी नहाने गए थे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए आस पास के लोगों के हल्ला गुहार मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने तीनों को नदी से बाहर निकाला। राजवीर और युवराज को बचा लिया गया लेकिन प्रखर की डूबने से मौत हो गई।

## एक नजर

### यमुना नदी पुल तक मार्ग के चौड़ीकरण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

**फिरोजाबाद।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लॉजिस्टिक योजनांतर्गत फिरोजाबाद; फतेहाबाद मार्ग से रामदासपुरा यमुना नदी पुल तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्य सम्पन्न किया। इस स्वीकृत मार्ग की लंबाई 9.5 किलोमीटर है जो 5631 लाख रुपए की लागत से निर्मित हो रहा है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि इस मार्ग के चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से इस पिछडे इलाके का विकास होगा साथ ही रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। यहां के युवाओं को रोजगार हेतु अन्यत्र नही जाना पड़ेगा। हमारी सरकार में कानून का राज्य स्थापित होने से अपराधियों और आतंकियों का अंत हुआ है। यही कारण है कि हमारा प्रदेश ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है। उन्होंने वहां उपस्थित पीडब्ल्यूडी के एक्सियन को निर्देशित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण मार्ग के चौडीकरण ओर सुदृढ़ीकरण के कार्य में 01 साल से ज्यादा समय नही लगना चाहिए। इस अवसर डीएम रमेश रंजन ने कहा कि इस मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण से यहां के लोगो को आवागमन की सुविधा तो होगी साथ ही साथ औद्योगिक विकास की संभावनाएं भी बढ़ेगी इसके साथ ही साथ प्लेज पार्क इत्यादि की स्थापना से यहां के युवाओ को रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने भी इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण होने से इस क्षेत्र में होने वाले विकास पर चर्चा की। इस मौके पर गणमान्य नागरिकों सहित प्राशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महा अभियान की तैयारी जोरों पर

**जौनपुर।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आगामी 09 जुलाई को पूरे प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' विषय पर आधारित वृक्षारोपण महाअभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एक ही दिन में 37 करोड़ पौधों का रोपण किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में जनपद जौनपुर में कुल 54,95,000 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस महाअभियान के तहत विकासखंड सुईथाकला के ग्राम कम्मरपुर में लगभग 5000 पौधे लगाए जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें प्रभारी मंत्री स्वयं भाग लेकर पौधारोपण करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने आज स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधारोपण सिर्फ औपचारिकता नहीं बल्कि एक जन-जागरण अभियान है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज में गहरी चेतना आएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी शाहगंज कुणाल गौरव, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान प्रवेश सिंह तथा अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी लोग समर्पण भाव से इस कार्य में जुटें और इसे जनसहभागिता के माध्यम से सफल बनाएं। इस अवसर पर डीएफओ प्रोमिला, एसडीओ सरफराज, तहसीलदार सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

### पिता की मार से गई शराबी पुत्र की जान

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के रिसिया क्षेत्र के फुलवरिया गांव में पिता और पुत्र के बीच हुई मारपीट में पुत्र की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक नरेश शराब का आदी था और अक्सर नशे की हालत में घर पर विवाद करता था। घटना रविवार देर रात लगभग तीन बजे घटित हुई, जब नरेश नशे में धुत होकर अपने पिता गंगाराम के घर पहुंचा। बताया जा रहा है कि नरेश ने आते ही अपने पिता पर डंडे से हमला कर दिया। थाना प्रभारी के अनुसार, गंगाराम ने आत्मरक्षा में लाठी से जवाबी वार किया, जिससे नरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि नरेश की शराब की लत के कारण घर में अक्सर कलह होती रहती थी, जिसके चलते पिता गंगाराम ने उसे अलग रहने के लिए कह दिया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नौ नौ जुलाई को बिजली कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के खिलाफ नौ जुलाई को व्यापक प्रदर्शन करने की ऐलान किया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि विद्युत नियामक आयोग पर दबाव डालकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के असंवैधानिक दस्तावेज का अनुमोदन कराया गया तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी।

# भाषा दिलों को जोड़ती है, तोड़ती नहीं: कृपाशंकर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह ने कहा है कि भाषा न केवल विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का एक साधन है, बल्कि यह संस्कृति, सामाजिक संबंध और ज्ञान के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भाषा दिलों को जोड़ती है तोड़ती नहीं हैं।

श्री सिंह ने सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा कि हम जिस प्रदेश में रहते हैं उस प्रदेश की भाषा सीखना आवश्यक है, क्योंकि इससे हमें वहां की संस्कृति और इतिहास को जानने में आसानी होती है, साथ ही सामाजिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में भी वहां की भाषा कारगर साबित होती है। उन्होंने कहा कि प्रेम, सद्भावना और भाईचारे की भाषा सर्वोत्तम होती है। सभी भाषाओं में यही संदेश निहित रहता है। भाषा लोगों के दिलों को जोड़ने का काम करती है, तोड़ने का नहीं। मुंबई में चल रहे भाषाई विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि भाषा को हथियार के रूप में प्रयुक्त करना उपयुक्त नहीं है। मुंबई में रहने वाले अधिकांश लोग मराठी भाषा समझते और बोलते हैं। कृपाशंकर ने कहा कि महाराष्ट्र वीरों और संतों की भूमि रही है, जहां से पूरे देश में राष्ट्रीय और अध्यात्मिक जागरण का संदेश गया । हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वतंत्रता हमारा जन्मसि( अधिकार है का नारा देने वाले लोकमान्य तिलक और लहदवी स्वराज की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराष्ट्र के ही थे।

# अयोध्या में पौराणिक नदी तिलोदकी को मिलेगा पुनर्जीवन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या में पौराणिक नदी तिलोदकी गंगा (त्रिलोचना) का पुनरुद्धार कार्य प्रगति पर है। लोक मान्यता के अनुसार, ऋषि रमणक की तपस्या से तिलोदकी गंगा का आविर्भाव हुआ था।

इसका उद्गम स्थल एवं ऋषि रमणक की तपस्थली, सोहावल बाजार से लगभग 3 किमी दक्षिण, पंडितपुर गांव के समीप स्थित है, जिसे तिलोदकी गंगा का मूल उ.म स्थल माना जाता है। इसी क्रम में अयोध्या जिला प्रशासन द्वारा तिला. ेदकी गंगा के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से इस नदी के पुनरुद्धार का कार्य प्रारंभ कराया गया है। यह नदी जिले के तीन विकास खण्डों सो. हावल, मसौधा एवं पूराबाजार तथा अयोध्या नगर निगम क्षेत्र से होकर प्रवाहित होती है और अंततः सरयू नदी में समाहित हो जाती है। नदी सोहावल विकास खंड की पांच ग्राम पंचायतों को अभिसिंचित करते हुए, मसौधा विकास खंड की आठ ग्राम पंचायतों से गुजरती है, फिर अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में प्रवेश करती है और अंततघ् पूरबाजार विकास खंड की चार ग्राम पंचायतों से होते हुए सरयू में समाहित हो जाती है। तिलोदकी गंगा का कुल विस्तार क्षेत्र 25 किलोमीटर है, जिसमें से 11 किमी क्षेत्र को सीमांि. कत कर कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस प्रक्रिया में अब तक 43703 मानव दिवसों का सृजन हुआ है और लगभग 3100 परिवारों को आजी. विका का साधन प्राप्त हुआ है। पुनरुद्धार के तहत नदी के तटों पर 10,000 से अधिक पौधों का रोपण भी किया जा रहा है। धार्मिक दृष्टि से भी यह नदी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पंडितपुर और यज्ञवेदी पर भादों मास की अमावस्या को आज भी मेला लगता है, जिसे कुशोदपाटिनी अमावस्या भी कहा जाता है। कुछ वर्षों पूर्व तक यहां के घाटों पर श्रद्धालु स्नान, दान एवं पुण्य लाभ अर्जित करते थे, लकतु नदी के लुप्त हो जाने के कारण यह परंपरा बाधित हो गई थी। अब पुनरुद्धार के उपरांत ये सभी धार्मिक आयोजन व परंपराएं पुनघ् जीवित हो सकेंगी। तिलोदकी गंगा के पुनरुद्धार के उपरांत नदी के प्रवाह क्षेत्र का भूजल स्तर बढ़ जाएगा, जिससे सिंचाई की सुविधा में सुधार होगा और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। इसके साथ ही, जलभराव की समस्या से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को भी राहत मिलेगी। नदी के तटों पर पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। अयोध्या की प्राचीन धरोहरों के संरक्षण हेतु मियावाकी पद्धति से वैदिक वनों की स्थापना का कार्य भी शुरू हो चुका है। इसके साथ ही जिले की कुल 58 ग्राम पंचायतों में वैदिक वनों की स्थापना की जा रही है, जिनके माध्यम से लगभग 5 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। ये वन रामायण कालीन ऋषियो, जैसे वशिष्ठ, अग्गय, वाल्मीकि, अत्रि, श्रृंगी आदि एवं प्रख्यात विदुषियों जैसे गार्गी, मैत्रेयी, अरुंधती, सती सतरूपा और लोपामुद्रा के नाम पर नामित किए गए हैं। इन वनों में शीशम, अर्जुन, नीम, गहुआ, पीपल, पाकड़, बरगद, सहजन, पुत्रजीवा, नीबू, हरसिंगार आदि देशी प्रजातियों के पौधे रोपे जा रहे हैं। मनरेगा योजना और राज्य वित्त के समन्वय से इन वैदिक वनों की स्थापना की जा रही है। योजना के तहत 2,50,000 मानव दिवसों का सृजन किया जाएगा, जिसमें से 35,000 मानव दिवसों का सृजन पहले ही किया जा चुका है।

# प्राचीन मंगल गढ़ किला बनेगा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र

**महोबा।** केंद्र सरकार के रक्षा अनुसन्धान संगठन द्वारा अधिग्रहण वापस लिए जाने के बाद उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के चरखारी में स्थित करीब 400 वर्ष पुराना रियासत कालीन मंगल गढ़ दुर्ग को अब पर्यटकों के लिए खोला जाएगा।

उप जिलाधिकारी डा प्रदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि सूबे में ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व की इमारतों को संरक्षित करने और उनका सुन्दरीकरण करके पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की सरकार की पहल रंग लाई है। जिले में इस सम्बन्ध में चल रही विभिन्न परियोजनाओ के क्रम में शासन ने अब चरखारी के मंगल गढ़ किले को पर्यटन विकास से जोघ्ने की महत्वपूर्ण कार्य योजना को अमल. ीजामा पहनाने की कवायद शुरू की है। ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के मंगलगघ् दुर्ग को जल्द ही आवश्यक आकर्षक साजसज्जा प्रदान करके इसे देशी विदेशी पर्यटकों के समक्ष पर्यटन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड का कश्मीर और मिनी वृंदावन के नामों से विख्यात बुंदेलखंड की चरखारी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सुरम्यता के लिए प्रसिद्ध है। रियासत काल में यहां तत्कालीन नरेश द्वारा निर्मित कराये गए 108 कृष्ण मंदिर अपनी खूबसूरती से मन मोह लेते है, तो बुंदेलखंड के वीर और प्रतापी नरेश महराज छत्रसाल के पुत्र राजा जगतराज द्वारा 16 वीं शताब्दी में यहां बनवाया गया मंगलगघ् दुर्ग अत्यंत भव्य तथा पुरातत्व की धरोहर है। रियासतों के विलीनिकरण के उपरान्त मंगलगढ़ दुर्ग जिला पंचायत हमीरपुर के आधीन हो गया था- भारतीय रक्षा अनुसन्धान संगठन ने कोई 30 साल पहले इस किले का अधिग्रहण कर लिया था। एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि डीआरडीओ द्वारा तीन दिन पहले मंगलगघ् दुर्ग को अधिग्रहण मुक्त करके जिला प्रशासन को वापस किया गया है, जिसके बाद अब इसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किये जाने का प्लान तय किया जा रहा है। दुर्ग को संरक्षित करने और उसकी समुि. चत देखरेख के लिए फिलहाल स्थानीय नगर पालिका परिषद को जिम्मेवारी सोपी गयी है।

# दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**संतकबीर नगर।** उप्र के संत कबीर नगर जिले में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को मु0अ0सं0 586/2025 धारा 69 बीएनएस के मामले मे वांछित अभियुक्त लवकुश पुत्र बुधई की तलाश थी, जिसे खलीलाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का कार्य किया था। गिरफ्तार अभियुक्त जनता मार्ग बजरंग नगर कसैना थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर का निवासी है, जिसे बाद में न्यायालय भेज दिया गया।

# हत्या के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवरिया।** उप्र में देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में हत्या के एक आरोपी को पुलिस ने सशस्त्र मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। गोली लगने घायल अपराधी को पुलिस अभिरक्षा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने सोमवार को बताया कि रूद्रपुर क्षेत्र के फतेहपुर गांव में विगत दिनों एक स्कूल के प्रबन्धक धनंजय पाल(55) की हत्या कर दी गई थी। इस हत्या के केस में आरोपी कमरुद्दीन उर्फ तालीबान(23) वांछित चल रहा था। उन्होंने बताया कि कल रात पुलिस ने उसे एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया था और उसे पुलिस जब आलाकत्ल बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा थी, तो उसने पठकौली क्षेत्र में उसने दरोगा की पिस्टल छीन कर फायलरग करते हुए भागने का प्रयास किया।

उन्होंने बताया कि जवाबी कार्यवाही में उसके दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसे अभी जिला मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घटना स्थल का निरीक्षण फारेसिंक टीम द्वारा कर लिया गया और उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 151 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना, राज्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति, सुतहट्टी बाजार, जौनपुर के तत्वावधान में 151 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ बाबा बर्फानी के पावन दर्शन के लिए रवाना हुआ, जिसको प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उनके सफल व सुखद यात्रा की कामना की। यह पवित्र यात्रा 23 वर्षों से लगातार समिति के सेवादारों के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित की जा रही है। सेवा समिति के प्रमुख सेवादार अजय वर्मा (अज्जू ) ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा में पुरुष, महिलाएं, बच्चे एवं साधु-संत बड़ी संख्या में शामिल होते हैं।

यात्रा की तैयारी पूर्व में टोली बनाकर की जाती है, जिसमें यात्रियों को यात्रा से संबंधित समस्त जानक. ारी दी जाती है। इस बार भी यात्रा की अगुवाई तीर्थराज, धर्मपाल नेताजी, अजय वर्मा कर रहे हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं का जुलूस रेलवे स्टेशन से सब्जी मंडी, कोतवाली, चहारसू, ओलंदगंज होते हुए बैंड-बाजे, झंडे, त्रिशूल और बम-बम भोले के जयकारों के साथ निकाला गया, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। अजय वर्मा ने बताया कि बाबा अमरनाथ की गुफा दक्षिण कश्मीर के गांदरबल जिले में स्थित है, जिसकी गहराई लगभग 90 फुट और चौड़ाई 105 फुट है। इस पवित्र गुफा में हर वर्ष ठोस बर्फ से बना शिवललग प्रकट होता है, जिसे देखकर हर भक्त भावविभोर हो उठता है। धार्मिक मान्यता है कि इसी गुफा में भगवान शिव ने माता पार्वती को अमर कथा सुनाई थी। इस यात्रा में शामिल प्रमुख श्रद्धालुओं में तीर्थराज, धर्मपाल, रुक्मणी, शकुंतला, अनुराग साहू, शेरू बेनवंशी, जय भोले, दीपा साहू, प्रतिमा, राकेश सिंह, संजय सेठ, केसरी देवी, विकास, उमेश, हेमनाथ गुप्ता आदि शामिल हैं। भक्तों को स्टेशन तक पहुंचाने में सहयोग देने वालों में ब्रह्मेश शुक्ला (कार्यालय प्रभारी, राज्य मंत्री), रवि चौधरी, सनी चौधरी, मनीष गुप्ता, विशाल गुप्ता, भारत गुप्ता, लकी श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, दीपक कुमार मिश्रा, अजय सिंह प्रतिनिधि आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सचमुच, यह यात्रा श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-08-2025-26 | | |
| कार्य का नामः "प्रोविजन ऑफ यू0 ऍफ0 एस0 बी0 आई0 इन प्लेस ऑफ़ एस0 जी0 ई0 ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट इन एल0 के0 ओ0 – सी0 एन0 बी0 सेक्शन ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थर्न रेलवे। | | | |
| अनुमानित लागत | रु 2,96,50,328.85 | निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु 2,98,300.00 | कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.07.2025 15:30 बजे तक | | |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | | |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०-106-सिग-टेन्डर-08/2025-26 दिनांक: 07.07.2025

2034/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### कुंदनपुर रहमतगंज संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर भड़के ग्रामीण

# निर्माण विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नाली का निर्माण न होने से दूषित पानी बहता है संपर्क मार्ग पर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** रहमतगंज कुंदनपुर मार्ग पर पानी की जल निकासी की व्यवस्था न होने से रास्ता कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो गया है जिससे राहगीरों का आवागमन दुश्वार है गुस्साए ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की और उपजिला अधिकारी से इस मार्ग को सही कराने की मांग की । कुंदनपुर रहमतगंज संपर्क मार्ग चौहद्दा के ग्रामीणो ने कार सेवा से कई बार इस संपर्क मार्ग को दुरुस्त कर चुके हैं लेकिन गांव के कुछ घरों का पानी



जल निकासी की व्यवस्था के अभाव में संपर्क मार्ग पर बह रहा है जिस मार्ग पर कीचड़ की समस्या के साथ-साथ गहरे गड्ढे हो गए हैं और आवागमन दुश्वार हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है की स्कूली वाहन कई बार पलट चुके हैं और स्कूली बच्चे चोटिल हो चुके हैं अन्य वाहनों का निकलना भी इस मार्ग से खतरे से खाली नहीं है। सोमवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में तमाम ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और ग्राम पंचायत के खिलाफ प्रदर्शन कर नारे बाजी की और उपजिला अधिकारी के रास्ते का निर्माण कराने की मांग की आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत जल निक. ासी की व्यवस्था के लिए नाली का निर्माण नहीं कर रही है जबकि लोक निर्माण विभाग संपर्क मार्ग पर डामीकरण नहीं कर रहा है जिससे आवागमन दुश्वार है।

प्रदर्शन करने वालों में ऋषिपाल सिंह बलबीर सिंह संधू दिलबाग सिंह रंधावा साहिब सिंह बगदादी सिंह दलवीर सोही आदि शामिल रहे।

# मॉडल शॉप के निर्माण का विरोध करने वालों की एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** सोमवार को परगना क्षेत्र के गांव परोता के ग्रामीण तहसील कार्यालय शाहबाद पहुंचे जहां पर उन्होंने उपजिलाधिकारी शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय को संबोधित एक शिकायती प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी शाहबाद की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार हरीश जोशी को दिया।

प्रधान सहित ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत परोता तहसील शाहबाद जिला रामपुर में मॉडल शॉप पंचायत भवन के जन सेवा केंद्र के पास निर्माण होना प्रस्तावित हुआ है जहां पर बड़े-बड़े वाहन आसानी से आ जा सकते हैं तथा खंड विकास कार्यालय शाहबाद से भी मॉडल शॉप पास किया जा चुका है निर्माण की



सारी शर्तें जैसे जियो टैग आदि होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है लेकिन गांव के ही कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा उक्त सरकारी काम में व्यवधान डाला जा रहा है जिससे निर्माण कार्य बाधित है। वही ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से शिकायत करते हुए जनहित में पुनः कार्य प्रारंभ कराने की मांग की इस दौरान प्रमोद कुमार, शिवानी, ओम प्रकाश, भूरेलाल, रानू सिंह, गुड्डू, हरपाल सिंह, हुकम सिंह, सौरभ कुमार, कृपाल, गौरव कुमार, मित्र पाल, अंकित, सत्य प्रकाश, नेम सिंह, नेकपाल, सुखबीर, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## बहला फुसलाकर ले जाने में एक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर ले जाने में इसके खिलाफ रिपोर्ट करती है। नगर के मोहल्ला नसीराबाद निवासी एक युवक ने कोतवाली में तहरीर दी है जिसमें आरोप है कि कुछ दिन पहले मेरी बहन को नगर के असदुल्ला पुर निवासी दीपांशु वहला फुसलाकर कर अपने साथ कहीं ले गया इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी तहरीर के आधार पर दीपांशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि युवती बरामद करने के प्रयास किया जा रहे हैं लड़की के भाई की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन ने पदाधिकारियों को जोड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक रामपुर।** तहसील मिलक के जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के कैंप कार्यालय धनेली पूर्वी पर एक बैठक की गई जिसमें पार्टी के संबंध में वार्तालाप किया गया और उसके बाद संगठन के द्वारा भूरी उर्फ मुस्कान को महिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। महिला अध्यक्ष भूरी उर्फ मुस्कान ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सोंपी है उसे मैं बखूबी निभाऊंगी और पार्टी को आगे बढ़ने का कार्य करूंगी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक लाला राम गंगवार युवा जिला अध्यक्ष राजेंद्र यदुवंशी जिला सचिव संजू खान मंडल उपाध्यक्ष आदाब खा साजिद अली माजिद खा दानिश खान रामगोपाल गंगवार मनोज मौर्य आदि रहे।

# सैफनी नगर के वार्ड 6 में लोगों के घरों में घुसा बरसात का पानी, आक्रोश जताया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में सोमवार को तेज बारिश होने से वार्ड संख्या 6 मोहल्ला ईदगाह पर रह रहे लोगों के घरों में बरसात का पानी घुसा घरों में पानी घुसने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा वही जितेंद्र जोशी एडवोकेट ने नगर पंचायत पर आरोप लगाते हुए कहा कि जान बुझ कर नगर पंचायत द्वारा लापरवाही की जा रही है जब भी शिकायत करो कल से काम शुरू होने का बहाना बना कर टाल दिया जाता है 15 दिनो में ही नाली टूट गई नाली के नीचे ना वेश डाला ना बजरी का माल मोहल्ले बालों ने विरोध किया तो नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कहा कि जैसे बना रहे है वैसे बनेगी नहीं तो ऐसे ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

नगर पंचायत के कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे है मोहल्ले के लोगों ने घरों में घुसे पानी को लेकर किया बरसात के पानी में खड़े होकर किया हंगामा लोगो में दिखा आक्रोश जिसमें उपस्थित जितेन्द्र जोशी एडवोकेट, लईक, नरेश जोशी, धर्मवीर जोशी, रोहित, छेनू आदि लोग मौजूद रहे।

## दीक्षा गंगवार ने किया स्कूल की कैंटीन का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** पालिका अध्यक्ष ने किया स्कूल की कैंटीन का उद्घाटन नगर खाता नगरिया के सामने बिलासपुर रोड पर स्थित गुरु रामदास इंटरनेशनल स्कूल आज कैंटीन का उद्घाटन नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष दीक्षा गंगवार और उनके पति भाजपा नेता/ समाजसेवी कु. नरेंद्र सिंह गंगवार ने फीता काटकर संयुक्त रूप से किया इसके बाद स्कूल की मैनेजर तजेंद्र कौर पूरे स्कूल का निरीक्षण कराया उसके बाद समस्त स्टाफ ने उनका धन्यवाद किया इस अवसर पर स.मनजीत सिंह, प्रिंसिपल दीपशिखा, तान्या, कुलजिंदर, अमान, प्रीति, अनम, नेहा, चंद्रभान मित्तल, बसंत कुमार एडवोकेट आदि थे।

# सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में मनाई गई डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** केमरी के सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मनाई गई और केमरी मंडल अध्यक्ष इंदरजीत युदवंशी ने बताया डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय राजनीति समाज और शिक्षा मे महत्वपूर्ण योगदान दिया।डॉक्टर मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के के सबसे कम उम्र के कुलपति बने और उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई रचनात्मक सुधार किए।

उन्होंने भारतीय राष्ट्रवाद एकता और अखंडता के लिए अनथक संघर्ष किया और जम्मू कश्मीर के अलग संविधान का मुद्दा उठाया। डॉक्टर मुखर्जी ने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की जो



बाद में भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुई उन्होंने जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 धारा का घोर विरोध किया और इसके खिलाफ संसद में जोरदार आवाज उठाई डॉक्टर मुखर्जी ने एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान नहीं चलने की बात कही और जम्मू कश्मीर है भारतीय संविधान को पूरी तरह से लागू करने की मांग की इस मौके पर उपस्थित रहे शैलेंद्र सिंह गंगवार मंडल उपाध्यक्ष मंडल महामंत्री सत्यप्रकाश लोधी ,सोमपाल मोर्या मंडल महामंत्री, हेमारानी, रोहिताश मोर्या, श्रीपाल चौधरी, राहुल कश्यप, विसाल राना कृपाल सिंह, देशराज शर्मा, आदि।

## विधायक प्रतिनिधि ने तेज गति से निर्माण कराए जाने एसडीएम को दिया पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधायक शफीक अहमद अंसारी के प्रतिनिधि द्वारा एस डी एम को पत्र देकर नरपत नगर में बारिश के पानी को घरों और दुकानों में घुसने से रुकवाए जाने के लिए सड़क के दोनो और चल रहे नाला निर्माण के कार्य में गति तेज कराये जाने की माँग की है।

सोमवार को नगर पंचायत नरपत नगर दुन्दावाला के लिए विधायक प्रति. निधि इरफान अहमद एडवोकेट के द्वारा एस डी एम अमन देओल को दिये गये पत्र में कहा गया है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए दुकानों और मकानों के अतिक्रमण की जद में आने के कारण उन्हें तोड़ा जा चुका है।

स्वार बाजपुर मार्ग के चौड़ीकरण से पूर्व मुख्य सड़क की दोनो साईडो में



पानी के निकासी हेतु पक्का नाला निर्माण का कार्य ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कराया जा रहा है। नाले नालियाँ बन्द होने के कारण बारिश का पानी दुकानों और घरों में घुस रहा है जिससे लोगों का भारी नुकसान हो रहा है। एसडीएम ने शीघ्र समस्या का समाधान कराए जाने का आश्वाशन दिलाया है।

# चोरी किए गए सामान के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने चोरी के समान सहित दो को पकड़ा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को चोरी की समान सहित गिरफ्तार पर चालान किया कोतवाली पुलिस द्वारा चौकिंग/रात्री गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सतीश पुत्र मसीचरन निवासी खाता कलाँ थाना मिलक जनपद रामपुर, और ऋषभ पुत्र प्रेमपाल निवासी रौरा कलां थाना मिलक जनपद रामपुर को चोरी किये गये एक छोटा गैस सिलेण्डर लाल रंग



व एक इलैक्ट्रानिक कांटा वजन करीब 20 किलो ओनिडा कम्पनी के साथ राधा स्वामी सत्संग की बाउंड्री व धर्मकांटा के बीच से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना मिलक पर , धारा-303(2)/317(2) बीएनएस बनाम सतीश आदि 2 नफर अभियुक्त पर पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय भेजा।

### सैफनी नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने सेवा सप्ताह अभियान के तहत

# कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रांमपुर।** नगर में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल द्वारा सेवा सप्ताह के अन्तर्गत नगर के माता वेला भवानी मन्दिर,भूड़ा मणि आश्रम,श्मशान भूमि,गंगा घाट और प्रमुख स्थानों पर वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर बजरंगदल के विभाग संयोजक विशालवीर तूफानी ने बताया कि देशभर में बजरंगदल द्वारा सेवा सप्ताह के अन्तर्गत 1 जूलाई से 7 जुलाई तक देशभर में बजरंगदल कार्यकर्ताओं द्वारा लाखों की संख्या में पौधे लगायें जायेंगे।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये




हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। पौधरोपण सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ्य है। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल,फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं। पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर नगर संयोजक टिंकू यादव,सत्यम ठाकुर, नमन रस्तौगी, सुमित जोशी, सूरज माली, ऋषब कुमार आदि मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल की मासिक बैठक हुई आहूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार उद्योग व्यापार प्रति. निधिमंडल के मेंन कार्यालय मोहल्ला खास स्वार में मासिक मीटिंग का आयोजन हुआ जिसमें नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने अपनी बात रखते हुए व्यापारियों को बताया की स्वार के सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन और सर्जन डॉक्टर की कमी होने के कारण स्वार की जनता बेहद परेशान है अभी कुछ दिन पहले रामपुर सांसद माननीय मोहिबुल्लाह नदवी साहब ने स्वार के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया था जिसमें व्यापार मंडल ने उनको एक पत्र सोपा था जिसमें कहा गया था कि स्वार के सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन तथा सर्जन डॉक्टर की कमी है उन्होंने आश्वासन दिलाया था कि तुम्हारी मांग को जल्द से जल्द पूरा



कराया जाएगा लेकिन अभी तक कोई भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

अध्यक्ष अनवर अली ने व्यापारियों से जनता से कहा कि अगर हमारी सुनवाई नहीं होती है तो व्यापार मंडल स्वार सी एम ओ रामपुर को विज्ञापन सौंपेंगे जिसमें अल्ट्रासाउंड मशीन और सर्जन डॉक्टर की तैनाती के लिए होगा व्यापार मंडल स्वार बहुत टाइम से सरकारी अस्पताल स्वार में अल्ट्रासाउंड मशीन और डॉक्टर सर्जन की तैनाती के लिए मांग कर रहा है जिससे की जनता का भला हो सके और स्वार की जनता को एक अच्छा इलाज मिल सके घ। इस मौके पर मौजूद रहे।

नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, शिव ओतार सक्सेना उर्फ मन्नू भैया, हाशिम शान, मुशर्रफ अली, गुड्डू हाफिज जी, अजीज मियां, फुरकान अली, रेहान अली,कदीर अंसारी, इस्लाम अंसारी, शकील सलमानी, फराज अहमद, इरफान अली, रईस, मतलूब,रजा, खुर्शीद,सद्दाम, फैसल, सलीम आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में एक घायल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मतवाली निवासी 50 वर्षीय अनीता पत्नी उमेश सिंह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल एंबुलेंस की सहायता से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डीआईओएस ने किया विद्यालय का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक अंजली अग्रवाल ने क्षेत्र के इंटर कालेज की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पहुंची। जिन्होंने पूरे क्षेत्र इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। स्टाफ के साथ बैठकर विद्यालय की स्थिति की जानकारी ली। कमियों को दूर करने के लिए इंटर कालेज के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 9 वी से 12 वी तक जा रही ऑनलाइन उपस्थिति का विवरण देखा ओर एस आर रजिस्टर का जांचा। सभी विद्यालयों को साफ सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

## पुलिस ने चार का किया शांति भंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट पर आमादा चार व्यक्तियों का शान्ति भंग मे चालान पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये।

अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा सी.ओ. मिलक के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज आज चार अभियुक्तगणों का चालान मारपीट पर उतारू होने के कारण शान्ति भंग में न्यायालय एस0डी0एम0 मिलक/शाहबाद रवाना किया गया है पकड़े गए अभियुक्त अरवाज पुत्र पुत्तन उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम खाता नगरिया थाना मिलक जनपद रामपुर, बाबू पुत्र शौकत उम्र 41 वर्ष, मौ0 शरीफ उर्फ बड़े पुत्र हस्सन उम्र 35 वर्ष और हनीफ उर्फ छोटे पुत्र हस्सन उम्र 30 वर्ष निवासी गण ग्राम मेहन्दीपुर थाना मिलक जनपद रामपुर निवासी है।

# कावड़ यात्रा के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी ने डीजे संचालकों के साथ की बैठक



**शाह टाइम संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को आगामी त्यौहार कावड़ यात्रा को लेकर डीजे संचालकों के साथ कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकार की अध्यक्षता में डीजे संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें डीजे संचालक को बताया गया कि कोई भी आपत्ति. जनक गाना भजन ना बजाए और कोई भी डीजे संचालक डीजे की ध्वनि से एक दूसरे से बहस नहीं करेंगे सभी नियमों का पालन करेंगे।

इस अवसर पर क्षेत्र के सभी डीजे संचालक, कोतवाल पंकज पंत, क्षेत्राधिकार हर्षिता सिंह एवं समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## किसान के घर में घुसकर की मारपीट कोतवाली पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** गांव के ही लोगो ने किसान के घर मे घुस की मारपीट किसान ने तीन लोगो के खिलाफ कोतवाली मे तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ओमकार पुत्र जय सिंह निशासी किशनपुर ने कोतवाली मे दी तहरीर मे कहा है कि वह चार तारीख को लग भाग छेह बजे अपने खेत से ट्रैक्टर लेकर आरहा था कि गांव के ही विजय सिंह ओमवीर राकेश ने रोक लिया ओर उसके साथ गाली-गलौच कर ने लगे उस समय तो वह वहा किसी तरह इन लोगो से बच कर निकल आया लेकिन इन लोगो ने शुक्रवार की रात लगभग दस बजे के करीब उसके घर मे घुस कर मारपीट की यह लोग कुछ लोगो को अपने साथ लेकर आये थे ओर उसके घर मे घुस कर मारपीट करने लगे शोर गुल सुनकर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए गांव के लोगे इकट्ठा होता देख यह लोग वहा से जान से मारने की धमकी देकर हवाई फायर करते हुए फरार हो गए यह अपराधिक प्रवर्ती के लोग है ओमकार सिंह पूर्व मे अवैध हत्यार रखने के जुर्म मे जेल भी जा चुका इन लोगो ने उसके खेत पर जाने वाले रास्ते पर भी कब्जा कर रखा है ओमकार ने तीन लोग ओमव. ीर, राकेश ,विजय सिंह के खिलाफ नामजद व कुछ अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ खोतवाली मे तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के जिला समन्वयक की सेवाएं समाप्त

**■ जांच में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद पर भर्ती हेतु रुपये लेने की हुई पुष्टि**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भ्रष्टाचार के विरूद्ध सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अन्तर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती में हुए भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के जिला समन्वयक धर्मपाल सिंह की सेवा समाप्ति की गयी।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती में हुए भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के जिला समन्वयक धर्मपाल सिंह की जांच में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा धर्मपाल के द्वारा 19000 रुपए लेने की पुष्टि की गयी थी।

डीएम अविनाश सिंह द्वारा उक्त प्रकरण की जांच उपायुक्त स्वत: रोजगार को सौंपी थी। जांच में जिला समन्वयक धर्मपाल सिंह दोषी पाया गया है। धर्मपाल सिंह पोषण अभियान के अन्तर्गत आउटसोर्सिंग के माध्यम से जिला समन्वयक के पद पर बाल विकास परियोजनाओं से प्राप्त सूचनाओं को संकलित करते हुए विभागीय पोर्टल सूचनाओं को अपडेट करने का कार्य किया जाता है।

जांच में धर्मपाल सिंह ने अपने बयान में बताया कि मढ़ीनाथ निवासी विभा रानी पत्नी सचिन के द्वारा उधार के रुप में 19000 रुपए ऑनलाइन के माध्यम से दिए गए थे, उधार की धनराशि समय से वापस न किए जाने पर विभा रानी द्वारा शिकायत की गयी है। इस प्रकार जिला समन्वयक धर्मपाल सिंह द्वारा 19000 रुपए की धनराशि लेने की सहमति प्रदान करने, जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उनकी कार्य प्रणाली संदिग्ध पाए जाने तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की जांच आख्या में 19000 रुपये के ट्रांजक्शन सही पाए जाने पर प्रथम दृष्टया जिला समन्वयक धर्मपाल सिंह को दोषी मानते हुए सेवा प्रदत्ता एजेंसी को उनकी सेवा समाप्त करने की कार्यवाही हेतु रिर्पोट प्रेषित की गयी है।

# मोहर्रम के जुलूस की वजह से देर रात तक आधे शहर में बिजली रही बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मोहर्रम के जुलूस को लेकर रविवार को आधे शहर में बिजली संकट बना रहा। किला सबस्टेशन क्षेत्र में देर रात तक बिजली नहीं होने से उपभोक्ता परेशान होते रहे। रविवार सुबह से ही शहर में अलग-अलग मोहल्लों में जुलूस निकलने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसकी वजह से किला, सनौआ, बिधौलिया, बाक. रगंज, कंघी टोला, गोविंदापुर, बानखाना, हरुनगला, गंगापुर, बदायूं रोड पर आपूर्ति को बंद रखा गया। किला सबस्टेशन क्षेत्र में आने वाले बाकरगंज कर्बला में शहर के ताजियों के जुलूस पहुंचने की वजह से सुबह 11 से देर रात तक आपूर्ति बंद रही।

सिविल लाइंस तृतीय सबस्टेशन के कालीबाड़ी पर हाई वोल्टेज की समस्या बनी रही। कुतुबखाना सबस्टेशन के पुराना बस अड्डा, सराय खाम आदि जगह पर शाम 4 से 5 बजे तक जुलूस के चलते आपूर्ति को बंद रखा गया। कोहाड़ापीर, सिविल लाइंस प्रथम आदि जगह पर फेस नहीं आने की समस्या रही। दुर्गानगर में दोपहर 12 बजे ट्रांसफार्मर की लीड जल जाने से बिजली गुल हो गई। शाहबाद क्षेत्र में बंच केबल डालने की वजह से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कला केंद्र स्कूल, कच्ची मस्जिद, आलमगीरीगंज, बरगद वाला पोल आदि जगह पर शटडाउन लिया गया। सुबह 9 बजे लोकल फाल्ट के चलते कुतुबखाना और किला क्षेत्र में बिजली गुल रही। कुतुबखाना सबस्टेशन के शास्त्री मार्केट फीडर पर ट्रांसफार्मर की लीड जल जाने से भी बिजली आपूर्ति बाधित रही।

# पंचायत चुनाव से पहले बढ़े झगड़े, 4913 अपराधी चिहिन्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अभी वक्त है, लेकिन गांवों में झगड़े बढ़ गए हैं। बरेली जिले में दुष्कर्म जैसी शिकायतें भी ज्यादा आने लगी हैं। पुलिस ने सत्यापन कर 4913 अपराधियों को चिह्नित किया है। इसमें बहेड़ी सर्किल में सर्वाधिक 2,155, नवाबगंज में 913, आंवला में 445, हाईवे सर्किल में 427 अपराधी शामिल हैं। जिले में 702 रंजिश के मामले भी चिह्नित किए हैं। इसमें बहेड़ी सर्किल के 235, आंवला के 123, हाईवे सर्किल के 101 और फरीदपुर सर्किल में 87 मामले



शामिल हैं।

सियासी लोगों के इशारे पर चुनाव में बवाल की आशंका पर पुलिस अभी से सक्रिय हो गई है। अपराधियों पर नजर रखी जा रही है। जो अपराधी राजनीति में सक्रिय हैं, उनकी भी निगरानी की जा रही है। ग्रामीण इलाकों से आ रही झगड़े, छेड़खानी और दुष्कर्म की शिकायतों की बारीकी से जांच की जा रही है। खुराफाती लोगों को मुचलका पाबंद करने की भी तैयारी है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पंचायत चुनाव के लिहाज से गांवों में सियासी गतिविधियां पहले ही शुरू हो जाती हैं। इस लिहाज से शिकायतें बढ़ी हैं तो पुलिस भी निगरानी कर रही है। सभी थानों व पुलिस कार्यालय पर अलग से रजिस्टर रखवाकर इस तरह के विवादों व खुराफाती तत्वों का डाटा एकत्र जुटाया जा रहा है।

# दबंगों ने दलित युवक को जमकर पीटा

**■ फिर उसकी वीडियो बनाकर की वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के दबंग युवकों को पुलिस और कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है, जिसके चलते आए दिन कस्बे में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। कस्बे के एक दलित युवक को दबंग युवकों ने पहले जमकर पीटा, उसके बाद उसकी वीडियो बनाकर वायरल कर डाली। युवक ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं होने पर युवक ने सीओ को घटना की तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है।

कस्बे की कहारान बस्ती के रहने वाले जगदीश सागर के पुत्र हेमन्त सागर द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मार्च माह में क्षेत्र के दबंग युवकों ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए पहले उसके साथ जमकर मारपीट की, साथ ही इसकी वीडियो भी बना डाली।

आरोप है कि इन दबंग युवकों ने गुजरी 21 जून को भी नगर के वेगराज अस्पताल के सामने घेर कर उसके साथ मारपीट की। युवक का आरोप है कि इन दबंगों ने उसके साथ की गई मारपीट की वीडियो बनाकर वायरल कर डाली, साथ ही वह उसे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है।

युवक ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। थाना पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने पर युवक ने सोमवार को सीओ को घटना की तहरीर और वीडियो देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# डीएम ने कांवड़ मार्ग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**■ कांवड़ियों की सुरक्षा व सुरक्षित आवागमन हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम अविनाश सिंह ने बदायूं रोड के कांवड़ मार्ग का भ्रमण कर मार्ग की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के समय सर्वप्रथम डीएम ने कछला से कांवड़ लेकर बदायूं रोड से बरेली की तरफ आने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग के दुरस्तीकरण के कार्य, लटकते विद्युत तारों के सुदृढ़ीकरण के कार्य, पोल व ट्रांसफार्मर पर प्लास्टिक शीट लपेटने के कार्य आदि को देखा गया, और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान श्रावण माह में चलने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा व सुरक्षित आवागमन हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कांवड़ यात्रा के मार्गों पर यातायात व्यवस्था व कांवड़ यात्रियों की सुविधा आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गये। इसके साथ ही कांवड़ यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये, जिससे कोई घटना घटित न हो।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दरोगा पर पिटाई का आरोप, एसएसपी से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के सकरस गांव के रहने वाले अफसार ने एसएसपी से शिकायत की है कि एक दरोगा ने उसकी पिटाई की, और जबरन झूठे बयान की वीडियो बना ली। अफसार का आरोप है कि दरोगा ने उसे बिना वजह मारा-पीटा, और उसका शान्ति भंग में चालान कर बंद कर दिया।

अफसार के अनुसार, उसका गांव में कुछ लोगों से बकाया पैसे मांगने को लेकर झगड़ा हो गया था। उन लोगों ने उसे धारदार हत्यार से हमला कर घायल कर दिया। जब वह थाने आया तो उसका मेडिकल कराने के बाद दरोगा ने उसकी पिटाई की, और झूठे बयान की वीडियो बना ली। अफसार ने एसएसपी से मांग की है कि दरोगा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, और उसे न्याय दिलाया जाए।

## एक नजर

### दलित नाबालिग लड़की से दूसरे धर्म के युवक ने किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र में एक दलित नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक समीर पुत्र मोमिन शाह निवासी फैजगंज के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी नाबालिग बेटी शौच के लिए गई थी, आरोपी युवक समीर उसे गलत नियत से पकड़कर अपने साथ ले गया, और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर बदहवास हालत में घर पहुंची, और अपनी मां को घटना की जानकारी दी। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि आरोपी युवक फरार है, जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी समीर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। संजय तोमर, कोतवाल बहेड़ी ने कहा कि इस मामले में नाबालिग युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी युवक को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### कोटेदार पर फर्जी शपथ पत्र लगाकर दुकान बहाल कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चुरैली के मजरा चराई डांडी के रहने वाले राम बहादुर पुत्र नन्हे सिंह ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी ग्राम पंचायत के तीन गांव की कोटेदार की दुकान दीननगर गांव में है। जहां कोटेदार चन्द्र बाबू लोगों को कम गल्ला देता था, और लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करता था। जिसकी शिकायत उन्होंने प्रशासन के अधिकारियों से की थी, जिसको संज्ञान लेते हुए तत्कालीन अधिकारियों ने कोटे की दुकान को निरस्त कर दिया था। शिकायतकर्ता ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि दो वर्ष तक दुकान निलंबित रहने के बाद कोटेदार चंद्र बाबू पुत्र गेंदल लाल ने फर्जी तरीके से लोगों के शपथ पत्र लगाकर व ग्राम प्रधान की फर्जी मोहर लगाकर पूर्ति निरीक्षक से मिलकर अपनी दुकान गैर कानूनी तरीके से बहाल करा ली है। शिकायतकर्ता ने दुकान के फर्जी तरीके से लगे शपथ पत्र की जांच की मांग कर दुकान के पुन: आवंटन की मांग की है, तथा दुकान बहाल करने वाले अधिकारियों पर भी कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### नवाबगंज में नौ जुलाई को होगा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पांडे की अध्यक्षता में आगामी नौ जुलाई को पूर्वाहन 11:00 बजे जनपद बरेली की तहसील नवाबगंज के सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उक्त महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में तहसील नवाबगंज क्षेत्र के आम जनमानस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं।

### मोबाइल चोरी का प्रयास असफल ,स्कूटी छोड़ भागना पड़ा, संदिग्ध को लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सोमवार को शाम लगभग चार बजे मोहल्ला तिगड़ी में एक चोर ने घर में घुसकर मोबाइल चोरी करने का प्रयास किया।परिजनों के शोर मचाने पर चोर मौके से भाग गया।पीड़ित के घर के वाहर उत्तराखंड नम्वर की एक स्कूटी मिली है, जो मोबाइल चोर की बताई जा रही है।

पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है।पुलिस पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।मामले की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।वायरल वीडियो में पुलिस एक व्यक्ति को दौड़कर पकड़ लेती है।और उसे पकड़कर थाने ले जाती है।पकड़े गए युवक के बारे में पुलिस के सामने ही एक स्थानीय नागरिक पुलिस को बता रहा है कि साहव इस व्यक्ति ने मोहल्ले से पचास मोबाइल चोरी किए हैं।यह शातिर चोर है।तब गिरफ्तार व्यक्ति बोलता है कि उसनें पहली बार चोरी की है त्यौहार पर खर्चे के लिए ग्रामीणों का आरोप है कि कस्बे में थाने के सामने लगने वाली बाजार में भी दर्जनों मोबाइल इसी व्यक्ति ने ही चोरी किए है। इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह ने बताया कि जानकारी की जा रही है पूरी जानकारी मिलने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी।

### बिजली के तारों से टकराकर ताजिया जला, दरोगा निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जनपद के फरीदपुर थाना क्षेत्र के गौसगंज में ताजिया जुलूस के दौरान बिजली के तारों की चपेट में आकर ताजिया जल गया। ताजिया में आग लगने से जुलूस में अफरा-तफरी मच गई। करंट की चपेट में आने से आधा दर्जन लोग झुलस गए। एसएसपी अनुराग आर्य ने ताजिये के सत्यापन में लापरवाही के आरा.प में थाना फरीदपुर में तैनात उपनिरीक्षक अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



दरअसल, आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने बीते 20 दिनों में जनपद के सभी ताजियेदारों की बैठकें कराई थीं और ताजिया के सत्यापन का जिम्मा संबंधित थाना क्षेत्रों के उपनि. रीक्षकों को सौंपा गया था। इसी क्रम में गौसगंज के ताजिये का सत्यापन एसआई अशोक कुमार द्वारा किया गया था। सत्यापन प्रपत्र में अशोक कुमार ने गौसगंज के ताजिये की ऊंचाई 10 फीट दर्शाई थी, जबकि हकीकत में यह ताजिया 25 फीट ऊंचा था। अधिक ऊंचाई के कारण बिजली के तारों से टकराकर ताजिये में आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई और बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एसएसपी अनुराग आर्य ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए एसआई अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# क्षय रोगियों को वितरित की पोषण पोटली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला क्षय रोग केन्द्र पर केमिस्ट एसोसिएशन एवं इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सहयोग से 150 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गईं।



कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा जनपद में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, एनजीओ, अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्वयं सेवी संस्थाओं आदि के द्वारा गोद लिये गये क्षय रोगियों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. इन्तजार हुसैन द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2025 में 8653 क्षय रोगियों को गोद लिये जाने हेतु सहमति प्राप्त की गई है, जिसमें 6137 क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष/प्रतिनिधि दिनेश गोयल एवं केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश खटवानी से आवाहन किया कि क्षय रोगियों को उपचार चलने तक प्रत्येक माह पोषण पोटली उपलब्ध कराते रहें, जिससे कि क्षय रोगियों को अच्छा पोषण मिल सके, एवं वह शीघ्र स्वस्थ हो सकें। औषधि निरीक्षक राजेश कुमार एवं अनामिका अंकुर जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित कैमिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में इसी प्रकार से जुड़े रहने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश खटवानी, महामंत्री चन्द्रभूषण गुप्ता, राकेश नरूला, किशोर कुमार भगत, कमल कोहली, विकास पाहवा, अंकित, मुकेश खटवानी सहित जिला क्षय रोग केन्द्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# डीएम की मेहनत ला रही रंग, जनपद की रैंकिंग में निरंतर हो रहा सुधार

**■ आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण में जनपद को मिला प्रदेश में 5वां स्थान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद बरेली को आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश स्तर पर माह जून में 5वीं रैंक प्राप्त हुई है। मई माह में जनपद ने 25वीं रैंक प्राप्त की थी। डीएम अविनाश सिंह के अथक प्रयासों से जनपद की रैंकिंग में उछाल आया है। इस बार जनपद ने 20 रैंक की छलांग लगाते हुए 5वें स्थान पर पहुंच गया है जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि आईजीआरएस मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में से एक है, जिसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन गांव से सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उस गांव का भ्रमण कर शिकायतों का निस्तारण अतिशीघ्र किया जाए। कोई भी अधिकारी शिकायतों का निस्तारण दफ्तर में बैठ कर न करें, बल्कि मौके पर जाकर ही शिकायत का निस्तारण किया जाना चाहिए।

डीएम ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट होना जरूरी है।

इसी का परिणाम है कि आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में जनपद की 5वीं रैंक तथा 350 तहसीलों में से तहसील सदर व बहेड़ी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त की, व तहसील फरीदपुर को 32वीं रैंक, तहसील मीरगंज एवं तहसील नवाबगंज को 72वीं रैंक तथा तहसील आंवला को 97वीं रैंक प्राप्त हुई।

# एक पेड़ मां के नाम-2.0 वृक्षारोपण को डीएम ने ली बैठक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को ''एक पेड़ माँ के नाम-2.0'' विषयक 09 जुलाई को जनपद में होने वाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में समस्त विभागों द्वारा वृक्षारोपण के दृष्टिगत पौधों के उठान व मांग की समीक्षा की गयी।

बैठक में डीएम ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को वृक्षारोपण हेतु समस्त तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में पौधे के उठान की स्थिति में ग्राम विकास विभाग, कृषि विभाग, बरेली विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम की स्थिति खराब पायी जाने पर डीएम ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत लाभ पाने वाले किसानों को भी उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल किया जाए। बैठक में बताया गया कि पौधारोपण के साथ-साथ जीयो टैगिंग की कार्यवाही को भी अमल में लाया जाए। बैठक में डीएम ने कहा कि समस्त सम्बंधित विभाग वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियों को पूर्ण कर लें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फरीदपुर प्रकरण: महिला समेत तीन को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** फरीदपुर के साहूकारा बाजार में ताजिया रखने वाली जगह के पास दुकान में तोड़फोड़ व पुलिस के सामने बाजार लूटने की धमकी देने के मामले में महिला समेत तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। तीनों पर विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी करने का भी आरोप है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

फरीदपुर कस्बे के साहूकारा बाजार में रविवार तड़के ताजिया रखने के दौरान कुछ खुराफातियों ने कपड़े की दुकान का स्लैब तोड़ दिया था। शटर को भी तोड़ने की कोशिश की। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। फुटेज में कुछ युवक स्लैब तोड़ते दिख रहे हैं। रविवार सुबह जानकारी होने पर व्यापारियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बाजार बंद करवा दिया। सड़क पर विरोध-प्रदर्शन किया। एसडीएम फरीदपुर मल्लिका नैन व सीओ संदीप कुमार सिंह ने व्यापारियों को समझा-बुझाकर मनाया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद



प्रदर्शन खत्म हुआ।

दरोगा जसवीर सिंह ने फरीदपुर के ही अनस, अलतमस, सलीम आढ़ती के छोटे बेटे व मोबिना उर्फ छोटी बहन और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के बाद पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाने वाली मोबिना, अनस और नाजिम को पुलिस ने सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया। बता दें कि मोबिना सभासद का चुनाव लड़ चुकी है।

# मोहर्रम पर नसीम अहमद ने शरबत, जूस और फल बांटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** विधानसभा प्रत्याशी पूर्व चेयरमैन पति नसीम अहमद ने मोहर्रम के त्यौहार पर सबील लगाकर लोगों को कोल्ड ड्रिंक और जूस पिलाने का आयोजन किया। नसीम अहमद के इस आयोजन से ताजिए देखने आए लोगों और अन्य राहगीरों ने राहत महसूस की। नसीम अहमद के इस प्रयास से समाज में एकता और सौहार्द का संदेश जाता है।

मोहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना है, जो मुस्लिम समुदाय के लिए अत्यंत पवित्र और भावनात्मक महीनों में से एक माना जाता है। मुसलमानों के लिए यह महीना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस महीने की 10वीं तारीख को यौमे आशूरा कहा जाता है।

मोहर्रम के दौरान सबील और लंगर लगाना एक पारंपरिक और धार्मिक आयोजन है। इसमें आने वाले लोगों को शरबत, फल और अन्य पेय पदार्थ बांटे जाते हैं। यह आयोजन समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। नसीम अहमद का यह प्रयास न केवल मोहर्रम के अवसर पर बल्कि समाज के लिए भी एक अच्छा संदेश है। नसीम अहमद के इस कार्य से लोगों में एकता और सौहार्द की भावना बढ़ती दिखाई दी है। नसीम अहमद ने इस तरह के आयोजन में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जो उनके समाजसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उनका यह कार्य बहेड़ी के लोगों को हमेशा शांति और सौहार्द का संदेश देने का काम करता है।



**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# आग में झुलसी महिला की मौत

## आरोपी पति हिरासत में, मायके पक्ष में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद में अपनी पत्नी को आग के हवाले करने वाले पति की क्रूरता का शिकार हुई वंदना देवी (45 वर्ष) ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

वह करीब 90 प्रतिशत तक झुलस चुकी थी। घटना के बाद से जहां परिवार सदमे में था, वहीं अब उसकी मृत्यु के बाद मायके पक्ष में कोहराम मच गया है।



मृतका के भाई विकास राजपूत निवासी फतियाबाद, थाना नूरपुर ने कोतवाली धामपुर में दी गई तहरीर में बताया था कि उसकी बहन की शादी करीब 25 वर्ष पहले चंद्रशेखर पुत्र कृष्ण कुमार निवासी नौरंगाबाद से हुई थी। शादी के बाद से ही चंद्रशेखर का स्वभाव हिंसात्मक था और वह आए दिन वंदना के साथ मारपीट और गाली-गलौच करता था। भाई ने यह भी आरोप लगाया कि चंद्रशेखर नशे का आदी है और अक्सर नशे में बहन को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा।

इस संबंध में कई बार पंचायतें भी बुलाई गईं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। 5 जुलाई की शाम को एक मामूली विवाद के बाद चंद्रशेखर ने वंदना के साथ पहले मारपीट की, फिर उसे कमरे में बंद कर उस पर तेल छिड़ककर आग लगा दी। वंदना की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह दरवाजा तोड़कर आग बुझाई। पहले उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए तुरंत दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि तमाम प्रयासों के बावजूद वंदना की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने बताया कि महिला की मौत के बाद घटना में हत्या की धाराएं जोड़कर मुकदमे को अपडेट किया गया है। आरोपी पति चंद्रशेखर को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

इधर नौरंगाबाद गांव में घटना के बाद शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वंदना एक सीधी-सादी और मेहनती महिला थी, जो वर्षों से अत्याचार सहती आ रही थी, लेकिन अब उसकी क्रूरता के शिकार होकर मौत ने सभी को झकझोर दिया है।

## शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए मोहर्रम के जुलूस व ताजिये


**नजीबाबाद।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मोहर्रम के मौके पर जुलूस, ताजिये व अखाड़े शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए। मोहर्रम के अखाड़ों में खिलाड़ियों ने बैरेंटी, बल्लम आदि से अनेक हैरत अंग्रेज करतब दिखाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। मौहल्ला सब्नीग्राम से अंजुमने हुसैनिया की जानिब से जुलूस निकाला गया। जिसमें शामिल मॉडलों को सभी ने सराहा। जुलूस में असगर हुसैन, मोहिब हुसैन, ताजियादार जाकिर हुसैन, रईस अहमद, इदरीस अहमद, शाहनवाज, इरशाद, शमीम खलीफा, अरबाज, वासु, आशु आदि सदस्य मौजूद रहे। मौहल्ला बांसमंडी एक मीनार वाली मस्जिद से परम्परागत ताजिया बनाकर पुराना कसाई खाना में इमामबाड़ा की सम्पत्ति के पास लाकर खड़ा किया गया। साथ ही मेहंदी का जुलूस निकाया गया। जुलूस में बड़ों के साथ बच्चों ने भी अनेक करतब दिखाए।

# एनसीसी शिविर में कैडेट्स ने आपदा प्रबंधन को सीखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** देवता महाविद्यालय में चल रहे दस दिवसीय एनसीसी शि. विर के छठवें दिन मास्टर ट्रेनर के पद पर तैनात ओम प्रकाश तथा पंकज शर्मा ने एनसीसी कैडेट्स के मध्य पहुंचकर आपदा प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया।

प्राकृतिक आपदा हो या मैन मेड आपदा दोनों में ही किस प्रकार हम अपने आप को और अपनों को बचा सकते हैं। इस पर जरूरी टिप्स दिए। आपदा के समय कैडेट्स को धैर्य रखना चाहिए। यदि वह खुद भयभीत हो जाता है या धैर्य को देता है तो वह दूसरों की जान माल को कैसे बचा सकता है। उनका कहना था कि इसको प्रत्येक कैडेट को सिखाना अति आवश्यक है। कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी ने दोनों मास्टर ट्रेनर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी, डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट, कैप्टन मोहम्मद यूनुस चौधरी, लेफ्टिनेंट शशांक कुमार शर्मा, लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा, लेफ्टिनेंट ललित कुमार, लेफ्टिनेंट देवानंद राय, सुबेदार मेजर बलवंत सिंह,सेकंड अफसर भूपेंद्र सिंह थर्ड अफसर रिंकी देवी सूबेदार कृष्ण कुमार, सुब. दार पलजर, भूटिया, नायब सूबेदार मधु सूदन रतूड़ी, नायब सूबेदार विनिल, हवलदार विनोद नेगी, हवलदार संजय सिंह, हवलदार मन बहादुर लिम्बु, हवलदार विनोद कुमार, हवलदार तिरलोक सिंह, हवलदार अर्जुन सिंह, रघुवीर सिंह, हवलदार मनोज राय, हवलदार ज्ञानदेंद्र श्रेष्ठ आदि उपस्थित रहे।

# विहिप व बजरंग दल ने लगाया चिकित्सा शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को ग्राम नारायणपुर में लाला करन सिंह की बैठक पर एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ मेरठ प्रांत के सह सत्संग प्रमुख कैलाश उपाध्याय और मंडावर प्रखंड अध्यक्ष सर्विन कुमार ने संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में डॉ. नितिन पाल और डॉ. उत्तम चौधरी ने पहुंचे मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और बुखार, जुकाम सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित लगभग 80 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां प्रदान कीं।

इस अवसर पर बजरंग दल बिजनौर के जिला सह संयोजक विनीत, प्रखंड सहमंत्री प्रवीण, सुधाकर, सुबोध सहित ग्राम के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मीनू गोयल जिलाध्यक्ष महिला विंग मनोनीत

## संगठन को मजबूत बनाने में करेगीं सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** व्यापारी एकता परिषद की एक आवश्यक बैठक वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत गोयल जी के आवास पर संपन्न हुई। जिसका संचालन प्रशांत चौधरी ने किया। बैठक की अध्यक्षता प्रशांत गोयल ने की।



बैठक में मुख्य वक्ताओं में प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी रहे। बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने कहा कि हमारा संगठन पूर्ण रुप से अराजनैतिक है और सर्व समाज को साथ लेकर आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। मातृ शक्ति के संगठन से जुड़ने से संगठन को मजबूत बनाने में पूर्ण सहयोग रहेगा। ऐसी आशा करते है। संगठन का उद्देश्य महिला विंग के गठन के साथ महिलाओं के व्यापार को आगे बढ़ाने का है।

प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी ने कहा कि हमारे संगठन में जातिवाद व धर्मवाद की राजनीति नहीं होती। संगठन का उद्देश्य केवल अपने व्यापारी समाज को मजबूत करके व्यापारी समाज की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का है।

मीनू गोयल ने कहा कि महिलाओं का पूर्ण सहयोग संगठन को रहेगा। वह हमेशा संगठन के कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेंगीं।

राजीव, प्रदीप अग्रवाल, हितेंद्र खरबांदा जिला मंत्री, रश्मि गुप्ता नगर अध्यक्ष, शशि सेंगर जिला उपाध्यक्ष महिला बिंग, विजय अरोरा संरक्षक, मोनिका पाल सदस्य, रेणु भाटिया सदस्य, संगीता सिंह सदस्य, वंदना त्यागी जिला मंत्री, साजिया जिला संगठन मंत्री, लीना तोमर, राधिका खन्ना, मोनिका अग्रवाल जिला महामंत्री आदि को संगठन मनोनयन पत्र देने संगठन में मुख्य पदाधिकारियों द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई।

# जतिन सैनी ने सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर किया नाम रोशन

## परिवार में हर्ष का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पालिका सभासद ओमप्रकाश सैनी के युवा पुत्र जतिन सैनी के द्वारा सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर न सिर्फ जतिन के परिवार में बल्कि पूरे नगर में हर्ष का माहौल है।

नगर के मौहल्ला दया विहार निवासी सभासद ओमप्रकाश सैनी बताते हैं कि उनके पुत्र जतिन सैनी ने 12वीं कक्षा सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज, चांदपुर, स्याऊ व बी.कॉम गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय से उत्तीर्ण कर अपनी अगली पढ़ाई का कोर्स दिल्ली स्थित एक इंस्टीट्यूट से सीए किया। जहां से उन्होंने सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण की। जतिन सैनी की इस उपलब्धि से उनके परिजनों में खुशी की लहर है और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ हैं। जतिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

मौजूदा सभासद ओम प्रकाश सैनी को समस्त बोर्ड नगर पालिका परिषद चांदपुर ने भी बधाई दी है। सभासदपति शेख मौहम्मद रईस, मौहम्मद परवेज वार्ड मौहल्ला बाजार सभासद ने भी जतिन सैनी को अपना आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया फिजियोथेरेपी सेन्टर का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र में नजीबाबाद हरिद्वार मार्ग पर ग्राम करौली में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र राजपूत, चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी के साथ ग्राम कामराजपुर निवासी डॉ. हरीश विश्वकर्मा के नए प्रतिष्ठान श्री विश्वकर्मा फिजियोथेरेपी एवं हेल्थकेयर सेन्टर का फीता काटकर उद्घाटन किया। पंडित अमित कौशिक ने विधि विधान से हवन पूजन कराया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र राजपूत, चौधरी ईशम सिंह, भाजपा नेता अनुज चौधरी, थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील सैनी, ग्राम प्रधान इरफान अहमद, साजिद हुसैन, दलीप कुमार, लोकेन्द्र सिंह, युनुस अहमद, शाहिद अहमद, करीमुद्दीन, खुर्शीद, अकबर, अनवर अहमद, करूणा धीमान, देवांश धीमान, राजीव कुमार, किरण देवी, शिवानी, अक्की धीमान, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, लक्की, अनवर अहमद, अकबर, सब्बू, स्टाफ नर्सिंग, हिमानी, पिंकी, शिप्रा, मुस्कान, नीरज कुमार, नफीस अंसारी, निखिल कुमार ऑडियो उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख एवं उपस्थित अतिथियों का डॉ. हरीश कुमार, विश्वकर्मा ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

# सैकड़ों किसानों ने थामा भाकियू का दामन

## बैठक में समस्याओं पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (आ.रा.) की मासिक बैठक ग्राम पलानी में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से आवारा पशु, गुलदार और जंगली जानवरों से किसानों और खेती को हो रहे नुकसान पर चर्चा की गई। किसानों ने चिंता जताई कि फसलों की सुरक्षा को लेकर अभी तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है।



जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा ने कहा कि सरकार को किसानों की जमीनी समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि तहसील और विभागीय कार्यालयों में फैले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए संगठन को मजबूत करना होगा। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ तो भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्यालयों में तालाबंदी की जाएगी।

बैठक का एक अहम पहलू यह रहा कि भारतीय किसान यूनियन (भानु) के नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय किसान यूनियन (आ.रा.) की सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्षता ऋषिपाल सिंह ने संचालन अरविंद राजपूत ने किया। सुभाष कुमार, सत्येंद्र कुमार, अजय कुमार, पवन कुमार, जगदीश सिंह, सुरेश कुमार, ईश्वर चंद्र सहित अन्य समर्थकों ने भी संगठन की सदस्यता ली और किसानों के हितों की लड़ाई को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

# पूनम देवी को बनाया यूनियन का महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवादाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस कार्यकर्ताओं की एक बैठक ग्राम पंचायत फीना में हुई। इस बैठक में यूनियन कार्यकर्ताओं ने अपने संगठन को मजबूत बनाने, संगठन के विस्तार कारण पर चर्चा करते हुए पार्टी में कुछ और जिम्मेदारों को जिम्मेदारी सौंपने का भी निर्णय लिया। जिसके अंतर्गत बहन पूनम को यूनियन का महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अधाना ने भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस को और अधिक मजबूत बनाने, संगठन के विस्तारीकरण पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्य योजना बनाने का आह्वान किया। युवा प्रदेश प्रभारी श्याम कुमार ने कहा कि हम संगठन को मजबूत बनाने की सबसे पहले पहल करते हुए संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दिलाया। मंडल सचिव राहुल गुर्जर, डॉक्टर सर्वेश देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर बहन पूनम से संगठन में विस्तार पूर्वक वार्ता हुई जिस पर बहन ने संगठन की नीति व अनुशासन से संतुष्ट होकर कार्य करने का निर्णय लेने पर उन्हें भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने जिला बिजनौर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोनीत पत्र देकर बहन जी का स्वागत वंदन अभिनंदन किया। अपने मनोनीत किये जाने के बाद जिला अध्यक्ष पूनम ने जिला बिजनौर के कोने-कोने तक संगठन का विस्तार करने की बात कही और काम करने का निर्णय लिया। यह जानकारी युवा प्रदेश प्रभारी श्याम कुमार बीआरएसएस के हवाले से सुभाष सिंह चौधरी ने दी हैं।

## एक नजर

### वाहन आपस में टकराये, तीन घायल

**नजीबाबाद।** कस्बा जलालाबाद में सोमवार को सुबह तीन वाहनों के अचानक आपस में टकराने से तीन लोग घायल हो गये। जलालाबाद स्थित देव पेट्रोल पम्प के पास सुबह करीब नौ बजे डीसीएम, पिकअप व जुगाड़ ट्रैक्टर की आपस में भिड़त हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में डीसीएम चालक राजीव पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम मनोहरपुर अलीगढ़, पिकअप में सवार दिलशाद पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम राहूखेड़ी जलालाबाद व जुगाड़ ट्रैक्टर का चालक शमशाद पुत्र इंतजार निवासी मौहल्ला कुरैशियान जलालाबाद शामिल है। सूचना मिलते ही जलालाबाद चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को उपचार के लिए समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। वहां से घायल दिलशाद की हालत गंभीर देखते हुए उसे बिजनौर के लिए रैफर कर दिया गया। दुर्घटना में तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मार्ग तीन वाहनों के अपास में टकराने के बाद कुछ समय के लिए बाधित हो गया। बाद में सड़क से वाहनों को हटवाया गया।

### कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया




**धामपुर।** एसबीडी कालेज में वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर मे पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान, नोडल अधिकारी डा. कनक चौहान, प्रो. बिमला सिंह, डा. अर्चना, श्रीमती नीलमपाल, डा. रेशू शुक्ला, डा. चारू अग्रवाल, डा. अर्चना कुन्तल, कु. रितु देवी, डा. गीता शर्मा, कु. काजल उपस्थित रहे। रामसिंह, अर्जुन सिंह रवि आदि का सहयोग रहा। किया जा रहा है।

### चीनी मिल में लगाया एक पेड़ मां के नाम

**नजीबाबाद।** किसान सहकारी मिल के जीएम सुभाष कुमार ने अपना दल एसके जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, सरदार रक्षपाल, हरेंद्र सिंह, शहजाद, मुस्तकीम, आरिफ व सीसीओ तिवारी, सीए आदि के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर जिला अध्यक्ष अपना दल के साथ मिलकर मिल में लगाया गया। पेड़ लगाकर एक संदेश दिया गया कि पेड़ मानव जीवन को बचाने में सहयोग करने वाले है। हर परिवार की जिम्मेदारी है कि वह एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं।

### अखाड़े में दिखाए हैरतअंगेज करतब



**नहटौर।** ग्राम मटौरा मान में दसवीं के मोहर्रम के मौके पर अखाड़ा निकाला गया। अखाड़े का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य दावेदार इरफान अल्वी व ग्राम प्रधान आजाद समाज पार्टी के नहटौर विधानसभा अध्यक्ष अतीक अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अखाड़े में युवकों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। अखाड़ा ग्राम के निर्धारित मार्गो से निकाला गया। अखाड़ा देखने के लिए भीड़ जमा रही। अखाड़ा कमेटी के पदाधिकारियों को इरफान अल्वी व अतीक अंसारी ने पगड़ी बांधकर सम्मानित भी गया। इस मौके पर शेर अली इदरीसी, जहीर अली, जाकिर अली, हनीफ अल्वी, सांवर अंसारी आदि कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा की संगठनात्मक बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जैतरा स्थित सिंह विहार कॉलोनी में जिला महामंत्री श्रीमती शोभा राजपूत के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के विस्तार की दिशा में विचार-विमर्श करना रहा। यह बैठक सकारात्मक और संगठन के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक अहम कदम साबित हुई। इस अवसर पर शोभा राजपूत (जिला महामंत्री) एवं प्रीति राजपूत (जिला उपाध्यक्ष) को संगठनात्मक मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे संगठन को और भी मजबूती प्रदान हुई।

इस गरिमामयी बैठक में महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के कई क्षेत्रीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. महेंद्र सिंह, टीकम सिंह, चंद्रभान सिंह, राजेंद्र कुमार, नगर संयोजक सुनीता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत, मीडिया प्रभारी निर्देश राजपूत आदि शामिल रही।

बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा मीनू सिसोदिया एवं जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष अनिल राजपूत ने किया।

# बंधन रंग महोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## समिति ने अतिथियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बंधन सांस्कृतिक सामाजिक समिति की ओर से रविवार को शुभम मंडप में एक दिवसीय बंधन रंग महोत्सव-2025 का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने गायन, नृत्य और वेशभूषा प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा नटराज प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन में पहुंचे सभी विशिष्ट अतिथियों को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

नृत्य प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन-3, डीआईडी और हिप हॉप इंडिया फेम अंजल राणा मौजूद रहीं, जबकि गायन प्रतियोगिता का मूल्यांकन गुलफाम अहमद ने किया। वेशभूषा प्रतियोगिता में विशाल त्यागी व हिमांषी राजपूत निर्णायक रहे। समिति ने सभी निर्णायकों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में बिजनौर, धामपुर, नजीबाबाद, नहटौर, धनौरा, चंदौसी, मुरादाबाद, हरिद्वार, शेरकोट, कोतवाली व स्योहारा सहित आसपास के क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस मौके पर जितेंद्र शर्मा बबलू, बबीता गुप्ता, ऐश्वर्या चौधरी, मीनू सिसौदिया, हिमांशु विश्वास, सुमित माहेश्वरी, डॉ. संजय भटनागर, धर्मेंद्र सैनी, नाजिम अहमद अल्वी, गौरव दुआ, सुगम जैन, मास्टर सुधाकर, सतवंत सिंह सलूजा, एसपी सलूजा, निखिल छाबड़ा, जसप्रीत सिंह रॉकी, अनीता चौहान, कुंवर आशीष राजपूत, नितिन राज, पुनीत शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने पर शहनवाज, अमन, प्रिया मलिक (नजीबाबाद), पवन कृष्णा, आकाश गोस्वामी, सुमित सैनी (धामपुर), रवि थापा (हरिद्वार), दिनेश जाकर, कोषिंदर मैक्स (गजरौला), दीपक (नहटौर), अजय सिंह (नूरपुर), मोहम्मद मोहसिन, टिंकू (काशीपुर), मीना कुश रस्तोगी (स्योहारा), कंचन चौहान (हल्दौर) को भी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा और दर्शकों ने भी भरपूर तालियों से उनका मनोबल बढ़ाया।

# खड़े ट्रक में घुसी कार, हेड कांस्टेबिल व पत्नी की मौत

## कार में सवार दोनों बच्चे भी घायल, छुट्टी के बाद अमरोहा लौटते वक्त गजरौला में हुआ दर्दनाक हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे पर खराब खड़े ट्रक में टकराकर कार सवार पुलिस की स्पेशल ब्रांच में तैनात हेड कांस्टेबल व पत्नी की मौत हो गई तो वहीं उनके दो बच्चे घायल हो

**घटना से परिजनों व विभाग में दौड़ी शोक की लहर**

गए। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी और हेड कांस्टेबल की पत्नी को बमुश्किल बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों को सीधे ही पोस्टमार्टम हाउस के लिये भेज दिया, जबकि बच्चों का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरोहा पुलिस की विशेष शाखा (अभिसूचना विभाग) में तैनात हेड कांस्टेबल जव्वाद जैदी (38) पुत्र रियाज जैदी मूल निवासी ग्राम गालिबपुर कस्बा व थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर 05.07.2025 से 03 दिवस के आकस्मिक अवकाश पर था। सोमवार को वह अपने गांव से पत्नी उर्शी व दो बच्चों अली कियान व फहाम कियान के साथ अमरोहा के लिये अपनी ईओन कार से लौट रहा था। जब जव्वाद जैदी की कार गजरौला के हाइवे पर स्थित नोबल पब्लिक स्कूल के नजदीक पहुंची तो हाइवे पर खराब खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। चूंकि कार की गति काफी तेज थी इसलिए कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में जव्वाद जैदी व उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों बच्चे घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों बच्चों को कार से बाहर निकाला गया और यहां से गुजर रहीं सैंट मेरी कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या रैम्या ने अपनी कार से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाया, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से जव्वाद व उनकी पत्नी के शवों को बमुश्किल बाहर निकाला, क्योंकि गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त थी। उनके शवों को सीधे यहीं से पोस्टमार्टम हाउस अमरोहा के लिये भेजा गया। हादसे की सूचना मिलते ही जव्वाद के स्टॉफ के लोग भी पहुंच गए, सहकर्मियों और पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि हादसे में दंपत्ति की मौत हुई है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है, जबकि उनके दोनों बच्चों का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



### 2017 से थे अमरोहा में तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो गजरौला।** हादसे में जान गंवाने वाले हेड कांस्टेबल जव्वाद जैदी के सहकर्मियों की मानें तो वे बेहद मृदुभाषी थे। अपने सहकर्मियों और जान पहचान के लोगों के बीच उनकी छवि हमेशा हंसमुख प्रवत्ति की रही। इसलिए इस हादसे के बारे में सुनकर हर कोई दुखी हो गया। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 26.10.2017 से विशेष शाखा अमरोहा में नियुक्त थे।



गजरौला। हादसे के बाद मौके पर लगी पुलिस व स्थानीय लोगों की भीड़।



गजरौला। हादसे के बाद ट्रक में घुसकर क्षतिग्रस्त हुई कार।

### हाइवे पर खराब ट्रक पहले भी बन चुके हादसों का सबब

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे पर खड़े ट्रक में टकराकर जिस तरह हेड कांस्टेबल और उनकी पत्नी के जीवन की रोशनी छिन गई, इसी तरह ही पहले भी कई हादसे इन खराब ट्रक व अन्य खराब वाहनों के चलते हो चुके हैं। दरअसल ऐसे ट्रकों के चालक न तो कोई

**अभी गायक पवनदीप भी इसी तरह हुए थे घायल**

संकेतक लगाते हैं और न ही किसी किसी व्यक्ति को झंडी देकर खड़ा करते हैं ताकि पीछे से आ रहे वाहन चालकों को पता चल सके। बार बार इन कारणों से होने वाले हादसों के बाद भी जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान नहीं है। अभी कुछ समय पहले भी गायक पवनदीप व उनके साथी खराब खड़े ट्रक में टकराकर ही गंभीर रूप से घायल हुए थे। हाइवे पर वाहन खराब हो जाने के बाद भी तुरंत क्रेन के माध्यम से वाहनों को सड़क से हटाना चाहिए मगर कोई नियम फॉलो नहीं करता।

### मम्मी को पुकारकर रोते रहे बच्चे...

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान दिवंगत हेड कांस्टेबल जव्वाद जैदी के दोनों बच्चे अली कियान व फहाम कियान मम्मी को पुकार कर रो रहे थे। उन्हें जब तक यह अहसास नहीं था कि उनके सिर से मां बाप का साया उठ गया है, मगर हादसे में लगी चोट का दर्द इतना ज्यादा था कि वे बस मम्मी को पुकार रहे थे। छोटा बच्चा बार बार कह रहा था कि मुझे मम्मी के पास जाना है, जिसने भी इस दृश्य को देखा वही भावुक हो उठा।

जीवन में मां बाप का साया हर बच्चे के जीवन में ढ़ाल की तरह होता है। बच्चे अपनी दुख, सुख और कोई भी बात अपने मां बाप से बिना हिचक शेयर कर देते हैं। सोमवार

**दुखद क्षण: मासूम बच्चों के सिर से उठा मां-बाप का साया**

को गजरौला में हुए दर्दनाक हादसे में माता पिता दोनों का साया खोने वाले दोनों बच्चों को बेशक उनके परिवार की हमदर्दी, पालन पोषण व हमदर्दी मिले मगर मां बाप जैसा प्यार उन्हें कहां मिलेगा। लेकिन शायद होनी को यही मंजूर था। मौत के आगे किसी की नहीं चलती। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में पढ़ते थे। चिकित्सक ने बताया कि दोनों बच्चे घायल हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर है। वे कार में पिछली सीट पर बैठे थे जबकि उनके पिता कार चला रहे थे और माता बगल वाली सीट पर थीं।

# कहासुनी के बाद दो पक्ष भिड़े, दस घायल

## दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मुहर्रम के दौरान हुई कहासुनी के बाद दो पक्ष आपस में भिड़ गए। गांव आकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित हुई है। घटना में दोनों पक्षों के 10 लोग घायल हो गए थे। दोनों पक्षों ने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर जैद की है। यहां पर सलमान व शानेआलम के परिवार रहते हैं। रविवार को दोनों लोग स्वजन के साथ असमौली थाना क्षेत्र के गांव मनौटा में ताजिए के साथ गए थे। वहां किसी बात को लेकर सलमान व शाने आलम के बीच कहासुनी हो गई थी। हालांकि वहां तो लोगों ने दोनों पक्षों के बीच मामला शांत करा दिया था। परंतु शाम को गांव लौटने पर दोनों पक्ष फिर से आमने सामने आ गए। देखते ही देखते उनके बीच मारपीट होने लगी। एक दूसरे पर लाठी-डंडो से हमला किया तथा पथराव किया गया। मारपीट की वीडियो किसी ग्रामीण ने बना कर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी। सूचना मिलते ही डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामला शांत कराया। इस घटना में सलमान, अकबरी, नईम, गुफरान और हिलाल तथा दूसरे पक्ष से शाने आलम, नदीम, मजारूल, मेहरूल निशा व इल्मा घायल हो गए हैं। घायलों का उपचार सरकारी अस्पताल में कराया गया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# चालीस लाख की उधारी दिखा पुलिस से की शिकायत

## कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** किसान के साथ धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। स्टाम्प पर फर्जी अंगूठा लगाकर चालिस लाख रूपये की उधारी की शिकायत पुलिस से कर दी गयी। पीड़ित ने अदालत की शरण ली थी। जिसके आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर नवादा में रफीउद्दीन का परिवार रहता है। 17 जून को उनके पास डिडौली कोतवाली से पुलिस कर्मियों की काल आई तथा उन्हें कोतवाली बुलाया गया था। कोतवाली पहुंचे रफीउद्दीन को जानकारी हुई कि रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अमजद ने उनके विरुद्ध तहरीर दी है। जिसमें 40 लाख रुपये उधार लेना दर्शाया है। अमजद ने साक्ष्य के तौर पर एक स्टांप पेपर भी दिखाया। जिसमें रफीउद्दीन द्वारा अमजद से पैसे उधार लेने की बात लिखी तथा उस पर रफीउद्दीन का अंगूठा भी लगा था। रफीउद्दीन का कहना है कि उसने अमजद से कोई पैसा नहीं लिया तथा न ही किसी स्टांप पर अंगूठा लगाया। आरोप लगाया कि स्टांप फर्जी तरीके से तैयार किया गया था। हालांकि उस समय तो मामला रफा-दफा हो गया तथा पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जब रफीउद्दीन ने धोखाधड़ी कर पैसे वसूलने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी तो उस पर भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। लिहाजा पीड़ित ने अदालत की शरण ली थी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि इस मामले में अदालत के आदेश पर अमजद, गुलाम मोहम्मद व गुलाम नबी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

# बाइक से भिड़ंत होने पर साइकिल सवार की मौत

## बहन के घर से लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बहन के घर से साइकिल पर सवार होकर अपने घर को आ रहे युवक की बाइक से भिड़ंत होने से मौके पर मौत हो गई। सूचना पर परिजन एवं पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोहरका निवासी तेज राम पुत्र गल्लड़ उम्र 45 वर्ष रविवार की देर रात अपनी बहन के यहां ग्राम बाईखेड़ा गए हुए थे। वह रात को करीब आठ बजे साइकिल से अपने घर को लौट रहे थे जैसे ही उनकी साइकिल गंगा चोली करनखाल लिंक मार्ग पर लाल कुएं के निकट पहुंची तो हसनपुर दिशा से आ रही एक बाइक से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी भयंकर थी कि तेज राम की मौत मौके पर ही हो गई। राहगीरों द्वारा मृतक के मोबाइल से परिजनों एवं पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गये। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।मृतक ने अपने पीछे पत्नी शकुंतला सहित दो बेटे एवं एक बेटी को रोते हुए छोड़ा है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि सड़क हादसे में एक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** अलीगढ़ मार्ग रहरा मे सीएनजी पंप के करीब बाइक सवार बाइक का डिसबैलेंस होने के कारण घायल हो गया। थाना रहरा क्षेत्र के गांव रहरई निवासी मनोज कुमार किसी काम से रहरा गया था। रहरा से कार्य करने के बाद वह वापस अपने गांव रहरई जा रहा था। जैसे ही बाइक सीएनजी पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो बाइकका डिसबैलेंस बिगड़ गया।डीस बैलेंस खराब होने से चार पहिया वाहन से बचाने के कारण रोड पर बाइक फिसल गई और घायल हो गया। उसके गांव के लोग रहरा जा रहें थे । उन्होंने उठाकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा है।

### प्रेमी को पकड़कर ग्रामीणों ने की धुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना रहरा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक प्रेमी युगल दो दिन पहले घर से फरार हो गया था। दोनों के परिजन अपने-अपने को ढूंढ रहे थे। जिसको ग्रामीणों ने दूसरे गांव में जाकर पकड़ लिया। एवं अपने गांव वापस ले आए गांव में लाकर प्रेमी की जमकर मार-पीट की। प्रेमी के द्वारा गलती स्वीकार करने एवं भविष्य में गलती न करने पर उसको छोड़ दिया गया। कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है। थाना अध्यक्ष रहरा कुमरेश त्यागी घटना की जानकारी से इनकार कर रहे हैं।

### हार्टअटैक से युवक की दिल्ली में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली निवासी चालक की दिल्ली में हार्ट अटैक होने से मृत्यु हो गई। गांव निवासी शौकीन अहमद पुत्र सिद्दिक दिल्ली में पनीर की गाड़ी चलाते थे। रविवर सुबह हार्ट अटैक होने से उनकी मृत्यु हो गई। डेयरी मालिक लुकमान ने शौकीन के घर वालों को मौत की सूचना दी। जवान बेटे की मृत्यु की सूचना मिलने पर परिवार में चीत्कार मच गया। दिल्ली से शव घर पहुंचने पर लोगों की आंखें नम हो गई। बगैर किसी कानूनी कार्रवाई किए शव को सुपुर्द खाक कर दिया गया है। चालक शौकीन अपने पीछे पत्नी के अलावा आठ बच्चों को छोड़ गए हैं।

### आरके पब्लिक स्कूल में पौधारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** आरके पब्लिक स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में पौधे लगाकर इनके संरक्षक की शपथ ली गयी। कार्यक्रम में बोलते प्रधानाचार्य डा शिक्षा सरदाना ने कहा कि पेड़ पौधे प्रकृति को संतुलित रखने में महत्वूपर्ण स्थान रखते हैं। तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण को इन्हीं के माध्यम से रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते कहा कि वह पौधारोपण जरूर करें तथा अपने संग साथियों को इसके लिए जागरूक करें। इस दौरान कार्यक्रम में जल व पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलायी गयी।

# इमाम हुसैन की कुर्बानी पर इंसानियत को नाज़

## अजाखानों में मजलिसों का दौर जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** 11 मोहर्रम यानि सोमवार को भी इमामबाड़ों में मजलिसों का सिलसिला जारी रहा। इमाम हुसैन की शहादत के बाद कर्बला से परिवार के लोगों की वापसी की मंजरकशी को पेश किया तो अजादारों की आंखें नम हो गई। वहीं, धर्मगुरुओं ने हक के रास्ते पर चलने के साथ जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने की ताकीद की। उन्होंने कहा, जुल्म के खिलाफ आवाज का नाम कर्बला है। कुरआने मजीद में अल्लाह का इरशाद है कि जुल्म करो न ही जुल्म सहो। कर्बला में भी इस कानून पर इतने अच्छे अंदाज में अमल हुआ कि यजीद कयामत तक जालिम कहलाएगा और इमाम हुसैन मजलूम। धर्मगुरुओं ने कहा कि मजलूमियत की हर जमाने में जीत होती है और जालिम की हार। कर्बला के वाक्य से इंसानियत को सीख लेने की जरूरत है। इसमें लाखों का लश्कर हार गया लेकिन 72 का लश्कर जीता। इमाम हुसैन की कुर्बानी पर इंसानियत को नाज है।

# शादी से बचने को युवक ने रची अपहरण की झूठी साजिश

## वाट्सअप काल पर परिजनों से की पांच लाख की डिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** युवक ने शादी का झांसा देकर अपनी प्रेमिका का शोषण किया उसके बाद उससे किनारा कर लिया। जब प्रेमिका ने शादी के लिए दवाव बनाया तो आरोपी ने अपहरण की झूठी कहानी रच डाली। इतना ही नहीं अपने परिजनों के साथ पांच लाख की फिरौती की रकम की मांग कर दी। पुलिस ने आरोपी को गुरुग्राम (हरियाणा) से गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के मुताबिक बीती 5 जुलाई को रहरा थाना क्षेत्र गांव गंगेश्वरी निवासी अरविंद ने थाने में तहरीर दी थी कि



उसके भाई हरिओम सैनी का अपहरण कर दिया गया है। 2 जुलाई से हरिओम घर से लापता है। बताया कि व्हाट्सएप कॉल के जरिए आरोपी 5 लाख रुपए की फिरौती की मांग कर रहे हैं। मामले में थाना अध्यक्ष रहरा कुमरेश त्यागी एवं सर्विलांस टीम ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की पुलिस हरिओम तक पहुंच गई। हरिओम गुरुग्राम में छिपा बैठा था। उसने पुलिस को चौंकाने वाले मामले की जानकारी दी। बताया कि वह एक लड़की से प्रेम करता है। लड़की शादी के लिए दवाव बना रही थी जबकि वह उससे शादी नहीं करना चाहता था। शादी से बचने के लिए वह घर से भाग कर गुरुग्राम चला आया और अपने अपहरण की झूठी कहानी रच दी। परिजनों को सूचना देकर व्हाट्सएप के जरिए पांच लाख की फिरौती की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके विरुद्ध थाना रहरा पर मुकदमा दायर कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### उपभोक्ता फोरम ने सुनाया निर्णय, किसान के परिजनों को बीमा कम्पनी नहीं दे रही थी भुगतान

# नौ प्रतिशत ब्याज के साथ दें 4.79 लाख रुपये

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** उपभोक्ता फोरम ने बीमा कम्पनी पर किसान के परिजनों को 4.79 लाख रूपये नौ प्रतिशत ब्याज के साथ देने के आदेश सुनाये है। बीमा कम्पनी ने किसान को बीमार बताकर क्लेम देने से इंकार कर दिया था। वाद व्यय के रूप में 25 हजार रुपये भी देने होंगे। बीमा कंपनी को यह धनराशि एक महीने के भीतर मृतक की मां को सौंपनी होगी।

मूलरूप से मुरादाबाद में कपूर कंपनी के पास रहने वाली विमला देवी वर्तमान में जोया में रहती हैं। उनके बेटे सोनू वर्मा ने एजेंट के माध्यम से टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस फॉर्चून प्रो प्लान के अंतर्गत 17 मार्च 2021 को बीमा कराया था। 3832 रुपये मासिक प्रीमियम वाली इस पॉलिसी में मौत के बाद 4.83 लाख रुपये मिलने थे। इस पॉलिसी में विमला देवी नॉमिनी हैं। लेकिन, 26 मार्च 2021 को अचानक तबीयत खराब होने के बाद सोनू वर्मा की मौत हो गई। इसके बाद विमला देवी ने क्लेम लेने के लिए बीमा कंपनी में आवेदन किया। लेकिन, बीमा कंपनी ने प्रीमियम की धनराशि 3832 रुपये उनके खाते में वापस कर दी और पुरानी बीमारी छिपाने का आरोप लगाते हुए प्लान देने से इनकार कर दिया। मामले में विमला देवी ने बीमा कंपनी के अधिकारियों से भी शिकायत की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेकर आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब कर लिया। अपने तर्क में बीमा कंपनी ने मृतक को कैंसर और अस्थमा की बीमारी से पीड़ित बताया। साथ ही पॉलिसी लेते समय बीमारियों को छिपाने का आरोप लगाया। लेकिन, बीमा कंपनी की इस रिपोर्ट को उपभोक्ता आयोग ने नहीं माना। स्पष्ट कहा कि इन्वेस्टिगेटर कंपनी द्वारा जो रिपोर्ट तैयार की गई है वह तथ्य व साक्ष्यों पर आधारित नहीं है। बल्कि मनगढ़ंत, मनमाना और पीड़ित के दावे को खारिज करने की सोचीसमझी चाल है। इसलिए बीमा कंपनी की यह रिपोर्ट सुनवाई के योग्य नहीं है। बीमा कंपनी के द्वारा पीड़िता के दावे को गलत तथ्यों के आधार पर शारिज किया गया है। उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बीमा कंपनी द्वारा दी गई 3832 रुपये की प्रीमियम धनराशि को समायोजित करते हुए बकाया क्लेम 479138 रुपसये को नौ प्रतिशत ब्याज के साथ देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पीड़िता की आर्थिक मानसिक पीड़ा के लिए 15 हजार और वाद व्यय खर्च के रूप में 10 हजार रुपये भी बीमा कंपनी देगी।

# आदमपुर पुलिस ने तीन शातिर चोरों को पकड़ा

## डेढ़ लाख का सामान बरामद




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आदमपुर थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पकड़े गए आरोपियों से डेढ़ लाख रुपए का चोरी का सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने शाहबाजपुर ढोला पर चेकिंग के दौरान सेल्टोस कार में सवार तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान मोहम्मद शाहरुख, अय्युब और शाहरुख उर्फ शेरखान के रूप में हुई। इनमें से मोहम्मद शाहरुख गौतमबुद्धनगर में कबाड़ी की दुकान चलाता है। बरामद सामान में 4 बैटरे, 6 इनवर्टर, 4 स्टेबलाइजर, 10 किलो कॉपर का तार और 5 किलो स्क्रैप तार शामिल है। पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल की गई किआ सेल्टोस कार और कुंडी काटने के उपकरण भी जब्त किये हैं। पूछताछ में पता चला कि तीनों आरोपी गौतमबुद्धनगर में रहते हैं। ये पहले दुकानों की रेकी करते थे। फिर एक साथ कार में आकर वारदात को अंजाम देते थे। एक आरोपी कार को घटनास्थल से दूर खड़ी करता था। चोरी के बाद सामान को कार में लादकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया




● 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

# तालिका में नंबर-3 पर पहुंचा भारत

● **वेस्टइंडीज को हराकर नंबर-1 पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया ने 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) साइकल में पहली जीत दर्ज की है। भारत ने इंग्लैंड को एजबेस्टन टेस्ट में 336 रन से हराया।

इस जीत के साथ भारत को 12 डबल्यूटीसी अंक मिले और उनका पाइंट परसेंटेज 50.00 हो गया है। भारत अब डबल्यूटीसी टेबल में इंग्लैंड के साथ तीसरे स्थान पर है। डब्ल्यूटीसी पाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया है। टीम ने वेस्टइंडीज को उन्हीं के घर पर लगातार 2 टेस्ट हराए हैं। ऑस्ट्रेलिया के 24 पाइंट्स हैं। दूसरे नंबर पर बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में हारने वाली श्रीलंकाई टीम है। श्रीलंका के 2 मैच में एक ड्रा और एक जीत के साथ 16 पाइंट्स हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 की बढ़त ले ली है। तीसरा टेस्ट मैच किंग्स्टन में 13 जुलाई से खेला जाएगा। डबल्यूटीसी 2025-27 की शुरुआत श्रीलंका-बांग्लादेश के पहले मैच से हुई। यह मैच ड्रा रहा था। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच हेडिंग्ले से इस सीरीज की शुरुआत की। टीम को में 5 विकेट से हार मिली थी। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका ने इस सीजन अभी एक भी टेस्ट नहीं खेला है। नीचे टीम के हिसाब से डबल्यूटीसी पाइंट्स टेबल: ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर- 100 प्रतिशत पाइंट परसेंटेज, वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीत ली है, एक मैच बाकी है। श्रीलंका दूसरे स्थान पर- 66.67 प्रतिशत पाइंट परसेंटेज, बांग्लादेश के खिलाफ 1 जीत और 1 ड्रा। भारत और इंग्लैंड तीसरे और चौथे- संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। दोनों के 50.00 प्रतिशत पाइंट परसेंटेज हैं। सीरीज में अभी 3 मैच बाकी है। श्रीलंका के खिलाफ एक ड्रा और एक हार के बाद बांग्लादेश 16.67 प्रतिशत पाइंट परसेंटेज के साथ पांचवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज छठे स्थान पर-ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 मैच हारने के बाद वेस्टइंडीज 0 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका- अभी तक डबल्यूटीसी 2025-27 साइकिल की शुरुआत नहीं की है। लाड्र्स में मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लाड्र्स में शुरू होगा। यह मुकाबला डब्ल्यूटीसी टेबल में शुरुआती रेस को और रोमांचक बना सकता है। जसप्रीत बुमराह की वापसी और कप्तान शुभमन गिल की शानदार फार्म से भारत को मजबूती मिलेगी। टीम का लक्ष्य होगा कि वे इस जीत की लय को बरकरार रखते हुए तीसरी बार डबल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने का।

खेल विशेष

## हम भारत को दबाव में नहीं ला सके: बेन स्टोक्स



**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत से दूसरा टेस्ट हारने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उनकी टीम भारत को पूरी तरह दबाव में नहीं ला सकी। मैच के बाद स्टोक्स ने कहा कि इस मैच दो अहम पल थे। जब हमने उन्हें 200 पर 5 कर दिया था, तो हम उस स्थिति से काफी खुश थे। लेकिन वहां से उन्हें पूरी तरह दबाव में नहीं ला सके और फिर खुद 80 पर 5 हो जाना, फिर वहां से वापसी करना वाकई मुश्किल हो गया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फ़ैसला लेने पर स्टोक्स ने कहा कि यह एक मुश्किल फ़ैसला था। जैसा कि मैंने कहा, जब आपने विपक्षी टीम को 200 पर 5 कर दिया हो, तो आप संतुष्ट रहते हो। लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता गया, हालात भारत के पक्ष में जाते गए। भारतीय तेज़ गेंदबाज़ों के असर को लेकर इंग्लिश कप्तान ने कहा कि मैं इसे कोई लचता की बात नहीं कहूंगा। हमने हर तरीका आजमाया, प्लान बदले, जो बन सका वो किया। लेकिन जब एक टीम आप पर हावी हो जाती है, तो लय वापस पाना मुश्किल होता है। और सामने की टीम वर्ल्ड क्लास है। शुभमन ने शानदार खेल दिखाया। ये एक कठिन मुकाबला रहा। दिन के अंत में बल्लेबाजी करना हमेशा मुश्किल होता है, खासकर एक लंबे दिन के बाद। स्टोक्स ने कहा कि 'थके हुए शरीर, थकी हुई सोच-लेकिन यही वो स्थिति है जिसका हमें फिर सामना करना होगा और इसके लिए तैयार रहना होगा।

## अल्काराज, सबालेंका विंबलडन का क्वार्टरफाइनल में प्रवेश

● **अल्काराज रुबलेव के खिलाफ सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7, 6-3 व 6-4, -6-4 से जीते**

**लंदन, वार्ता।** गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने एंड्री रुबलेव और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने एलिस मर्टेस पर जीत दर्ज कर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। रविवार को खेले गये मुक. ाबले में स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अल्काराज ने 14वीं वरीयता प्राप्त रुबलेव के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7 (5), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। 22 वर्षीय स्पैनियार्ड ने दूसरे और तीसरे सेट में महत्वपूर्ण ब्रेक पॉइंट को भुनाया और चौथे सेट में एक और ब्रेक के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अब अगले दौर में अल्काराज का मुकाबला ब्रिटेन के कैमरून नोरी से होगा। नोरी ने पांच सेटों के मैराथन में चिली के निकोलस जैरी को 6-3, 7-6 (4), 6-7 (7), 6-7 (5), 6-3 से हराया। वहीं पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फिट्ज ने अपने सर्वश्रेष्ठ विंबलडन प्रदर्शन की बराबरी करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जब प्रतिद्वंद्वी जॉर्डन थॉम्पसन चोट के कारण 6-1, 3-0 से पिछड़ रहे थे। अगले दौर में फिट्ज का मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव से होगा। खाच. ानोव ने पोलैंड के कामिल माज. च्रजक को 6-4, 6-2, 6-3 से आसानी से हराया। महिला वर्ग में दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी सबालेंका ने मर्टेनस की कड़ी चुनौती को पार करते हुए 6-4, 7-6 (4) से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई। छह वरीयता प्राप्त बेलारूस की सबालेंका का अगला मैच जर्मनी की लौरा सीजमंड से होगा।

# हम सभी की उम्मीदों पर खरे उतरे: गिल

**पिछले मैच के बाद जिन चीजों पर हमने चर्चा की थी इस बार हम उन सभी पर पूरी तरह खरे उतरे**



**बर्मिंघम, वार्ता।** इंग्लैंड पर 336 रन की विदेशी जमीन पर सबसे बड़ी जीत दर्ज करने वाले भारत के कप्तान शुभमन गिल ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अच्छा लगा कि हम सभी की उम्मीदों पर खरे उतरे। ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद भारत के कप्तान और प्लेयर ऑफ द मैच गिल ने कहा, षपिछले मैच के बाद जिन चीजों पर हमने चर्चा की थी, इस बार हम उन सभी पर पूरी तरह खरे उतरे।

जिस तरह से हमने गेंदबाजी और फील्डिंग के जरिए वापसी की, वो देखने लायक था। ऐसी पिच पर हमें पता था कि अगर हम 400-500 रन बना लेते हैं, तो वो काफी होंगे। हर मैच हेडिंग्ले जैसा नहीं होगा। गिल ने गेंदबाज़ों के प्रदर्शन के बारे में कहा कि वो शानदार थे। हमने जिस तरह से उनके टॉप ऑर्डर को तोड़ा, वह काबिल-ए-तारीफ़ था। यहां तक कि प्रसिद्ध कृष्णा को ज्यादा विकेट नहीं मिले, लेकिन उन्होंने भी जबरदस्त गेंदबाजी की। मैच में कुल 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप पर गिल ने कहा कि उसने लगातार सही लेंथ पर गेंदबाज़ी की और गेंद को दोनों ओर स्विंग कराया, जो इस तरह की पिच पर आसान नहीं होता। वह हमारे लिए बेहतरीन साबित हुआ। अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन पर प्लेयर ऑफ द मैच गिल ने कहा कि मैं अपनी बल्लेबाज़ी को लेकर बिल्कुल सहज महसूस कर रहा हूं, और अगर मेरी परफॉर्मेंस से टीम सीरीज जीत पाती है, तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। जैसे मैंने पहले भी कहा था, मैं एक बल्लेबाज के तौर पर खेलना चाहता हूं, बल्लेबाज के तौर पर ही मैदान पर उतरना चाहता हूं और फैसले भी उसी सोच के साथ लेना चाहता हूं। कई बार जब आप कप्तान की तरह सोचते हैं, तो कुछ जोखिम नहीं लेते, जो एक बल्लेबाज के तौर पर ज़रूरी होते हैं।

## सपाट पिच और ड्यूक्स बॉल इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के सार को खत्म कर रहा है: शुभमन गिल

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि सपाट पिचों और ड्यूक्स गेंद का संयोजन इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के सार को खत्म कर रहा है। इंग्लैंड को 336 रनों से हराने के बाद परिस्थितियों को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में गिल ने कहा कि गेंदबाजो के लिए यह बहुत मुश्किल हो जाता है। जब विकेट से भी ज्यादा, गेंद बहुत जल्दी नरम और खराब हो जाती है। मुझे नहीं पता कि यह क्या है मौसम, विकेट या कुछ और लेकिन गेंदबाजों के लिए इन परिस्थितियों में विकेट लेना बहुत कठिन हो जाता है। एक टीम के रूप में, जब आपको पता होता है कि विकेट लेना मुश्किल है और रन आसानी से बन रहे हैं, तो ऐसे में बहुत सी चीजें आपके नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं। गिल ने एजबेस्टन में दो पारियों में 269 और 161 रन बनाने को लेकर कहा कि कभी-कभी, विशेषकर जब आप कप्तान होते हैं, तो मुझे लगता है कि आपको उदाहरण पेश करना होता है ताकि जब भी कोई दूसरा खिलाड़ी उस स्थिति में हो, तो आप उस खिलाड़ी को निर्देश दे सकें। 'यही टीम को अभी चाहिए और आपको हमेशा अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं के बजाय टीम को पहले रखना चाहिए।' या कभी-कभी आप कुछ चीजे आजमाना चाहते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप टीम को अपने से आगे रखते हैं, तो आप हमेशा सही दिशा में या सही रास्ते पर चलेंगे और यही मैं इस मैच में करना चाहता था। जब मैं मैदान पर हूं यथासंभव लंबे समय तक खेलना चाहता हूं। जब तक कोई अच्छी गेंद मुझे आउट कर देती है। भारत की बल्लेबाजी की पूरी ताकत को देखने के बाद गिल ने मजाक में कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इंग्लैंड फिर से इतनी सपाट पिच बनाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें मध्य ओवरों के दौरान कुलदीप यादव की कलाई की स्पिन की कमी खलती है। उन्होंने कहा कि उनके लिए कुलदीप जैसी गुणवत्ता वाले गेंदबाज को बाहर रखना आसान नहीं था, लेकिन उन्हें लगा कि उन्हें थोड़ी गहराई की आवश्यकता है जो वॉशिंगटन सुंदर दे सकते थे और उन्होंने दी भी। भारत को इतने लंबे टेस्ट मैच खेलने की आदत नहीं है। घरेलू पिचों पर स्पिन को मदद मिलती है और जब भारत बाहर खेलता है तो उसे हरी घास वाली पिच मिलती है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इससे हमें बहुत मदद मिली। मैं कहूंगा कि भारत में जब हम खेलते हैं तो अधिकतर टेस्ट मैच पांच दिन तक नहीं चलते। लेकिन सौभाग्य से जब हम यहां खेलते हैं तो ज्यादातर दिन हम बल्लेबाजी करते हैं और क्षेत्ररक्षण नहीं करते, इसलिए यह हमारे लिए अच्छा है।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज: श्रीलंका टीम की घोषित

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज में के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। श्रीलंकाई चयनकर्ताओं ने टीम ऑलराउंडर दासुन शनाका और चामिका करूणारत्ने को चुना है। दासुन शनाका लगभग एक साल बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। स्पिन विभाग को मजबूत करने के लिए प्रतिभाशाली डुनिथ वेलालेज को भी टीम में शामिल किया गया है। पिछले साल टी-20 में पदार्पण करने वाले 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक केवल चार मैच खेले है। टीम में ईशान मलिंगा को भी जगह दी गई हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीम घोषित की गई।

# प्रदर्शन कैंसर से लड़ रही बहन को समर्पित: आकाश

● **हर बार जब मैं गेंद लेता तो बहन के विचार और उसकी तस्वीर मेरे दिमाग में आ जाती**



**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप ने अपना प्रदर्शन कैंसर से लड़ रही अपनी बहन को डेडिकेट किया है। उन्होंने जीत के बाद कहा कि हर बार जब मैं गेंद लेता तो उसके विचार और तस्वीर मेरे दिमाग में आ जाती।

यह प्रदर्शन उसे समर्पित है। वे चेतेश्वर पुजारा से बात करते हुए इमोशनल हो गए। आकाशद. ीप ने कहा कि मैंने इस बारे में किसी से बात नहीं की है, लेकिन 2 महीने पहले मेरी बहन को कैंसर का पता चला था। वो मेरे प्रदर्शन से बहुत खुश होगी और उसके चेहरे पर मुस्कान आएगी। आकाश दीप ने पुजारा से अपने इमोशन कंट्रोल करते हुए कहा कि मैं उससे कहना चाहता हूं, बहन, हम सब तुम्हारे साथ हैं। आकाश दीप मैच के बारे में बात करते हुए आकाश दीप खुश थे, क्योंकि उन्होंने जो योजना बनाई, वे कारगर रहीं।

उन्होंने कहा कि मैंने लाड्र्स के लिए अपनी रणनीति के बारे में नहीं सोचा है, लेकिन यह यहां की रणनीति से बहुत अलग नहीं होगी।श आकाश दीप ने एजबेस्टन मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट झटके थे।

## भारत की जीत में 7 अंक का रहा अहम योगदान

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बर्मिंघम में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की और इस जीत में सात अंक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्रिकेट के आंकड़ेविद श्रीकांत पोद्दार ने बेंगलुरु से फोन पर 'यूनीवार्ता' को बताया कि इस जीत में सात अंकों की कहीं न कहीं प्रधानता दिखाई दी। यह मैच साल के सातवें महीने में खेला गया और इसका अंत 187वें दिन हुआ। पहली पारी में भारत ने 587 और दूसरी पारी में 427 रन बनाए। इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाए। पहली पारी में भारत के दो खिलाड़ी एक ही स्कोर पर आउट हुए। आठवां और नौंवां विकेट 574 के स्कोर पर गिरा। इंग्लैंड के भी दो खिलाड़ी एक ही स्कोर पर आउट हुए। इंग्लैंड ने 407 के स्कोर पर नौंवां और दसवां विकेट गंवाया। श्रीकांत ने बताया कि इस मैच की सबसे बड़ी साझेदारी 303 रन की रही जोकि 387 के स्कोर पर टूटी।

## युगांडा इंटरनेशनल टूर्नामेंट में यूपी की स्वाति-कनक ने लहराया भारत का परचम



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ स्थित डॉ- शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा स्वाति और कनक सिंह ने युगांडा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट 2025 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया है। स्वाति ने महिला एकल एसयू-5 वर्ग में रजत, महिला युगल एसएल3-एसयू5 में स्वर्ण और मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं कनक सिंह ने महिला एकल एसएल-4 और महिला युगल वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। एक से छह जुलाई तक युगांडा की राजधानी कैंपाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक देशों के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वाति और कनक की यह सफलता सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि योगी सरकार द्वारा तैयार किए गए दिव्यांगजन सशक्तिकरण मॉडल की सफलता है।

## विश्व बॉक्सिंग कप में भारत को 11 पदक

**जैस्मिन लंबोरिया, साक्षी और नुपुर ने जीते गोल्ड, 5 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कजाकिस्तान में संपन्न हुए वर्ल्ड बाक्सिंग कप में भारतीय बाक्सरों ने 11 मेडल जीते हैं। ओलिंपियन जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा) और नुपुर (80+ किग्रा) ने अपने-अपने वेट कैटगिरी में गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा पांच बाक्सरों ने सिल्वर और तीन बाक्सरों ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में दो बार की यूथ वर्ल्ड चैंपियन साक्षी ने अमेरिका की योसेलीन पेरेज को हराकर भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता। उन्हें सभी जजों की ओर से सर्वसम्मत निर्णय मिला। वहीं, पेरिस 2024 ओलिंपियन जैस्मिन लंबोरिया ने ब्राजील की दो बार की ओलिंपियन जुसीलन रोमेउ को 4-1 से हराया। जबकि भारतीय मुक्केबाज नुपुर ने कजाकिस्तान की येलदाना तालिपोवा को 5-0 से हराकर 80+ किग्रा वेट में गोल्ड मेडल जीता। नुपुर ने कजाकिस्तान की येलदाना तालिपोवा को 5-0 से हराकर 80+ किग्रा वेट में गोल्ड मेडल जीता। मीनाक्षी सहित 5 बाक्सरों को सिल्वर मीनाक्षी सहित 5 बाक्सरों को सिल्वर मेडल मिले। विमेंस के 48 किलो वेट के फाइनल में मीनाक्षी को कजाकिस्तान के बाक्सर नजिम किजाइबाय से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। नजिम किजाइबाय ओ. लिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। मीनाक्षी के अलावा मेन्स के 85ज्ञह में जुगनू, 70ज्ञह के हितेश गुलिया और अभिनाश जमावल को 65ाह को सिल्वर मेडल मिले। वहीं, ओलिंपियन पूजा रानी ने विमेंस के 80ाह में दूसरे स्थान पर रहीं। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नुरदाउलेटोव से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि पूजा रानी ऑस्ट्रेलिया की एसेटा फ्लिंट से 0-5 से हार मिली। हितेश को ब्राजील के काइअन ओलिवेरा ने 5-0 से हराया, जबकि जमवाल को यूरी फाल्काओ के खिलाफ 3-2 के करीबी फैसले से हार झेलनी पड़ी। एक विमन और दो मेन्स बाक्सर सेमीफाइनल में हारे वहीं, संजू (महिला 60 किग्रा), निखिल दुबे (पुरुष 75 किग्रा) और नरेंद्र (पुरुष 90+ किग्रा) ने सेमीफाइनल तक पहुंचकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। भारत ने इस साल अप्रैल में ब्रा. जील में हुए पिछले वर्ल्ड बाक्सिंग कप में छह पदक जीते थे। उस समय भारतीय महिला मुक्केबाजों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कारण भाग नहीं लिया था। मुक्केबाजों को इन दोनों प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग अंक मिलते हैं।

## धूमधाम से मना कैप्टन कूल धोनी का 44वां जन्मदिन



**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया को अपनी कप्तानी में 3 आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले महेंद्र सिंह धोनी ने सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें धोनी केक काटने से पहले दोस्तों से इजाजत लेते नजर आ रहे हैं। धोनी ने रांची स्थित अपने फार्महाउस पर करीबी दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट किया। वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही केक लाया जाता है, धोनी मुस्कराते हुए पूछते हैं, कट कर दूं? इस पर वहां खड़े एक दोस्त ने जवाब दिया श्हांश। इसके बाद धोनी ने अपने सभी दोस्तों को केक खिलाया।

## संजोग गुप्ता आईसीसी के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

**दुबई, वार्ता।** संजोग गुप्ता को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। संजोग गुप्ता सोमवार को आईसीसी के सातवें मुख्य कार्यकारी के तौर पर इस वर्ष जनवरी में पद छोडने वाले ज्योफ एलार्डिस का स्थान लेंगे। इससे पहले संजोग जियोस्टार में खेल और लाइव अनुभव के मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने एक बयान में कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि संजोग गुप्ता को आईसीसी का सीईओ नियुक्त किया गया है। संजोग के पास खेल रणनीति और व्यावसायीकरण का व्यापक अनुभव है, जो आईसीसी के लिए अमूल्य होगा।

# आतंकवाद की निंदा

अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत अब अपनी बात को प्रभावशाली तरीके से रख पा रहा है। उसका असर भी दिखाई दे रहा है। पहले क्वाड और अब ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है। ब्राजील के लियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने रविवार देर रात को 31 पेज और 126 प्वाइंट वाले एक घोषणा पत्र में पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजरायली हमले की कड़ी निंदा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में अपने संबोधन में ठीक ही कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है और आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं।

पीएम मोदी ने साफ किया कि ब्रिक्स देशों की अलग-अलग सोच और बहुध्रुवीय दुनिया में भरोसा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। जाहिर है पीएम मोदी ने अप्रत्यक्ष रूप से उन देशों को चेताया, जो अपनी सुविधा के अनुसार आतंकवाद की व्याख्या करते हैं और उनका बचाव करते हैं। हालांकि सभी सार्वजनिक मंच पर यह कहते हुए दिखाई देते हैं, वह आतंकवाद के खिलाफ हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके उलट है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बहसो में हम देख चुके हैं कि चीन ने किस तरह पाक में संरक्षण पा रहे आतंकवादियों का बचाव किया है। यही काम अमेरिका भी करता है। मतलब बड़ी ताकतें अपने-अपने नजरिये से आतंकवाद को देखती हैं। इसी तरफ पीएम मोदी ने यह कहकर इशारा किया है कि आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए सुविधा नहीं। यूं भी देखने में आ रहा है कि क्वाड हो या ब्रिक्स, उसमें आतंकवाद की निंदा तो की गई है, पहलगाम का भी जिक्र किया गया है, लेकिन पाकिस्तान का नाम लेने से सीधे बचा गया है, जबकि भारत का स्टैंड स्पष्ट रहा है कि भारत में जो आतंकवादी घटनाएं होती हैं, उसके पीछे पाक का सीधे हाथ है।

भारत 2026 में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। निश्चित रूप से भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। ब्रिक्स में और भी कई बातें देखने को मिलीं। जिसके घोषणा पत्र में कहा गया है कि किसी भी देश पर एकतरफा प्रतिबंध लगाना पूरी तरह गलत है और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। एकतरफा टेरिफ के फैसलों पर भी चिंता जताई गई है और कहा गया कि यह विश्व व्यापार संगठन नियमों के खिलाफ है। घोषणा पत्र में पारदर्शी और समावेशी ट्रेड का समर्थन किया गया है जिसमें विकासशील देशों से बिना भेदवभाव के व्यापार शामिल है। घोषणा पत्र में धर्म, देश और सभ्यता या जाति समूह से आतंकवाद को जोड़ने का इन्कार किया गया है। बात सही भी है, आतंकवाद का किसी धर्म से लेना-देना नहीं है और न ही इसका कोई रूप है, लेकिन असल सवाल यह है कि ब्रिक्स के घोषणा पत्र में निंदा की गई है क्या वह काफी है। केवल आतंकवाद पर निंदा करने से कुछ नहीं होने वाला। जब तक सभी देश वास्तव में जमीन पर इसके लिए काम नहीं करेंगे और जो देश व समूह उनको संरक्षण देंगे, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अच्छे परिणाम नहीं आएंगे।


## नहीं बताऊंगा, मैं कैसा महसूस करता हूं



उनका सामान पैक कर दिया गया है। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जल्द ही दूसरे सरकारी आवास में चले जाएंगे, जिसका खर्च वह खुद वहन करेंगे, मैं आपको नहीं बताऊंगा कि मैं कैसा महसूस करता हूं, लेकिन आप खुद कल्पना कर सकते हैं कि मैं इसके बारे में कैसा महसूस कर रहा हूं, हम दो बच्चों, प्रियंका और माही के माता-पिता हैं, वे खास बच्चे हैं और उनकी विशेष जरूरतें हैं, उन्हें नेमालाइन मायोपैथी नाम की एक बीमारी है, आप जानते हैं, यह एक बहुत ही दुर्लभ आनुवांशिक विकार है, जो मांसपेशियों को प्रभावित करता है, अब यह शायद कुछ दिनों की बात है या कुछ दिनों की नहीं, बल्कि शायद अधिक से अधिक कुछ हफ्तों की।

-डीवाई चंद्रचूड, पूर्व मुख्य न्यायाधीश

# महाराष्ट्र में भाषा विवाद चिंता का विषय





**विनीत नारायण**

**मेरी दृष्टि में भारत में जितनी भाषाएं बोली जाती हैं, सब राष्ट्रभाषाएं हैं। उनको समान आदर उपलब्ध होना चाहिए। किसी एक भाषा का साम्राज्य दूसरी भाषाओं पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वह भाषा चाहे हिंदी हो और चाहे कोई और हो। कोई कारण नहीं है कि तमिल, तेलगू, बंगाली या गुजराती को हिंदी दबाए, लेकिन गांधी जी के कारण कुछ बीमारियां इस देश में छूटीं, उनमें एक बीमारी हिंदी को राष्ट्रभाषा का वहम देने की भी है। हिंदी को यह अहंकार गांधी जी दे गए कि वह राष्ट्रभाषा है। तो हिंदी प्रांत उस अहंकार से परेशान हैं और वह अपनी भाषा को पूरे देश पर थोपने की कोशिश में लगे हुए हैं। हिंदी का साम्राज्य भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, तो किसी भाषा का नहीं किया जा सकता हैं।**

भाषा संवाद के लिए होती है, झगड़े उपद्रव के लिए नहीं। झगड़े उपद्रव के लिए लठबाजी, गोलीबारी होती है। गले लगा लो तो बिना भाषा के भी संवाद हो जाता है। राष्ट्र में महाराष्ट्र का होना गौरव और गरिमा की बात है। महाराष्ट्र की उत्कृष्ट सभ्यता संस्कृति है। इसे क्षुद्र स्तर पर न ले आने के लिए हम सजग सावधान रहें, तो इसकी सभ्यता-संस्कृति पूरे विश्व में जगमगाती रहेगी।

मराठी-गुजराती-हिंदी-अंग्रेजी की यहां सब नदियां एक ही महासागर से जुड़ी हैं। इसलिए यहां संकीर्णता नहीं, उदारता ही प्रवाहमान होती है। सभ्यता-संस्कृति का दीप-स्तम्भ बनती है। यह कहना है स्वामी चौतन्य कीर्ति का। इस विषय में ओशो क्या कहते हैं- एक मित्र ने पूछा है कि क्या भारत में कोई राष्ट्रभाषा होनी चाहिए? यदि हां, तो कौन सी? राष्ट्रभाषा का सवाल ही भारत में बुनियादी रूप से गलत है। भारत में इतनी भाषाएं हैं कि राष्ट्रभाषा सिर्फ लादी जा सकती है और जिन भाषाओं पर लादी जाएगी उनके साथ अन्याय होगा। भारत में राष्ट्रभाषा की कोई भी जरूरत नहीं है। भारत में बहुत सी राष्ट्रभाषाएं ही होंगी और आज कोई कठिनाई भी नहीं है कि राष्ट्रभाषा जरूरी हो। रूस बिना राष्ट्रभाषा के काम चलाता है तो हम क्यों नहीं चला सकते? आज तो यांत्रिक व्यवस्था हो सकती है संसद में, बहुत थोड़े खर्च से, जिसके द्वारा एक भाषा सभी भाषाओं में अनुवादित हो जाए, लेकिन राष्ट्रभाषा का मोह बहुत महंगा पड़ रहा है। भारत की प्रत्येक भाषा राष्ट्रभाषा होने में समर्थ है इसलिए कोई भी भाषा अपना अधिकार छोड़ने को राजी नहीं होगी, होना भी नहीं चाहिए, लेकिन यदि हमने जबर्दस्ती किसी भाषा को राष्ट्रभाषा बना कर थोपने की कोशिश की तो देश खंड-खंड हो जाएगा। आज देश के बीच विभाजन के जो बुनियादी कारण हैं उनमें भाषा एक है। राष्ट्रभाषा बनाने का खयाल ही राष्ट्र को खंड-खंड में तोड़ने का कारण बनेगा। अगर राष्ट्र को बचाना हो तो राष्ट्रभाषा से बचना पड़ेगा और अगर राष्ट्र को मिटाना हो तो राष्ट्रभाषा की बात आगे भी जारी रखी जा सकती है।

मेरी दृष्टि में भारत में जितनी भाषाएं बोली जाती हैं, सब राष्ट्रभाषाएं हैं। उनको समान आदर उपलब्ध होना चाहिए। किसी एक भाषा का साम्राज्य दूसरी भाषाओं पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वह भाषा चाहे हिंदी हो और चाहे कोई और हो। कोई कारण नहीं है कि तमिल, तेलगू, बंगाली या गुजराती को हिंदी दबाए, लेकिन गांधी जी के कारण कुछ बीमारियां इस देश में छूटीं, उनमें एक बीमारी हिंदी को राष्ट्रभाषा का वहम देने की भी है। हिंदी को यह अहंकार गांधी जी दे गए कि वह राष्ट्रभाषा है। तो हिंदी प्रांत उस अहंकार से परेशान हैं और वह अपनी भाषा को पूरे देश पर थोपने की कोशिश में लगे हुए हैं। हिंदी का साम्राज्य भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, तो किसी भाषा का नहीं किया जा सकता हैं। सिर्फ संसद में हमें यांत्रिकव्यवस्था करनी चाहिए कि सारी भाषाएं अनुवादित हो सकें और वैसे भी संसद कोई काम तो कोई करती नहीं है कि कोई अड़चन हो जाएगी। सालों तक एक-एक बात पर चर्चा चलती है, थोड़ी देर और चल लेगी तो कोई फर्क नहीं होने वाला है। संसद कुछ करती हो तो भी विचार होता कि कहीं कार्य में बाधा न पड़ जाए। कार्य में कोई बाधा पड़ने वाली नहीं मालूम होती हैं। फिर मेरी दृष्टि यह भी है कि यदि हम राष्ट्रभाषा को थोपने का उपाय न करें तो शायद बीस पच्चीस वर्षों में कोई एक भाषा विकसित हो और धीरे-धीरे राष्ट्र के प्राणों को घेर ले। वह भाषा हिंदी नहीं होगी, वह भाषा हिंदुस्तानी होगी। उसमें तमिल के शब्द भी होंगे, तेलगू के भी, अंग्रेजी के भी, गुजराती के भी, मराठी के भी। वह एक मिश्रित नई भाषा होगी जो धीरे-धीरे भारत के जीवन में से विकसित हो जाएगी, लेकिन अगर कोई शुद्धतावादी चाहता हो कि शुद्ध हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना है तो यह सब पागलपन की बातें हैं। इससे कुछ हित नहीं हो सकता है। यह तो थी ओशो की सोच।

महाराष्ट्र, एक ऐसा राज्य है जो अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और मराठी भाषा के लिए जाना जाता है, आज भाषा विवाद के कारण चर्चा में है। मराठी, जो इस राज्य की आत्मा है, न केवल एक भाषा है, बल्कि महाराष्ट्र की पहचान, इतिहास और गौरव का प्रतीक भी है। हाल के वर्षों में, मराठी भाषा के उपयोग और सम्मान को लेकर कई विवाद सामने आए हैं, जो सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर तनाव का कारण बन रहे हैं। महाराष्ट्र में मराठी को प्राथमिकता देने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। विशेष रूप से मुंबई जैसे महानगरों में, जहां विविधता अपनी चरम सीमा पर है, मराठी भाषा को कई बार उपेक्षित महसूस किया जाता है। गैर-मराठी भाषी समुदायों की उपस्थिति और वैश्वीकरण के प्रभाव ने मराठी के उपयोग को कुछ हद तक सीमित किया है। यह स्थिति स्थानीय लोगों में असंतोष को जन्म देती है, जो अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, साहित्य और परंपराओं का वाहक भी है। मराठी साहित्य, जिसमें संत ज्ञानेश्वर से लेकर आधुनिक लेखकों तक का योगदान शामिल है, जो विश्व स्तर पर अपनी गहराई के लिए जाना जाता है। फिर भी, सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर मराठी के उपयोग में कमी देखी जा रही है। यह स्थिति मराठी भाषी समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राज्य सरकार ने मराठी को अनिवार्य करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं, जैसे स्कूलों में मराठी पढ़ाई को बढ़ावा देना और सरकारी कार्यों में इसका उपयोग सुनिश्चित करना, लेकिन इन प्रयासों को और प्रभावी करने की आवश्यकता है। साथ ही, मराठी के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक जागरूकता भी जरूरी है। गैर-मराठी भाषी लोगों को भी मराठी सीखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि सामाजिक एकता मजबूत हो।

मराठी भाषा या देश की अन्य भाषा का संरक्षण केवल एक राज्य की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हमारी साझा सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। विवादों को सुलझाने के लिए संवाद और सहयोग जरूरी है। मराठी व अन्य भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए हमें एकजुट होकर प्रयास करना होगा, ताकि सभी भाषाएं अपनी गरिमा और गौरव के साथ फलती-फूलती रहें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहला परजीवी कीट जो आज तक हमारे साथ है

**खटमल तो हमारा खून तब से चूसते आ रहे हैं जब हमारे पूर्वज बस्तियां बनाकर रहने लगे थे। वैसे कई शोधकर्ताओं का मत है कि खटमल को यह खिताब देने से पहले यह समझना होगा कि कई अन्य जंतुओं को लेकर ऐसे अध्ययन हुए ही नहीं हैं। कुछ खटमल चमगादड़ों से खून ग्रहण करते हैं, जबकि कुछ मनुष्यों से अपना खून चूसते हैं।**



हमें रेल्वे स्टेशनों पर मंडराते चूहे या घर की रसोई में विचरते कॉकरोच तो खूब नजर आते हैं और हम मान लेते हैं कि ये शहरी नाशी-कीटों में सर्वोपरि हैं, लेकिन हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन कहता है कि इन सबसे पहले खटमल ने शहरी बस्तियों को त्रस्त किया था। जी हां, वही खटमल जो ट्रेन की सीटों में, टॉकीजों में और घरों के बिस्तरों में रहता है और खून चूसता है।

खटमलों की कई प्रजातियां हम पर आश्रित हैं और उनका जीवन हमारा खून पीकर ही चलता है, लेकिन जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं सुदूर अतीत में खटमलों का पसंदीदा या शायद एकमात्र शिकार चमगादड़ हुआ करते थे। जेनेटिक प्रमाण यह भी बताते हैं कि लगभग 2 लाख 45 हजार वर्ष पूर्व कुछ खटमलों ने छलांग लगाकर मनुष्यों को अपना पोषक बना लिया। कहते हैं कि इस छलांग के चलते खटमलों के दो वंश उभरे थे, एक जो चमगादड़ों का खून चूसते रहे और मुख्य रूप से गुफाओं तथा यूरोप और मध्य पूर्व के प्राकृत वासों में बसे रहे। दूसरे वंश ने आधुनिक बस्तियों में मनुष्य को साथी बनाया। इस प्रक्रिया को समझने के प्रयास में वर्जीनिया पोलीटेक्निक इंस्टिट्यूट के जीव वैज्ञानिक वॉरेन बूथ और उनके साथियों ने चेक गणतंत्र में रहने वाले आम खटमलों की 19 किस्मों (10 चमगादड़ों का खून चूसने वाले और 9 पूर्णत: मनुष्यों पर आश्रित) के संपूर्ण जीनोम्स का विश्लेषण किया। इन दो समूहों के डीएनए में हुए उत्परिवर्तनों की तुलना की और यह मॉडलिंग किया इस तरह के परिणाम आने के लिए प्रत्येक समूह की आबादी कितनी रही होगी। इस आधार पर बूथ समूह ने अनुमान लगाया कि प्रत्येक खटमल किस्म की आबादी में दसियों हजार सालों में कैसे उतार-चढ़ाव आए होंगे। उन्होंने पाया कि चमगादड़-सम्बंधी खटमलों की आबादी 60,000 सालों तक निरंतर घटती गई जबकि मानव सम्बंधी वंशों की आबादी भी 60,000 साल पहले घटी थी, लेकिन 13,000 साल पहले और 7000 साल पहले यह फिर से बढ़ी थी। इस परिवर्तन के कारण के तौर पर बूथ की टीम का मत है कि ठंडी होती जलवायु ने खटमलों की आबादी में शुरुआती गिरावट पैदा की, लेकिन जब मनुष्य घुमंतू जीवन शैली छोड़कर बसने लगे तो खटमलों ने नए आरामदायक जीवन का फायदा उठाया और उनकी आबादी बढ़ी। और 7000 साल पहले तो बड़ी शहरी बस्तियों के विकास ने उन्हें एक और मौका दे दिया। यदि यह कालक्रम सही है, तो खटमल को दुनिया का सबसे पहला शहरी नाशी-कीट होने का खिताब मिलेगा, जो पूरी तरह मनुष्यों पर आश्रित हैं। तुलना के लिए देखें कि कॉकरोच ने हमसे निकट सहवासी सम्बंध मात्र 2000 साल पहले तथा काले चूहे ने मात्र 5000 साल पहले स्थापित किया है।

**-स्रोत फीचर्स**

# महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक



**अन्नपूर्णा देवी**

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होती है। बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुंच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है।



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। हम अक्सर कहते हैं सशक्त महिलाएं, सशक्त भारत और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होनी चाहिए। आज यह पहुंच तेजी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है। ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदाई शासन पर जोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए-पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुंच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्वकर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें। इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है। भारत भर में 2 लाख से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरूपित यह कार्यक्रम बाल्यावस्था देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालई शिक्षा सेवाओं की ज्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों को स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने-पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है ।

10.14 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं, जिनमें गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियां शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों की नए सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए-पोषण ट्रैकर महत्वपूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच पोषण भी पढाई भी का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है। पूरक पोषण कार्यक्रम में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करने के लिए एक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है, जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है, जो अब लगभग हर जिले में चालू है। यह कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है। पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपए की राशि मिलती है। मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपए तक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली के माध्यम से वितरित, शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पहुंच चुकी है। पीएमएमवीवाई-आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णत: डिजिटल कार्यक्रम है।

लेखिका-केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिक्स देशों को ट्रम्प ने दी धमकी

## कहाः अमेरिका विरोधी नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स राष्ट्रों की कथित 'अमेरिका विरोधी' नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त व्यापार शुल्क लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ' पर कहा कि ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों का जो भी देश समर्थन करेगा उस पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा और इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। गौरतलब है कि पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती देने और विकासशील देशों की आवाज को बढ़ावा देने के लिए ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका द्वारा एक वैकल्पिक मंच के रूप में स्थापित इस अंतर्राष्ट्रीय बहुपक्षीय संगठन की अमेरिकी राष्ट्रपति काफी लंबे समय से आलोचना करते रहे हैं।

ब्रिक्स को कई देशों ने एक अनुकूल संगठन के रूप में स्वीकार किया है और उन्होंने इसमें शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है। पिछले वर्ष मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया था और इस वर्ष इसमें वियतनाम एक भागीदार राष्ट्र बन गया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन के देशों ने अमेरिकी शुल्क नीतियों की आलोचना करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में सुधार का प्रस्ताव दिया



**ब्रिक्स को कई देशों ने एक अनुकूल संगठन के रूप में स्वीकार किया है और उन्होंने इसमें शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है**

था। उन्होंने प्रमुख मुद्राओं के मूल्यांकन का मुद्दा भी उठाया था और इसी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह धमकी दी है।

ब्रिक्स देशों ने रविवार को ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो में बैठक शुरू की जिसमें वैश्विक संस्थाओं में सुधार का आह्वान किया गया और बढ़ते व्यापार संघर्षों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच इस गठबंधन को कूटनीति के लिए एक मंच के रूप में स्थापित करने की बात भी कही थी। ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों की

## चीन ने की ट्रम्प की धमकी की निंदा

**बीजिंग।** ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने की ट्रम्प की धमकी की चीन ने निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता है। यह बस दूसरे देशों पर दबाव बनाने की कोशिश है। ब्राजील में चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और टैरिफ को लेकर अमेरिका की निंदा की थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका विरोधी नीति का समर्थन करने वाले देशों को 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसे लेकर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक नियमित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि टैरिफ के इस्तेमाल से किसी को भी लाभ नहीं होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से टैरिफ को निलंबित किए जाने की समयसीमा नौ जुलाई को समाप्त हो

**टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता यह देशों पर दबाव बनाने की कोशिशः चीनी विदेश मंत्रालय**

रही है। इसे लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ हुई है। पिछले दिनों ट्रम्प ने कहा था कि नौ जुलाई के बाद वैश्विक टैरिफ से राहत नहीं मिलेगी। इसके बाद वह अधिकांश देशों पर टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक को बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 10-12 देशों को नए टैरिफ लगाने की सूचना देने के लिए पत्र साइन कर दिए हैं, जिन्हें सोमवार को भेजा जाएगा। गौरतलब है कि इस बार ब्रिक्स सम्मेलन ब्राजील की मेजबानी में हुआ, जिसमें पुराने 5 देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के अलावा नए सदस्य देशों मिस्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई और इंडोनेशिया ने हिस्सा लिया।

ओर से जारी एक संयुक्त बयान में विभिन्न शुल्कों की निंदा की गई और उन्हें वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बताया गया। इन शुल्कों पर 'अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापार गतिविधियों में अनिश्चितता' लाने का आरोप लगाया गया। ब्रिक्स देशों ने जून में ईरान पर किए गए सैन्य हमलों की निंदा करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। इस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा सहित विश्व के नेताओं ने व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसमें ऑनलाइन भाग लिया, जबकि चीन का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री ली कियांग ने किया।



गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड पर जलभराव से गुजरते यात्री।

## इजरायल ने लाल सागर के बंदरगाहों पर हमले किए

**यरुशलम/सन्ना।** इजरायल ने कल देर रात यमन में लाल सागर के बंदरगाहों पर हवाई हमले किए हैं। यह हमला इजरायली सेना द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों को तत्काल क्षेत्र को खाली निकासी की चेतावनी जारी करने के कुछ ही मिनटों बाद पश्चिमी होदेइदाह प्रांत में हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने होदेइदाह बंदरगाह सहित यमन के पश्चिमी तट पर कई स्थानों पर विस्फोटों की सूचना दी। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने एक बयान में कहा कि हमलों ने हूती के गढ़ों को निशाना बनाया, जिसमें होदेइदाह, अस सालिफ़ और रास ईसा के बंदरगाह, रास कातिब पावर स्टेशन और गैलेक्सी लीडर शामिल हैं। इजरायली सेना ने कहा कि लक्षित बंदरगाहों का इस्तेमाल हूती द्वारा ईरानी शासन से हथियार स्थानांतरित करने के लिए किया गया था, जिसका उपयोग तब इजरायल और उसके सहयोगियों के खिलाफ आतंकी अभियान चलाने के लिए किया जाता है। इजरायली सेना के अनुसार गैलेक्सी लीडर को रेड सी में जहाजों को ट्रैक करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रडार प्रणाली से लैस किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकः वर्षा जनित हादसों में 72 की मौत, 130 घायल

**इस्लामाबाद।** पाक में 26 जून से मूसलाधार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 72 लोगों की मौत हुई है और 130 अन्य घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पिछले 24 घंटों में बारिश से संबंधित दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत और तीन लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। एनडीएमए के अनुसार, सबसे अधिक मौतें उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा हुई हैं, जहां 12 बच्चों सहित 28 लोगों की जान गंवाई है और 23 अन्य घायल हुए हैं।

### पश्चिमी नाइजर में 11 आतंकवादी मारे गएः सेना

**नियामी।** नाइजीरिया की सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी नाइजर के टिल्लाबेरी और डोसो क्षेत्रों में दो जुलाई और तीन जुलाई को किए गए दो समन्वित हमलों के जवाब में कम से कम 11 आतंकवादियों को मार गिराया है। नाइजीरियाई रेडियो और टेलीविजन पर रविवार को प्रसारित एक सैन्य बयान के अनुसार पहली मुठभेड़ दो जुलाई को हुई। उस समय आतंकवादी समूहों ने टिल्लाबेरी के एक गांव के रास्ते में एक सैन्य काफिले पर घात लगाकर हमला किया।

### नाइजीरिया में सड़क हादसे में 21 की मौत, तीन घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी प्रांत कानो में रविवार को एक ट्रक और बस की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। कानो स्टेट फेडरल रोड सेफ्टी कॉर्प्स के सेक्टर कमांडर मुहम्मद बटुरे ने कहा कि यह दुर्घटना कासुवार डोगो क्षेत्र में ज़ारिया-कानो राजमार्ग पर बस चालक की गलती के कारण घटित हुई। हादसे के समय बस चालक गलत मार्ग पर गाड़ी चला रहा था।

### रूस ने यूक्रेन के छह ड्रोन को मार गिराया

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने सोमवार मास्को पर हमला करने की कोशिश कर रहे छह यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि आपातकालीन सेवाओं के विशेषज्ञ दुर्घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले महीनों में मास्को को लक्षित करके हजारों ड्रोन छोड़े गए हैं।

## हाफिज सईद का बेटा बिलावल पर भड़का

**इस्लामाबाद।** हाफिज सईद के बेटे तलहा सईद ने पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो पर पाकिस्तान को ग्लोबल लेवल पर बेइज्जत करने का आरोप लगाया। दरअसल, बिलावल ने दो दिन पहले कहा था कि पाकिस्तान हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंपने के लिए तैयार है, बशर्ते भारत इस प्रोसेस में सहयोग करे। तलहा ने कहा कि बिलावल का यह बयान पाकिस्तान की पालिसी, राष्ट्रीय हित और संप्रभुता के खिलाफ है।

उन्होंने कहा- क्या कोई नेता अपने नागरिकों को दुश्मन देश को सौंपने की बात कर सकता है। तलहा जो खुद एक ग्लोबल आतंकी है उसने अपने पिता का बचाव करते हुए कहा-हाफिज सईद का कोई भी काम पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है। बिलावल का

**कहाः उन्होंने पाक की बेइज्जती कराई, बिलावल बोले थेः सईद को भारत प्रत्यर्पित करने को तैयार**

बयान पाकिस्तान की इमेज को ग्लोबल लेवल पर बदनाम करने वाला है। पाकिस्तान की नेशनल काउंटर टेररिज्म अथारिटी के मुताबिक, पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को बैन कर रखा है। हाफिज सईद को लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य चेहरा माना जाता है। वह 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है। हाफिज सईद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में टेरर फंडिंग के लिए 33 साल की सजा काट रहा है, जबकि ग्लोबल आतंकवादी मसूद अजहर पर भी प्रतिबंधित लगाया गया है।

## ट्रम्प ने नई पार्टी बनाने पर मस्क का उड़ाया मजाक


**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नई पार्टी बनाने पर अरबपति कारोबारी एलन मस्क का मजाक उड़ाया है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें दुख हो रहा है कि एलन मस्क पूरी तरह पटरी से उतर चुके हैं और पिछले पांच हफ्तों में एक बेकाबू ट्रेन जैसे हो गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ट्रम्प ने कहा कि मस्क अब अमेरिका में तीसरी राजनीतिक पार्टी शुरू करना चाहते हैं, जो इतिहास में कभी सफल नहीं रही है। अमेरिका की व्यवस्था ऐसी पार्टियों के लिए बनी ही नहीं है। तीसरी पार्टियों का एक ही काम होता है, अव्यवस्था और अराजकता फैलाना। और हमारे पास पहले से ही पर्याप्त अराजकता है, जिसे रैडिकल लेफ्ट डेमोक्रेट्स फैला रहे हैं।

## सऊदी अरब में सजा-ए-मौत का नया रिकॉर्ड

### 6 महीने में 180 लोगों को फांसी

**दुबई।** सऊदी अरब में मौत की सजा को लेकर पूरी दुनिया में चिंता बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल का कहना है कि पिछले साल सऊदी अरब में रिकॉर्ड संख्या में लोगों को फांसी दी गई। इनमें ज्यादातर मामलों में नशे से जुड़े अपराध शामिल थे, जो जानलेवा नहीं थे।

सऊदी सरकार की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया है, लेकिन मानवाधिकार समूह इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बता रहे हैं। एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में सऊदी अरब में कुल 345 लोगों को मौत की सजा दी गई, जो पिछले 30 साल में सबसे ज्यादा है। वहीं, इस साल के पहले छह महीने में ही 180 लोगों को फांसी दी जा चुकी है। अगर यही रफ्तार रही तो 2025 में भी नया रिकॉर्ड बन सकता है। एक और मानवाधिकार संगठन 'रीप्राइव' के अनुसार, इस साल सऊदी अरब में करीब दो-तिहाई फांसियां नशे से जुड़े मामलों में दी गई हैं। ये ऐसे अपराध थे, जिनमें किसी की जान नहीं गई थी। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने भी यही चिंता जताई है कि गैर-हिंसक अपराधों में इतनी सख्त सजा देना गलत है।



एमनेस्टी की रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब में नशे के मामलों में मौत की सजा पाने वालों में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक हैं। इनमें से कई लोगों को न तो अपनी कानूनी प्रक्रिया की जानकारी थी और न ही उन्हें वकील मिला। अकेले इस साल सऊदी में जितने लोगों को फांसी दी गई, उनमें से आधे से ज्यादा विदेशी नागरिक थे। ऐसा ही एक मामला मिस्र के रहने वाले एस्साम अहमद का है। 2021 में वह एक मछली पकड़ने वाली नाव पर काम कर रहा था।

परिवार के मुताबिक, नाव के मालिक ने उसे बंदूक दिखाकर जबरन नशे से जुड़ा सामान ले जाने को मजबूर किया। बाद में उसे सऊदी में पकड़ लिया गया और मौत की सजा सुनाई गई। उसका परिवार अब हर दिन डर के साए में जी रहा है। सऊदी अरब में 'विजन 2030' के तहत बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। महिलाओं को गाड़ी चलाने की आजादी, विदेशी निवेश बढ़ाने जैसी कोशिशें हो रही हैं। लेकिन दूसरी ओर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, कारोबारी वर्ग और

**नशे के मामलों में बढ़ी फांसी, मानवाधिकार संगठन ने जताई चिंता, विदेशी नागरिकों पर ज्यादा गिरी गाज**

अन्य लोगों पर सख्ती बढ़ गई है। 2021 में सरकार ने नशे के मामलों में मौत की सजा पर रोक लगाने का ऐलान किया था, लेकिन तीन साल के अंदर ही यह रोक बिना किसी वजह हटा दी गई।

मानवाधिकार कार्यकर्ता जीद बसयौनी का मानना है कि अगर सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान चाहें तो इस नीति में तुरंत बदलाव आ सकता है। वह आम माफी दे सकते हैं या कानून में सुधार कर सकते हैं। लेकिन अभी तक ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया। बसयौनी ने कहा कि सऊदी अरब में दिखावटी सुधारों के पीछे असल में एक सख्त और डर का माहौल बना हुआ है, जिसे बदलना जरूरी है।

## शेख हसीना पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

### अदालत में पेश नहीं हुए, तो भी चलेगा मुकदमा, लगाए गए हैं मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ गंभीर आरोप लगे हैं। इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल यानी अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण 10 जुलाई को यह तय करेगा कि हसीना और उनके दो बड़े सहयोगियों के खिलाफ औपचारिक आरोप तय किए जाएं या नहीं।

उन पर मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप हैं। शेख हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल और पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पर पांच बड़े आरोप लगाए गए हैं। इनमें हत्या, हत्या की कोशिश, लोगों पर अत्याचार और खतरनाक हथियारों के इस्तेमाल के मामले शामिल हैं। यह सभी आरोप पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान हुई घटनाओं से जुड़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1



**यह सभी आरोप पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान हुई घटनाओं से जुड़े हैं**

ने साफ कर दिया है कि 10 जुलाई को तीनों आरोपियों पर आरोप तय करने पर फैसला सुनाया जाएगा। उस दिन बचाव पक्ष के वकील यह साबित करने की कोशिश करेंगे कि हसीना और उनके सहयोगियों पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं। अगर कोर्ट को आरोप सही लगे तो आरोप तय कर दिए जाएंगे और मुकदमा औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगा। बीते बुधवार को शेख हसीना को अदालत की अवमानना मामले में छह महीने की जेल की सजा भी सुनाई गई है। यह सजा उनकी गैर-मौजूदगी में दी गई। हसीना पिछले साल अगस्त में प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद से देश से बाहर हैं। यह उनके खिलाफ पहली बड़ी सजा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच बांग्लादेश में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में करीब 1400 लोगों की जान चली गई थी। यह हिंसा सरकार विरोधी आंदोलन को दबाने के दौरान हुई थी। इसी हिंसा के बाद हसीना सरकार सत्ता से बाहर हुई और उन्हें देश छोड़कर भारत भागना पड़ा। हसीना पर सिर्फ मानवता के खिलाफ अपराध ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के भी कई आरोप लगे हैं। ढाका की अदालत ने हसीना, उनके परिवार के सदस्यों और कई पूर्व अधिकारियों को 20 जुलाई को पेश होने का नोटिस दिया है।

## नेपाल में सड़क दुर्घटनाओं में 215 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में इस वर्ष मई से जून के बीच विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में 15 बच्चों और 200 लोगों की मौत हो गई। नेपाल पुलिस ने आज जारी एक रिपोर्ट में बताया कि 15 मई से 14 जून के बीच 2,911 दुर्घटनाओं में 200 लोगों और 15 बच्चों की मौत हो गई। इनमें 4240 लोग घायल हुए, जिनमें से 580 की हालत गंभीर है। रिपोर्ट में बताया गया कि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं दुपहिया वाहनों से हुई और दूसरे स्थान पर कार दुर्घटनाएं रहीं। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार ये हादसे ओवरस्पीड, नशे में गाड़ी चलाने और सड़क पार करने के दौरान हुए।

## अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से अब तक 80 मौतें

**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को ग्वाडालूप नदी में अचानक आई बाढ़ से 3 दिन में 80 लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लापता हैं। नदी के पास लड़कियों का एक समर कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आ गया।

हालांकि कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचा लिया गया। टेक्सास के कई इलाकों में अभी भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। मौसम विभाग ने बाढ़ की चेतावनी जारी करते हुए ग्वाडालूप नदी के किनारे रहने वाले लोगों से ऊंची जगह जाने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को

**41 लोग लापता, कई इलाकों में फिर से बाढ़ की चेतावनी, राष्ट्रपति ट्रम्प टेक्सास जा सकते हैं**

टेक्सास के सैन एंटोनियो से लगभग 15 इंच (38 सेमी) तक बारिश हुई। महज 45 मिनट में नदी का लेवल 26 फीट (8 मीटर) बढ़ गया, जिससे घर और गाड़ियां बह गईं। हेलिकाप्टर और ड्रोन्स से अभी लोगों की तलाश जारी है। पीएम मोदी ने भी शनिवार को बाढ़ में मारे गए बच्चों की मौत पर दुख जताया और पीड़ित परिवारों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की।





